
मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक : 196 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 12 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## अहमदाबाद में अभूतपूर्व स्वागत, सड़कों पर उमड़ी लाखों की भीड़: पीएम मोदी

अहमदाबाद, एजेंसी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोगों ने अभूतपूर्व स्वागत किया है अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा मुख्यालय तक आयोजित रोड शो में लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में शानदार जीत के बाद पीएम मोदी के अहमदाबाद पहुंचने से भाजपा कार्यकताओं में जबर्दस्त उत्साह है अहमदाबाद एयरपोर्ट से कमलम तक सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का पीएम मोदी ने अभिवादन कियो पीएम मोदी सुबह 10.45 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे जहां गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर



पाटील समेत आला अधिकारियों ने पीएम मोदी का स्वागत कियो अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के फूलों से सजी खुली जीप में सवार होते ही रोड शो शुरू हुओ खुली जीप में पीएम मोदी के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और प्रदेश भाजपा सीआर पाटील भी मौजूद रहे एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय कमलम तक सड़क की दोनों ओर लाखों की संख्या में लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत कियो पीएम मोदी ने भी किसी को निराश नहीं किया और हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया गयो करीब डेढ़ घंटे के रोड शो के बाद पीएम मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंचे जहां भाजपा के सांसद और विधायकों के साथ बैठक करेंगे और दोपहर का भोजन भी पार्टी मुख्यालय में ही करेंगे

## सपा ने दिखा दिया घटाई जा सकती हैं भाजपा की सीटें: अखिलेश यादव



लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद समाजवादी पार्टी (सपा) की सीटें बढ़ने और मत प्रतिशत में इजाफा होने पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि हमने दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सीटों को घटाया जा सकता है। अकिलेश यादव ने शुक्रवार सुबह ट्वीट किया उत्तर प्रदेश की जनता को हमारी सीटें ढाई गुनी करने और मत प्रतिशत डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने दावा किया कि हमने दिखा दिया भाजपा की सीटों को घटाया जा सकता है।

उन्होंने दावा किया भाजपा की सीटों में यह कमी निरंतर जारी रहेगी। आधा से अधिक भ्रम और छलावा दूर हो गया है, बाकी कुछ दिनों में दूर हो जाएगा। जनहित का संघर्ष जीतेगा। यादव ने एक और ट्वीट में सपा गठबंधन के जीते हुए विधायको को बधाई देते हुए कहा सपा-गठबंधन के जीते हुए सभी विधायकों को हार्दिक बधाई। सभी नए विधायक जनता की सेवा व सहायता करने की जिम्मेदारी शत-प्रतिशत निभाएं।

उस हर एक छात्र, बेरोजगार युवा, शिक्षक, शिक्षामित्र, महिला, पुरानी पेंशन के समर्थक, किसान, मजदूर और प्रोफेशनल को धन्यवाद जिसने हममें विश्वास जताया। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव, 2022 में समाजवादी पार्टी ने 111 सीटों, सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने आठ सीटों, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने छह सीटों पर जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी ने 255 सीटों पर जीत हासिल कर राज्य में सत्ता में शानदार वापसी की है। राज्य में 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 47 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी नतीजों पर ममता बनर्जी का बोली- भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस जरूरी नहीं

कोलकाता, एजेंसी। देश में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम फहराकर साल-2024 की सियासी जमीन तैयार कर दी है। जहां आप पंजाब की कामयाबी पर इतरा रही है तो वहीं कांग्रेस और विपक्ष के खेमे में सन्नाटा है। इसी बीच कई विपक्षी नेताओं की चुनावों पर प्रतिक्रिया आई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे लोकप्रियता की नहीं मशीनरी की जीत कहिए। ममता बनर्जी ने कहा कि चार राज्यों में भाजपा की यह जीत लोकप्रिय जनादेश नहीं बल्कि मशीनरी जनादेश की है। साथ ही ममता ने कहा कि भाजपा को हराना है तो सभी दलों को एक साथ आना होगा। ममता ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए कांग्रेस की जरूरत नहीं है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 के लिए सभी दलों को अभी से एक साथ आना होगा और रणनीति बनानी होगी।

### मोदी जी हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि एमसीडी चुनाव मत टालिए

नई दिल्ली, एजेंसी। केजरीवाल का आरोप है कि इसके बाद चुनाव आयोग ने एमसीडी के चुनाव टालने का एलान कर दिया। शायद देश के 75 सालों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि केंद्र सरकार ने सीधे किसी राज्य के चुनाव आयोग को चुनाव टालने के लिए कहा होगा। दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा नगर निगम के चुनाव टालने और इसके पीछे दी गई दलीलों को लेकर मुख्यममंत्री अरविंद केजरीवाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के आगे झुकने का भी आरोप लगा दिया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र पर जानबूझकर संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप भी लगाया है। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता की शुरूआत करते हुए कहा, दिल्ली में नगर निगम के चुनाव होने थे जिसे लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने 9 मार्च को सुबह एक प्रेस इनवाइट जारी किया था शाम 5.00 बजे तक आयोग चुनाव की तारीखों का एलान करेगा। उसी शाम एक घंटे पहले शाम चार बजे केंद्र ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी कि हम दिल्ली के तीनों निगमों को एक करना चाहते हैं, इसलिए आज चुनाव टाल दें। केजरीवाल का आरोप है कि इसके बाद चुनाव आयोग ने एमसीडी के चुनाव टालने का एलान कर दिया। शायद देश के 75 सालों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि केंद्र सरकार ने सीधे किसी राज्य के चुनाव आयोग को चुनाव टालने के लिए कहा होगा। केजरीवाल ने पूछा कि, भाजपा शासित सरकार बीते लगभग आठ साल से केंद्र में है और अगर उन्हें तीनों निगमों को एक ही करना था तो पहले क्यों नहीं किया।

## महिलाएं पितृसत्तात्मक मानसिकता के अधीन, उन पर असमान दायित्व का बोझ : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि महिलाएं पितृसत्तात्मक मानसिकता के अधीन हैं, जो उन्हें प्राथमिक देखभाल करने वाली और गृहिणी के रूप में मानती है और इस तरह उन पर पारिवारिक जिम्मेदारियों का एक असमान दायित्व आ पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं के कार्यस्थल पर पहुंचने के बाद उनके साथ भेदभाव के तरीकों को पहचानने में राज्य द्वारा वास्तविक समानता प्राप्त करने का सही उद्देश्य पूरा किया जाना चाहिए। कोर्ट ने उल्लेख किया कि पति-पत्नी की पोस्टिंग के लिए जो प्रावधान किया गया है, वह मूल रूप से महिलाओं के लिए विशेष प्रविधानों को अपनाने की आवश्यकता पर आधारित है, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 15 (3) द्वारा मान्यता प्राप्त है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने कहा, 'जिस तरह से राज्य द्वारा एक विशेष प्रविधान अपनाया जाना चाहिए वह एक नीति विकल्प है, जिसका इस्तेमाल संवैधानिक मूल्यों और प्रशासन की जरूरतों को संतुलित करके किया जाना चाहिए।' पीठ ने कहा, 'लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि राज्य को संवैधानिक मानदंडों के अधीन एक आदर्श नियोक्ता के साथ-साथ एक संस्था के रूप में अपनी भूमिका में वास्तविक समानता के मौलिक अधिकार को ध्यान में रखना चाहिए, जब वह अपने कर्मचारी के लिए नीति तैयार करता है।' पीठ ने केरल हाई कोर्ट के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अंतर-आयुक्तालय स्थानान्तरण (आईसीटी) को वापस लेने वाले एक परिपत्र की वैधता को बरकरार रखा गया था। यह कहा गया कि केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क आयुक्तालय निरीक्षक (केंद्रीय उत्पाद, निवारक अधिकारी और परीक्षक) समूह 'ख' पदों की भर्ती नियम 2016 में ऐसा कोई प्रविधान नहीं है। पीठ ने कहा, 'महिलाएं पितृसत्तात्मक मानसिकता के अधीन हैं जो उन्हें देखभाल करने वाली और गृहिणी के रूप में मानती है और इस प्रकार, वे पारिवारिक जिम्मेदारियों के असमान बोझ से दब जाती हैं।' पीठ ने कहा कि इस कोर्ट ने कार्यस्थल पर लिंगभेद के कारण व्यवस्थागत भेदभाव के बारे में बात की है, जो पितृसत्तात्मक ढांचे में समाहित है। पीठ ने कहा, ह्यकार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा समय-समय पर जारी किए गए कार्यालय ज्ञापनों (ओएम) ने माना है कि राज्य के कार्यस्थल में महिलाओं को समानता और समान अवसर प्रदान करने के मद्देनजर सरकार के लिए नीतियों को अपनाना आवश्यक हो जाता है, जो कार्यस्थल में महिलाओं के लिए औपचारिक समानता से अलग अवसर की वास्तविक समानता पैदा करता है।'

पीठ ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव के तरीकों (पैटर्न) को पहचानने में राज्य द्वारा वास्तविक समानता प्राप्त करने का सही उद्देश्य पूरा किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनौती का जो दूसरा आधार उठाया गया है वह यह है कि लागू परिपत्र राज्य के कार्यबल में दिव्यांग लोगों की जरूरतों को ध्यान में नहीं रखता। पीठ ने कहा, 'दिव्यांग लोगों के अधिकार कानून, 2016 समाज के दिव्यांग सदस्यों के लिए उचित व्यवस्था के सिद्धांत को मान्यता देने के लिए एक वैधानिक आदेश है।' पीठ ने कहा, इसलिए नीति के निर्माण में उस आदेश को ध्यान में रखना चाहिए, जो संसद दिव्यांगों के सम्मान के साथ जीने के अधिकार के आंतरिक तत्व के रूप में लागू करता है।

## चुनावों में फिर नॉन परफॉर्मिंग एसेट साबित हुआ गांधी परिवार



नई दिल्ली, एजेंसी। चार राज्यों में कांग्रेस की हार ने गांधी-वाड्रा नेतृत्व और पार्टी को ह्यनॉन परफॉर्मिंग एसेटह्व बना दिया है। चुनाव से पहले इन राज्यों में कांग्रेस के लिए उज्ज्वल संभावनाएं दिख रही थीं, लेकिन पार्टी आलाकमान इसे अपने पक्ष में नहीं भुना पाया। प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में जिस तरह से सक्रिय नजर आईं, उसकी अपेक्षा पार्टी को सफलता नहीं मिली। यूपी में कांग्रेस का प्रदर्शन और भी ज्यादा खराब हो गया। नतीजे पर कांग्रेस के आंतरिक समीकरणों और सक्रिय विपक्षी राजनीति में इसकी संभावनाओं को भी प्रभावित करेंगे। हार ने कांग्रेस में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सिर्फ ह्यपारिवारिक विरासत का अधिकारह्व पर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस खेमा यह भी स्वीकार करेगा कि चार राज्यों में भाजपा के प्रदर्शन से 2024 की उसकी संभावनाएं धूमित हुई हैं। वहीं, आप की पंजाब की जीत उसे हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगी। आप इन राज्यों में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के एकाधिकार को चुनौती देगी। भले ही तृणमूल कांग्रेस गोवा में जीतने में विफल रही, लेकिन ममता बनर्जी के भी कांग्रेस के मैदानों और नेताओं पर छापेमारी जारी रखने की संभावना है।&ल्लु२स्र;नतीजों के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार, टीआरएस के केशव राव और विजयी आप नेताओं ने विपक्षी दलों को भाजपा विरोधी एकता और प्रयासों को जुटाने में सक्रिय होने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो कांग्रेस की घटती भूमिका का संकेत है। पार्टी की अंदरूनी कलह भी हार की सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि कांग्रेस की ताजा हार तब हुई, जब कुछ महीने बाद पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होने वाला है। इसी बीच, पांच राज्यों के नतीजों के देखते हुए पार्टी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने फैसला लिया है कि केंद्रीय कार्य समिति की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें हार की समीक्षा की जाएगी।

## भगवंत मान ने दिल्ली में केजरीवाल से मुलाकात की, शपथ ग्रहण समारोह के लिए किया आमंत्रित



नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की शानदार जीत के एक दिन बाद, उसके मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। मान शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंचे। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मान की केजरीवाल से यह पहली मुलाकात है।

बैठक के दौरान आप नेता राघव चड्ढा भी मौजूद थे। आप ने राज्य की 117 विधानसभा सीट में से 92 पर जीत दर्ज की है। मान ने धूरी सीट से 58,206 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की। राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले संगरूर में पत्रकारों से बात करते हुए मान ने कहा था कि वह पंजाब चुनाव में पार्टी की जीत पर बधाई देने के लिए केजरीवाल से मिलेंगे। मान ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नवांशहर जिले में स्थित पैतृक गांव खटकर कलां में होगा। पार्टी की शानदार चुनावी जीत पर मान ने कहा लोगों ने अहंकारी लोगों को हराया और उन्होंने आम लोगों को विजयी बनाया।

## बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान इन्हें पद्मविभूषण और भारत रत्न देना पड़ेगा: संजय राउत



नई दिल्ली, एजेंसी। शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान बताया है। राउत ने कहा, 'बीजेपी को बड़ी जीत मिली है, यूपी उनका राज्य था फिर भी अखिलेश यादव की सीटें बढ़ गई है। बीजेपी की जीत में मायावती और ओवैसी का योगदान है इन सबको पद्मविभूषण और भारत रत्न देना पड़ेगा। हम लोग खुश हैं, हार-जीत होती रहती है। आपकी खुशी में हम भी शामिल हैं।' संजय राउत ने पंजाब में भाजपा की हार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, 'आप हमें बार-बार बोलते हो कि शिवसेना को यूपी में कितनी सीटें मिलीं? यूपी में कांग्रेस और शिवसेना की जो हार हुई है उससे बुरा हाल आपका पंजाब में हुआ है। इस बारे में आप थोड़ा देश को मार्गदर्शन दीजिए। चिंता का विषय ये हैं कि पंजाब में बीजेपी जो एक राष्ट्रीय पार्टी है उसे पंजाब की जनता ने पूरी तरह से नकारा है। पीएम मोदी, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने वहां जमकर प्रचार किया फिर भी बीजेपी क्यों हार गई? संजय राउत ने कहा, 'बीजेपी 4 राज्यों में जीती है। हमें परेशान होने की कोई बात नहीं है, हम आपकी खुशी का हिस्सा हैं। भाजपा नेता ये बताएं कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री चुनाव क्यों हार गए? गोवा में तो 2 उपमुख्यमंत्री हारे गए। सबसे अधिक चिंता का विषय पंजाब है, जहां भाजपा जैसी राष्ट्रवादी पार्टी को पूरी तरह खारिज कर दिया गया है। संजय राउत ने भले ही भाजपा पर यह चुनावी हमला किया हो, लेकिन राजनीतिक जानकार उनके आरोप को पूरी तरह सही नहीं मानते हैं। इसकी वजह ये है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कमजोर होने का फायदा केवल बीजेपी को ही नहीं मिला है। लंबे समय तक बसपा का वोटबैंक रहा दलित समाज कई विधानसभा सीटों पर सपा उम्मीदवारों को समर्थन करता नजर आया है। ऐसे दलित मतदाता जिनकी रोजी-रोटी पर कोरोना-लॉकडाउन का गहरा असर पड़ा, उनमें भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी देखी गई। इन मतदाताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश को सीएम योगी आदित्यनाथ के विकल्प के तौर पर देखा।

## यूपी विस चुनाव- बसपा को मेहनत का फल नहीं मिला, हिम्मत ना हारे कार्यकर्ता: मायावती

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा ने जबरदस्त तरीके से बहुमत हासिल किया है। वही सबसे हालत खराब हुई है बहुजन समाज पार्टी की। बहुजन समाज पार्टी को सिर्फ उत्तर प्रदेश में 1 सीट मिली है। इसी को लेकर मायावती ने बड़ा बयान दिया है। मायावती ने कहा कि बसपा को मेहनत के अनुरूप फल नहीं मिला है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से हिम्मत नहीं हारने की अपील की और कहा कि बीजेपी ने भी अपने खराब दिन देखे हैं। उन्होंने कहा कि बीएसपी सिद्धांत के हिसाब से चुनाव लड़ती है। मौजूदा हालात में गंदी राजनीति से बचने की जरूरत है।



बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि कल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा की उम्मीद के विपरीत जो नतीजे आए हैं, उससे घबराकर व निराश होकर पार्टी के लोगों को टूटना नहीं है। उसके सही कारणों को समझकर और सबक सीखकर हमें अपनी पार्टी को आगे बढ़ाना है और आगे चलकर सत्ता में जरूर आना है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बीजेपी की उत्तर प्रदेश में अच्छी हिस्सेदारी नहीं थी। उसी तरह आज कांग्रेस भी उसी दौर से गुजर रही है जिस दौर से भाजपा गुजरी थी। यूपी चुनाव परिणाम हमारे लिए प्रयास जारी रखने का एक सबक है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज बसपा के साथ तो लगा रहा परन्तु इनका पूरा वोट समाजवादी पार्टी की तरफ सिफ्ट कर गया, इससे बसपा को भारी नुकसान हुआ... मुस्लिम समाज ने बार-बार आजमाई पार्टी बसपा से ज्यादा सपा पर भरोसा करने की बड़ी भारी भूल की है।

मालूम हो कि निर्वाचन आयोग ने गुरुवार रात करीब दो बजे उत्तर प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाने के लिए सहयोगियों समेत 273 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर विधानसभा सीट पर करीब एक लाख से अधिक मतों से चुनाव जीत गए हैं। हालांकि, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी जिले की सिराथू सीट पर सात हजार से अधिक मतों से चुनाव हार गए। वहीं, राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने 111 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। सपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने आठ और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने छह सीटों पर जीत दर्ज की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मैनपुरी जिले की करहल सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को 67 हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया है।

### भाजपा की जीत पर ने तोड़ी चुप्पी

## लोकतंत्र के महापर्व में जनता का फैसला सर्वोपरि: टिकैत

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी शानदार जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी ने नया इतिहास रच दिया है। भाजपा इसे सुशासन और इमानदार सरकार की जीत बता रही है। इन परिणामों को जनादेश मानकर राजनीतिक दल भी अपनी अपनी राय व्यक्त करने में जुट गए हैं। वहीं यूपी के इन चुनाव नतीजों पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की भी प्रतिक्रिया आई है।

राकेश टिकैत ने ट्वीट कर कहा, लोकतंत्र के महापर्व में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। किसान आंदोलन ने अपना असर दिखा दिया। हम आशा करते हैं कि जो भी सरकारें बनीं हैं, वे सभी अपने-अपने राज्यों में किसानों मजदूरों के उत्थान के लिए कार्य करेंगी। सभी को जीत की बधाई।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से भाजपा को 255 सीटें मिली हैं। वहीं उसकी सबसे बड़ी प्रतिद्वंदी बनकर उभरी समाजवादी पार्टी को 111 सीटों से ही संतोष करना पड़ा है।

बहुजन समाज पार्टी के हाथ बस 1 सीट लगी और कांग्रेस 2 सीटों पर विजई हुई। गौरतलब है कि किसान नेता राकेश टिकैत ने पहले चरण के मतदान के बाद कहा था कि मुजफ्फरनगर में 2013 से अब स्थिति बदल गई है और यहां शांति स्थापित हो चुकी है, इसलिए इस बार यहां चुनाव परिणाम कुछ अलग होंगे। मुजफ्फरनगर जिले में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के बाद उन्होंने 2013 में मुजफ्फरनगर जिले में भड़के सांप्रदायिक दंगों का उल्लेख करते हुए कहा था कि 2013 का परिणाम ट्रायल था।

मुजफ्फरनगर जिले में अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा था कि पिछली स्थिति बदल चुकी है और शांति ने इसकी जगह ले ली है और इस बार परिणाम पहले जैसा नहीं होगा।

# उदिशा एन जी ओ ने जागरूकता अभियान का बनाया रिकॉर्ड





कोरोना की पहली दो लहरों की तुलना में तीसरी लहर कम भयावह रही। इसका एक कारण तो यह रहा की नया वेरीयंट कम घातक था और दूसरे सरकारी संस्थाओं व स्वैच्छिक संगठनों ने आम नागरिकों को सामाजिक दूरी, मास्क का उपयोग करने व वैक्सीन लगवाने के बारे में लगातार जागरूक किया। स्वैच्छिक संगठन ह्यउदिशाह्ल, जो संयुक्त राष्ट्र संघ के आर्थिक सामाजिक परिषद से संबद्ध है, ने भी अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए कोविड-19 की तीनों लहरों के दौरान 10 जागरूकता अभियान चलाए व कोविड रिलीफ किट का वितरण किया। इन अभियानों के माध्यम से ह्यउदिशाह्ल ने समाज के विभिन्न वर्गों के लगभग 10000 लोगों को जागरूक किया गया। कोरोना की तीसरी लहर के जाते-जाते, गत दिनों ह्यउदिशाह्ल द्वारा दीन बंधु झुग्गी-झोंपड़ी कैम्प, वसंत कुंज में जागरूकता अभियान व कोविड-19 रिलीफ किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 किट बाँटे गए, जिनमें मास्क, सेनिटाईजर व स्नैक्स रखे गए थे। उदिशा एन जी ओ के संस्थापक राकेश गौड़ ने बताया कि इस अभियान में एक अनूठा प्रयोग किया गया और बच्चों के माध्यम से उनके अभिवावकों तक यह संदेश पहुँचाया गया कि खतरा अभी टला नहीं है अतः पूरी सावधानी बरतें, सामाजिक दूरी का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगा कर रहें। बच्चों को कहा गया कि किट से निकाल कर बिस्किट और फ्रूटी तो खा लें और अपने अभिवावकों को मास्क व सेनिटाईजर देकर उनका उपयोग करने को कहें। रिलीफ किट का वितरण ह्यउदिशाह्ल के अध्यक्ष श्री राकेश गौड़ व दीन बंधु कैम्प क्षेत्र की ही एक निवासी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अभियान में ह्यउदिशाह्ल की सहयोगी संस्था ह्यभागीदारी जन सहयोग समितिह्ल, पत्रिका- ह्यअभिनव इमरोजह्ल, यू ट्यूब चैनल ह्य द फोर्थ कॉलमह्ल एवं छाबड़ा एंटरप्राइज ने भी अपना योगदान देकर उदिशा एन जी ओ के रचनात्मक प्रयासों के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया

# प्रसन्नता पाठ्यक्रम साबित हुआ लाभकारी : डॉ.अनामिका रोहिल्ला



असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनामिका रोहिल्ला मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान केशव पुरम दिल्ली ने प्रसन्नता पाठ्यक्रम की उपयोगिता, अनुकूलता एवं प्रासंगिकता पर अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के अनुभवों का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध में पाया कि - दोनों ही पक्षों के विचार में कोई विशेष अंतर नहीं है जहां एक और अध्यापक यह मानते हैं कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी को सफलता के शीर्ष पर ले जाने वाला पहला कदम है, वही विद्यार्थी भी मानते हैं कि अब उन्हें विद्यालय आना अच्छा लगता है, वह पहले से अधिक सक्रिय एवं सकारात्मक महसूस करते हैं, प्रसन्नता पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की लाभकारी इसलिए साबित हुआ क्योंकि इस पाठ्यक्रम में बच्चों को किताबी दुनिया से दूर रहकर शिक्षा दी जाती है, एक बच्चे के मानसिक विकास के लिए किताबी बातें ही सब कुछ नहीं हो सकती इस बात को ध्यान में रखकर ही प्रसन्नता पाठ्यक्रम में मौलिक कहानी सुनाने की प्रक्रिया को शामिल किया गया है जिसके अंतर्गत बच्चों को जीवन से जुड़ी मौलिक कहानियां सुनाई जाने लगी यह कहानियां प्रेरणा से भरी हुई है और चुकी विद्यार्थी इन के पात्रों में स्वयं को देखते हैं जिससे इन कहानियों में दी गई शिक्षा का निष्पादन करना सरल हो जाता है और वह भविष्य में इन कहानियों से प्रेरित होकर अपने जीवन में आने वाली बहुत सी समस्याओं का समाधान स्वयं निकाल सकते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि शिक्षा रोजमर्रा की प्रक्रिया है जो हमें वास्तविक जीवन के खट्टे मीठे अनुभवों के लिए तैयार करती है चारों और की दुनिया के साथ लगाव व्यक्ति के भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है यह उसके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को उजागर करता है डॉ0अनामिका रोहिल्ला को हॉल में पी.एच.डी( शिक्षा) की डिग्री डॉ एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर मध्य प्रदेश सम्मानित की गई उनकी यह रिसर्च शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक सोच के साथ एक पृथक पहचान बनाएगी उल्लेखनीय है कि डॉ० रोहिल्ला के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं सम्पादित पुस्तकों में शोध-आलेख व कविताएं प्रकाशित, हुई है ,अनेक पुस्तकों का सम्पादन, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता, विभिन्न हिंदी भाषा प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत, दिल्ली सरकार एवं अन्य संस्थानों से पुरस्कार और सम्मान प्राप्त, पी.आर.टी, टी.जी.टी, पी.जी.टी. संगोष्ठी की संयोजिका, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका एम. एच.आर.डी / एन.सी.ई.आर.टी / एस.सी.ई.आर.टी दिल्ली में शिक्षक संवर्धन कार्यक्रम निष्ठा में राष्ट्रीय स्तर पर संसाधन व्यक्ति रही है

## संक्षिप्त समाचार

### डी एल एस ए ( पूर्व ) ने किया ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पूर्व) के निदेर्शानुसार, भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (पूर्व) ने पूर्वी जिला के पुलिस उपायुक्त कार्यालय , लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल एवं सखी-वन स्टॉप सेंटर के साथ मिलकर ह्यमहिला दिवस सप्ताहह्ल के अंतर्गत 11.03.2022 को पुलिस जाँच अधिकारियों, डॉक्टरों एवं विधिक सेवा अधिवक्ताओं के लिए एक ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय था ह्लअपराध पीड़ित महिलाओं से कैसा व्यवहार करेंह्ल। सभी तंत्रों के अधिकारियों को इस विषय पर संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (पूर्व) की सचिव न्यायाधीश सायमा जमील ने इस विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। न्यायाधीश सामया ने बताया कि अपने साथ हुए किसी भी अपराध का महिलाओं पर मानसिक और शारीरिक प्रभाव पड़ता है और ऐसी परिस्थिति में उन्हें किस तरह से संभाला जाए यह एक बहुत संवेदनशील विषय है। उन्होंने संबंधित कानूनी प्रावधानों और न्यायालयों के निर्णयों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### चार राज्यों में भाजपा की शानदार जीत में दलित समाज का अमूल्य योगदान : भूपेंद्र गोठवाल



स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष भूपेंद्र गोठवाल ने चार राज्यों में पार्टी की शानदार जीत पर मतदाताओं का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि यह राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने विशेष तौर पर दलित समाज का साधुवाद किया जिन्होंने 4 राज्यों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया। श्री गोठवाल ने कहा कि देश की जनता भाजपा के साथ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं योगी के साथ है जो यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा की नीतियां एवं राष्ट्रवादी गतिविधियां जनता को सर्वमान्य है। उन्होंने कहा कि अब देश परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है, इसे जनता ने इन चारों राज्यों में अपने जनादेश के माध्यम से साबित कर दिया है। श्री गोठवाल ने कहा की ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों एवं नीतियों का कायल सिर्फ देश ही नहीं आज विश्व भी है। भारत ने अपनी नई पहचान बनाई है और इस नई पहचान को नई दिशा दे रहे हैं हमारे दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उन्होंने कहा कि अब इन पांच राज्यों के चुनाव के बाद दिल्ली की बारी है जहां नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। दिल्ली की जनता समझदार है तथा उसे राष्ट्रवादी ताकत विकासशील पार्टी का ज्ञान है। ऐसी स्थिति में दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को किसी भी रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

# कानूनी कार्यवाही से छिप कर भागे 6 घोषित भगोड़े आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

» **विजय गौड़ विशेष संवाददाता**

पुलिस ओप्रशन एक में सतविंदर सिंह, एसएचओ / मंदिर मार्ग की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया जिसमें एसआई जय सिंह, एएसआई इंदर सिंह, एचसी सरवनदीप और एचसी रविंदर को शामिल किया गया टीम का पूरा पर्यवेक्षण। विनय माथुर, एसीपी/ कनॉट प्लेस, नई दिल्ली को सौपा गया। टीम ने कड़ी मशक्कत की और गोपनीय जानकारियां जुटाईं। 09.03.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने आरोपी सरवन पुत्र वीर सिंह को उसके वर्तमान आवास बुडेला गांव, विकासपुरी, दिल्ली से गिरफ्तार किया। उसी दिन, अखिलेश उर्फ दुर्गेश को उनके वर्तमान आवास गांवः गाजीपुर, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। तीसरा, आरोपी शंकर प्रसाद पुत्र कैलू प्रसाद को भी रेलवे स्टेशन, हनुमान मंदिर, ग्राम बिजवासन, नई दिल्ली के पास उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। अंत में आरोपी अजब कुमार पुत्र रामजी को एचपीआर ट्रांसपोर्ट, झज्जर रोड, बहादुरगढ़, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। राम सिंह की शिकायत पर पीएस महरौली में एफ आई आर संख्या 193/1996, धारा 279/337 आईपीसी के तहत दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया था। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान, आरोपी सरवन पुत्र वीर सिंह अदालत में उपस्थित नहीं हुए और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बच कर छिप रहा था। इसके बाद, उन्हें 18.01.2002 कोएसएस राठी, एमएम, पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था इसी तरह का मामला तत्कालीन ट्रैफिक इंस्पेक्टर की शिकायत पर पीएस न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पीएस न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में छोड़े गए वाहन के संबंध में एफआईआर संख्या 128/2002, धारा 283/290 आईपीसी 3/181, 5/180, 39/192 एमवी अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था। घटना स्थल पर छोड़ दिया। इस मामले में भी आरोपी अखिलेश उर्फ दुर्गेश पुत्र इंद्रजीत सिंह अदालत में उपस्थित नहीं हुए और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बच कर छिप रहा था। इसके बाद, उन्हें 03.05.२०१० नवीन अरोड़ा, एसीएमएम/एसई कोर्ट द्वारा अपराधी घोषित किया गया था। एक अन्य शिकायत पर अनुराधा ने अपने बेटे के अपहरण के संबंध में पीएस पालम गांव में एफआईआर संख्या 382/2015, धारा 363/201/377 आईपीसी और 4 पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान, आरोपी शंकर प्रसाद पुत्र कैलू प्रसाद अदालत में उपस्थित नहीं हुए और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से भाग कर छिप रहा था। इसके बाद, उन्हें 24.03.2021 को विक्रांत वैद, एडिशनल सेशन जज (ऋळरउ) ढडउरड/रह, द्वारका कोर्ट, द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया। क्रिमिनल बीच ऑफ ट्रस्ट के संबंध में आर.एस. चांगड़ा की शिकायत पर पीएस दिल्ली कैंट में आईपीसी के तहत एफआईआर संख्या 93/2009, धारा 407/34 आईपीसी दर्ज की गई थी। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी अजब कुमार को दिनांक 22.07.2010 को पीओ घोषित किया गया था। दूसरी ओप्रशन टीम का पूरा पर्यवेक्षण दायित्व विनय माथुर एसीपीकनॉट प्लेस, को सौपते हुए उपेंद्र सिंह, एसएचओ / कनॉट प्लेस के देखरेख में घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए एचसी रविंदर कुमार, मोहित यादव कांस्टेबल एवं कांस्टेबल और नौरंग को शामिल करते हुए एक टीम का का गठन किया गया था।। टीम ने कड़ी मशक्कत की और गोपनीय जानकारियां जुटाईं। 09.03.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने आरोपी जतिन उर्फ जीतू पुत्र सुरेंद्र खुराना को मटियाला, उत्तम नगर, दिल्ली से गिरफ्तार किया. उसी दिन आरोपी गजेंद्र शाह पुत्र रामनाथ शाह को कैलाश पुरी, पालम, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया आरोपी जितिन के खिलाफ 11 मामले विभिन्न पुलिस स्टेशन में दर्ज थे और गजेंद्र शाह के खिलाफ 9 मामले दर्ज थे नई दिल्ली जिला के इन जांबाज पुलिसकर्मी एवं अधिकारियों के प्रयास निस्संदेह प्रशंसनीय है







# राज्यसभा में विपक्ष की नेता का दर्जा भी खो देगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव मिली करारी हार के बाद कांग्रेस की स्थिति और दयनीय होने वाली है। विधानसभा चुनावों में फिसड्डी साबित होने वाली कांग्रेस को अब राज्यसभा में भी तगड़ा झटका लगने वाला है। कांग्रेस के हाथ से राज्यसभा में विपक्ष की नेता का दर्जा भी जा सकता है। इस साल राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक चुनाव होने के बाद, कांग्रेस के सदस्यों की संख्या में ऐतिहासिक गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसे में विपक्ष के नेता की स्थिति को बनाए रखने के लिए वह जरूरी संख्या के काफी नजदीक आ जाएगी। अगर पार्टी इस साल के अंत में गुजरात चुनावों और अगले साल कर्नाटक विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ रही तो यह राज्यसभा के बाद के द्विवार्षिक चुनावों में विपक्ष की नेता का दर्जा खो देगी। वर्तमान में कांग्रेस के पास राज्यसभा में 34 सदस्य हैं और इस साल कम से कम सात सीटें हारने के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना है। मानदंडों के अनुसार एक पार्टी के पास सदन की कुल सदस्यता का कम से कम 10 प्रतिशत संख्या बल होना चाहिए तभी जाकर उसे विपक्ष की नेता का दर्ज दिया जाता है। राज्यसभा के अधिकारियों ने कहा कि विपक्ष के नेता का दर्जा बनाए रखने के लिए सदन में अपने नेता के लिए एक पार्टी के पास कम से कम 25 सदस्य होने चाहिए। फिलहाल मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नेता होने के साथ ही सदन में विपक्ष के नेता हैं। कांग्रेस के पास लोकसभा में विपक्ष के नेता का दर्जा नहीं है क्योंकि सदन में उसकी वर्तमान संख्या सदन कुल सदस्यों के 10 प्रतिशत के आंकड़ों से कम है। चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्यसभा में 13 खाली पदों को भरने के लिए चुनाव की घोषणा की थी। इनमें पांच सीट पंजाब से और आठ सीट हिमाचल प्रदेश, असम, केरल, नागालौंड और त्रिपुरा के लिए हैं। पंजाब से अगले महीने रिटायर होने वाले सदस्यों में कांग्रेस के दो सदस्य शामिल हैं। चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्यसभा में 13 खाली पदों को भरने के लिए चुनाव की घोषणा की थी। इनमें पांच सीट पंजाब से और आठ सीट हिमाचल प्रदेश, असम, केरल, नागालौंड और त्रिपुरा के लिए हैं। पंजाब से अगले महीने रिटायर होने वाले सदस्यों में कांग्रेस के दो सदस्य शामिल हैं। पंजाब विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली आम आदमी के राज्यसभा सीटों में बढ़ोतरी होगी।

# चुनाव आयोग के ऊपर सवाल खड़ा करना केजरीवाल की आराजक एवं भ्रामक बातों का प्रमाण है: आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल हमेशा ही आराजक भाषा एवं भ्रामक बातें करते हैं और एक बार फिर से चुनाव आयोग के ऊपर सवाल उठाकर उन्होंने इस बात को सिद्ध कर दिया है। श्री गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल ने केंद्र सरकार से पूछा है कि क्या वे चुनाव आयुक्त को ई.डी. इत्यादी का डर दिखाया है, उससे उन्हें जवाब देना चाहिए कि क्या वे अपने अधिकारियों को दवाब में डालकर ब्लैक मेल कर सरकारी काम कराते हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि अपने सात सालों के कार्यकाल में केजरीवाल ने राजनीतिक द्वेष के कारण नगर निगम को प्रशासनिक एवं आर्थिक रुप से बर्बाद करने के सिवा कुछ नहीं किया है। यहां तक कि निगमों के संवैधानिक अधिकार के फंड तक नहीं दिए जिसका सीधा प्रभाव निगमों के विकास कार्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम का चुनाव कोई रद्द नहीं कर रहा है बल्कि जनता की भलाई के लिए निगमों के एकीकरण कर उनकी कार्य प्रणाली सुचारु करने पर विचार हो रहा है, जिसमें कुछ समय लग सकता है।

गुप्ता ने कहा कि जब निगम का पुनर्गठन होगा तो न केवल क्षेत्र परिसीमन होगा बल्कि महापौर, आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति व्यवस्था के नियम बदलेंगे। उन्होंने कहा कि गत 7 सालों से निगम काम न करें केजरीवाल सरकार इसी प्रयास में लगी हुई है और इसीलिए उसने निगम के 13000 करोड़ रुपये भी रोक रखे हैं। इसलिए केजरीवाल सरकार के अंतर्गत निगमों के जो दुर्भाग्यपूर्ण अनुभव रहे हैं अगर उन सब की व्यवस्थाओं को ठीक करने में 3-4 माह लग जायें तो इसमें इतनी चिंता एवं हड़बड़ी क्यों है।

# चार राज्यों में भाजपा की शानदार जीत परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश : एडवोकेट हरिचंद

» **मदरलैंड संवाददाता**



महरौली जिला भाजपा लीगल सेल के उपाध्यक्ष एवं आगामी निगम चुनाव में भाजपा के संभावित उम्मीदवार एडवोकेट हरिचंद ने 4 राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर एवं गोवा में भाजपा की शानदार जीत पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह राष्ट्रवाद की जीत है , हमारी संस्कृति की जीत है। उन्होंने कहा कि विपक्षी लगातार इस कोशिश में लगे रहे की राष्ट्रवादी ताकतों को इन 4 राज्यों के चुनाव में शिकस्त दी जाए, परंतु देश के राष्ट्र भक्त मतदाताओं ने उनके मंसूबे को चकनाचूर कर दिया। चार राज्यों में भाजपा की शानदार जीत ने यह साबित कर दिया है की केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों, कार्यों से देश की जनता काफी खुश है। एडवोकेट हरिचंद ने कहा की चारों राज्यों में जनता ने परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दिया है। कांग्रेस परिवारवाद का सबसे बड़ा संवाहक रही है, परंतु जनता ने इस जनादेश के माध्यम से कांग्रेस को यह संदेश दिया है की भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी, भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जनता का यह जनादेश है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जो राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता है, वहां रामराज की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनता ने जनादेश दिया है। देवभूमि उत्तराखंड में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से विजयी हुई है। पूर्वोत्तर हो मध्य भारत या दक्षिण भारत हर जगह लगातार भाजपा का कारवां बढ़ता ही जा रहा है और यह सबूत है मोदी सरकार की नीतियों उनकी राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र सेवा के प्रति जनता की अटूट , अमिट एवं अटल विश्वास का।

# ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने आरएसईटीआई मथुरा में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

» **मदरलैंड संवाददाता**






मथुरा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण विकास ट्रस्ट (जीवीटी) ने आरएसईटीआई -केनरा बैंक प्रशिक्षण संस्थान, मथुरा में बीओडी और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया। इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शिव शंकर (प्रशिक्षण प्रमुख) द्वारा कृषि विपणन में बिचौलियों की श्रृंखला को समाप्त करने और संचय के माध्यम से प्राथमिक उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से किया गया था। किसानों के उत्पादकों के पास आदानों के थोक आपूर्तिकताओं और उपज के खरीदारों के रूप में अच्छी सौदेबाजी की शक्ति होती है।

एफपीओ छोटे किसानों को शुरू से अंत तक समर्थन और सेवाएं प्रदान करता है, और तकनीकी सेवाओं, विपणन, प्रसंस्करण, और कृषि आदानों के अन्य पहलुओं को कवर करता है। प्रशिक्षण के दौरान सीईओ और बीओडी की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई। सत्र के दूसरे दिन शुभेंद्र कुमार (विपणन विशेषज्ञ) ने विपणन और मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करते हुए एफपीओ के उत्पाद उत्पादों के लिए संक्षिप्त दृष्टिकोण दिया, जिसके माध्यम से न केवल किसान सदस्य एफपीओ के रूप में अपनी आय बढ़ाएंगे बल्कि अपने व्यवसाय को भी बनाए रखेंगे। बाजार में लाभ और विश्वसनीयता। मार्केटिंग अरेंजमेंट, प्रोसेसिंग, प्रोक्योरमेंट, इनपुट और आउटपुट मार्केटिंग, स्टोरेज, डिस्ट्रीब्यूशन और कस्टमर फीडबैक जैसी रणनीतियाँ - मूल्यवर्धन के साथ-साथ रणनीतियाँ जो उन्हें ग्रेडिंग और ब्रांडिंग के रूप में अलग करने के लिए सफाई और ग्रेडिंग प्रक्रिया का पालन करके उत्पादों को स्टोर करने में मदद करती हैं। बीओडी के सुशासन पर एक गतिविधि भी आयोजित की गई और उन्होंने अपनी जिम्मेदारी के साथ भाग लेकर अपनी समस्याओं का सामना कैसे किया। प्रत्येक सदस्य ने आनंद लिया और बहुत कुछ सीखा जिससे उनकी कार्य प्रणाली को लाभ होगा। महिला केंद्रित एफपीओ (बृजवासी ग्रामीण किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड) के साथ तीन दिनों के सत्र के दौरान। श्री शिव शंकर और श्री गगन (सीए) द्वारा सीईओ और लेखाकार के लिए प्रशिक्षण के साथ सत्र का समापन किया गया, जिसमें सीईओ और लेखाकार के कामकाज पर महत्वपूर्ण बिंदुओं को रिकॉर्ड कीपिंग, पी एंड एल लेनदेन, मंडी प्राप्त करने की औपचारिकताओं के साथ उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया। इनपुट और आउटपुट लेनदेन के लिए लाइसेंस, किसानों की संख्या बढ़ाने के लिए किसानों को जुटाना, शेयर पूंजी आदि।

भरतपुर भाकृअनुप निदेशालय सरसों रेपसीड रिसर्च त्रऊफटफत्न में एफपीओ बीओडी और 12 सदस्य, सलाहकार श्री शुभेंद्र कुमार और श्री शिव शंकर, एफपीओ के सीईओ श्री सौरभ त्रिपाठी और श्री जितेंद्र एकाउंटेंट के साथ एक्सपोजर दौरा भी आयोजित किया गया था जहां उन्हें तीन वैज्ञानिक डॉ। अरुण कुमार, डॉ हरवीर सिंह और टीओ राकेश गोयल ने सरसों की खेती के महत्व और विभिन्न किस्मों जैसे पीएम-31, गिरिराज, पीएम-300 आदि के साथ सरसों पर इसके एक्सपोजर के बारे में बताया। इन वैज्ञानिकों ने सरसों की सिंचाई, संरक्षण और प्रसंस्करण पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए। और इसके उपोत्पादों के रूप में सिंचाई के लिए आदर्श तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड 32* प्रतिशत सेंटीग्रेड है फिर उसके बाद हमें सरसों की खेती का दौरा करने की अनुमति दी गई और सरसों की फसलों की विभिन्न किस्मों और इसकी मौसमी उपलब्धता के बारे में सीखा गया, वहां हम सरसों के लिए गए थे प्रसंस्करण केंद्र इकाई, क्या हमने सरसों के तेल पीसने और शुद्धिकरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को सीखा और बाएं एल . का उत्पादन करता है जैसे खाद्य पदार्थ जैसे खरपतवार पशु आहार के लिए उपयोग किए जा सकते हैं। एफपीओ सदस्य यह सब देखकर उत्साहित थे उन्होंने सरसों की खेती और इसके लाभों पर कई प्रश्न पूछे जिनका माननीय वैज्ञानिक ने उन्हें संतोषजनक उत्तर दिया। सभी सदस्यों ने अपनी प्रतिक्रिया और अनुभव संतोषजनक ढंग से साझा किए।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी मौसम अली का निधन, जताया दुख



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ कस्बा मोहल्ला नौरंगाबाद पश्चिमी के समाजवादी पार्टी के नेता व समाजसेवी हाजी उमर कुरेशी के दमाद मौसम अली का दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व से नौरंगाबाद पश्चिमी निवासी उम्र 48 साल के मौसम अली की तबीयत खराब चल रही थी अचानक से ज्यादा तबीयत खराब होने के चलते आनन-फानन में परिजनों के द्वारा दिल्ली के एक अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया। गुरुवार की देर रात को उनके निधन की खबर से परिजनों में हाहाकार मच गया और मोहल्ले में शोक व्यस्त हो गया। अली के निधन से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे मौसम अली का शव मोहल्ले में आते ही लोगों की भीड़ एकजुट हो गई।

### कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ अलीगढ़ रोड स्थित गांव अरनोट के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने एक मोटरसाइकिल सवार ,को रौंद डाला। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाथरस भेजा है। रंजीत उर्फ देव सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र रघुवीर सिंह निवासी गांव विधौनी थाना सोरों जिला कासगंज मोटरसाइकिल द्वारा अलीगढ़ की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव अरनोट के पास पहुंचा तभी पीछे से जा रही तेज रफ्तार कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार रंजीत की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने कार को पकड़ कल घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पालिका कर्मियों की होली हो सकती है फीकी

मदरलैंड संवाददाता, एटा। नगर पालिकाकर्मियों को छह माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने की वजह से उनकी होली फीकी हो सकती है। उन्होंने रविवार से अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। इन कर्मचारियों की संख्या 550 है। नगर पालिका परिषद के जलकल के सभी स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है, जिसकी वजह से वह भुखमरी की कगार पर हैं। घर में खाने-पीने के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च तक नहीं चला पा रहे हैं। वहीं होली का त्योहार भी नजदीक आ चुका है जिसके लिए जरूरी घरेलू सामान खरीदना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर शनिवार को वेतन नहीं मिलता है तो रविवार से जलकल परिसर में अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। नगर पालिका परिषद के लेखाकार मुन्नालाल राम ने बताया कि नगर पालिका में करीब एक करोड़ रुपये की ग्रांट पहुंच चुकी है, लेकिन नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. दीप वार्ष्णेय के सरकारी कार्य से बाहर जाने की वजह से कर्मचारियों को वेतन वितरित नहीं हो सका है। जल्द वितरण किया जाएगा।

### होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया




मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। बृजचौरासी के अन्तर्गत आने वाले जिला नूंह(मेवात)में होली पर्व की धूम मची हुई है और शुक्रवार सांय को श्री चित्रगुप्त महाराज कायस्थ भुर्जी समाज सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जगदीश माथुर पलवल व राजू माथुर नूह ने की। इस मौके पर आरती के बाद समाज के उत्थान के लिए अपने विचार रखे गए तथा चंदन व फूलों की होली खेलकर फाग के रसिया में सभी झूम उठे।

इस मौके पर उपाध्यक्ष दीनदयाल मुकेश माथुर, कुंदन माथुर, खूबचंद माथुर,सतीश सक्सेना, हुकम सक्सेना,विनोद माथुर, राजकुमार भटनागर, रमेश माथुर,साहिल माथुर, सचिव मनोज माथुर,पदम ,हरिओम,आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

### ड्रग की लत मे पडे लोगो का होगा ईलाज व ड्रग तस्करो की उल्टी गिनती शुरू: आईजी

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। गांव सिसाय मे ड्रग एवं हिंसा मुक्त अभियान के तहत हैल्थ चैकअप कैंप एवं सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियो व भारत नशा मुक्त अभियान के तहत आयोजित सामुहिक कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे हिसार मंडल पुलिस महानिरीक्षक, राकेश कुमार आर्य पहुचे। गांव मे पहुचने पर ग्रामवासियो ने उनका भव्य स्वागत किया व उनके द्वारा चलाये जा रहे ड्रग एवं हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान मे गांव सिसाय को शामिल करने पर आभार भी जताया। आईजी ने ग्रामवासियो को संबोधन मे कहा कि हरियाणा का सबसे बडा गांव सिसाय प्राचीन गांव है व यह सिंधु घाटी सभ्यता का एक स्थल है। गांव का इतिहास गौरवमय रहा है, यहा की मिट्टी मे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान एवं हिन्द केसरी, मास्टर चन्दीराम पैदा हुये। यहां की बेटियां भी कम नही। उन्होने भी महिला भारत केसरी का खिताब हासिल किया है। यह गांव खेलो की धरती है, गांव के दर्जनो पहलवानो ने राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होने कहा कि गांव का गौरव बनाये रखने के लिये गांव के प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहना पडता है व अपनी जिम्मेवारी को सही ढंग से निभानी पडती है। पहली जिम्मेवारी अपने घर परिवार से शुरू होती है, बच्चो को अच्छा माहौल, शिक्षा दें उन्हे कामयाब व संस्कारी बनाना है।

# प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत पर अल्पसंख्यक मोर्चा ने बांटी मिठाई

» मदरलैंड संवाददाता



सिकंदराराऊ कस्बा की पुरानी सब्जी मंडी रोड पर शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा की शानदार जीत पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। भाजपा की जीत पर लोगों को बांटी मिठाई बांटते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष फैजान भारती ने सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है। सिकंदराराऊ विधानसभा से विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने शानदार जीत दर्ज की। वही मोदी का मैजिक का चला जादू विपक्षी पार्टी को हार पर मजबूर कर दिया। रविवार को दिन नसभा चुनाव 2022 के नतीजे आते ही भाजपाई व मुस्लिम समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा कस्बा में जगह जगह मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया गया

जगह जगह आतिशबाजी चलाकर लोग नाचते झूमते हुए दिखाई दिए। उत्तर प्रदेश में एक बार पुनः भाजपा सरकार ने अपना परचम पूर्ण बहुमत से लहराया है। प्रदेश में पहली बार कोई मुख्यमंत्री दोबारा सत्ता में आया है तो वह केवल योगी आदित्यनाथ ही आए है। यह उत्तर प्रदेश का इतिहास बना है। प्रमुख रूप से विकास का बहुमत के साथ वोट से पूरे प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ पुनः भाजपा ने जो परचम लहराया है वह किसी भी पार्टी ने आज तक नहीं लहराया है। प्रदेश भाजपा सरकार का पुनर्गठन होने पर अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों की खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर रिजवान कुरेशी, अजीम कुरेशी, शकील सलमानी, शानू सलमानी, कासिम कुरेशी, जमील कुरैशी, जीशान बारिश, सादात कुरेशी, वसीम कुरेशी, इरफान अंसारी, मनोज सोनू पंडित आदि मौजूद थे।

# होली पर 50 लाख रुपये का होगा चिप्स-पापड़ का कारोबार

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। होली पर्व को अब महज पांच दिन ही बचे हैं। इसे लेकर बाजार पर होली का रंग चढ़ गया है। चिप्स-पापड़ की दुकानों पर खरीदारी शुरू हो चुकी है। वहीं घरों में भी नमकीन, चिप्स व पापड़ बनाए जा रहे हैं। शहर के बाजार में इस होली पर चिप्स-पापड़ का करीब 50 लाख रुपये का कारोबार होने की उम्मीद व्यापारियों को है।

शहर के सब्जी मंडी, घंटाघर, हाथी गेट, मैनगंज आदि स्थानों पर चिप्स, पापड़, कचरी की दुकानें पूरी तरह से सज गई हैं। खरीदार भी होली के पर्व पर अंतिम दिनों की भीड़भाड़ से बचने के लिए अभी से खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। बाजार में चिप्स, पापड़ और कचरी के नए-नए आइटम लोगों को खूब लुभा रहे हैं। बनारसी आलू पापड़, पंजाबी मसाला पापड़ समेत साबूदाना के बने उत्पादों को लोग खरीदकर ले जा रहे हैं। चिप्स-पापड़ पर इस बार 10 से 20 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से बढ़ोतरी भी हुई है।

खूब बिक रहे साबूदाना के लाल मिर्च, लहसुन और जीरा के चिप्स

बाजार में इस बार साबूदाना के तीन स्वाद में चिप्स आए हैं जो ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे हैं। साबूदाना से बने लाल मिर्च, लहसुन और जीरा के चिप्स ग्राहक खूब खरीद रहे हैं। ये चिप्स 200 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से बिक रहे हैं।



घरों में जुटीं महिलाएं चिप्स पापड़ बनाने में

होली का त्योहार निकट आते ही चिप्स पापड़ की घर-घर तैयारियां जोरों पर शुरू हो चुकी है। लोग रंग-बिरंगे पापड़, चिप्स, चावल की गुच्छी, चावल के सेव, दाल के पापड़, मैदा के पापड़, आलू के पापड़, चावल की कचरिया बनाने में जुटे हुए हैं।

# आप: पंजाब में जश्न, एटा में शर्मनाक हार

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। आम आदमी पार्टी के लिए पंजाब के चुनाव नतीजे बेहद ही उत्साहित करने वाले रहे हैं, लेकिन यहां के कार्यकर्ता इसकी खुशी नहीं मना पा रहे हैं। वजह, एटा में उनके प्रत्याशियों को कई निर्दलीय प्रत्याशियों के बराबर भी वोट नहीं मिले और शर्मनाक हार हुई है। विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 92 सीटों पर जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। लेकिन एटा में पार्टी प्रत्याशियों की चुनाव में दुर्गति नजर आई। उन्हें चारों विधानसभा सीट पर करारी हार का सामना करना पड़ा। आप की ओर से जिले में चुनाव जीतने के लिए मेहनत भी की गई। लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम तेजी से किया गया। उसके बाद भी शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। एटा सदर सीट पर आप प्रत्याशी उमेशकांत को 575 मत ही प्राप्त हो सके। वहीं अलीगंज विधानसभा सीट पर प्रत्याशी राहुल पाठक ने सिर्फ 213 मत प्राप्त किए। जबकि यहां से निर्दलीय प्रत्याशी वकील शाह ने इनसे ज्यादा 1198 मत हासिल किए। इसी तरह मारहरा विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी अर्जुन यादव ने 686 मत प्राप्त किए। वहीं जलेसर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी प्रेमलता को सिर्फ 104 मत ही प्राप्त हो सके। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी राजा बाबू ने 837 मत प्राप्त किए। कुल मिलाकर चारों सीट पर आप कई निर्दलीय प्रत्याशियों के बराबर भी वोट हासिल करने में नाकाम रही। पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेश वर्मा ने कहा कि चुनाव में काफी मेहनत की गई। नतीजों पर मंथन कर संगठन को और मजबूत करने में जुटेंगे।

# कांग्रेस ने किए 36 लाख खर्च, मिले चार हजार वोट

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की दुर्दशा जिले में इस चुनाव में भी रही। हालांकि प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व में इस बार संगठन में जान फूंकने की पुरजोर कोशिश की गई। तमाम लुभावने वादों से मतदाताओं खासतौर से महिलाओं को आकर्षित किया गया, लेकिन ये कोशिशें मतदाताओं को अपने पक्ष में नहीं कर सकीं। जिले में पार्टी ने प्रत्याशियों के जरिये चुनाव में करीब 36 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन चारों सीट पर वोट महज चार हजार मिल सके। किसी भी प्रत्याशी की जमानत तक नहीं बची। 2017 में पार्टी ने सपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। इस गठबंधन में कांग्रेस को जिले में एक भी सीट हासिल नहीं हुई। अन्य जिलों में भी स्थिति अच्छी नहीं रही। इस बार लड़की हूं लड़ सकती हूं, नारे के साथ इस बार पार्टी नई ऊर्जा के साथ चुनाव में जुटी थी। खासतौर से महिलाओं के पक्ष में माहौल बनाया जा रहा था। एटा जिले में तीन महिला प्रत्याशियों को उतारकर पार्टी ने अलग तरह का पासा फेंका था। इन प्रत्याशियों पर पार्टी स्तर से पैसा भी खूब बहाया गया, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रत्याशियों और संगठन ने चुनाव लड़ने में ढील डाल दी। यूं तो चारों प्रत्याशियों के चुनाव खर्च में 35.86 लाख रुपये का ब्योरा दिया गया है, लेकिन इतना खर्चा कहीं जमीनी स्तर पर नजर नहीं आया। जिसके चलते पार्टी वोटों को तरस गई। जलेसर और मारहरा सीट पर तो चार अंक का आंकड़ा भी नहीं छू सकी।

सबसे ज्यादा खर्च, सबसे कम वोट

चुनाव आयोग को दिए गए खर्च ब्योरे के मुताबिक कांग्रेस ने चुनाव में सबसे ज्यादा खर्च मारहरा विस क्षेत्र में किया। रिकॉर्ड के अनुसार 13.77 लाख रुपये यहां की प्रत्याशी तारा राजपूत ने खर्च कर दिए। जबकि इसी सीट पर पार्टी को सबसे कम 839 वोट मिले हैं।

प्रत्याशियों की स्थिति

प्रत्याशी चुनाव खर्च प्राप्त मत

एटा - गुंजन मिश्रा 2.34 1478

अलीगंज- सुभाष चंद्र 7.71 1026

मारहरा-तारा राजपूत 13.77 839

जलेसर-नीलमा राजपूत 12.02 858

# योगी लहर के बीच चारों विस क्षेत्रों में बढ़ा भाजपा का जनाधार

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। भाजपा ने बृहस्पतिवार को हुई मतगणना में जिले की चारों विस सीटों पर क्लीन स्वीप कर इतिहास रच दिया। यही नहीं इस योगी लहर में जीत के साथ ही चारों सीटों पर पार्टी का जनाधार भी बढ़ा है। एटा और अलीगंज विस क्षेत्रों में 2017 के मुकाबले चार से पांच फीसदी तक वोटों में बढ़ोतरी हुई है। जलेसर और मारहरा विस क्षेत्र में भी पार्टी ने बढ़त दर्ज कराई है। कुल मिलाकर पिछले चुनाव के मुकाबले पार्टी के चारों सीटों पर करीब तीन फीसदी मत बढ़े हैं। 2017 में भाजपा लंबे समय बाद सत्ता में लौटी थी। उस समय पार्टी का मुख्य चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थी। मोदी लहर में ही पार्टी को विस चुनाव में अप्रत्याशित बंपर जीत मिली थी। इस चुनाव में परिस्थितियां अलग थीं। मोदी के साथ ही अब योगी भी पार्टी का बड़ा चेहरे बन चुके हैं। प्रदेश में योगी के बुल्डोजर बाबा के नाम से लहर भी चली।

इस लहर का असर जिले में भी रहा और पार्टी ने चारों ही विस सीटों पर बाजी मार ली। अन्य दलों का सूपड़ा साफ हो गया। जीत से भी आगे पार्टी के लिए यह बात महत्वपूर्ण है कि इन पांच सालों में पार्टी का वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। 2017 में पार्टी को पूरे जिले में 43.88 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 46.49 पर पहुंच गया है। इसके अलावा एटा सदर सीट पर करीब पांच, अलीगंज पर करीब चार प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी हुई है।

भाजपा का मत प्रतिशत

| विस क्षेत्र | 2017 | 2022 |
|---|---|---|
| एटा | 41.18 | 46.51 |
| अलीगंज | 41.25 | 45.45 |
| मारहरा | 48.69 | 48.92 |
| जलेसर | 44.43 | 45.09 |
| कुल | 43.88 | 46.49 |

# रक्तदान जीवन का एक बेहतरीन कार्य, रक्तदान करने से हिचकिचाइए मत -सलोनी शर्मा

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने पहुंची एसडीएम सलोनी शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का एक बेहतरीन कार्य है, रक्तदान करने से हिचकिचाइए मत क्योकि रक्तदान से बढकर कोई दान नही है रक्त के द्वारा किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला और बच्चों के टीकाकरण हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम तेजतरीन इंद्रधनुष अभियान में भी एनएसएस वॉलिंटियर्स को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने जिला समन्वयक से एनएसएस यूनिट कार्यरत नूँह उपमंडल के 8 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों मालब, छपेड़ा, गांगोली, ईंडरी, आटा-बारोटा, कंवरसिका, घासेड़ा व खोड़ बसई की विस्तृत जानकारी ली।

इस मौके पर वॉलिंटियर्स अरमान, वसीम, अमजद, माहिर, नफीस, न्युम,हाकम, बाकिर, साकिब, तालिम,साबिर, अध्यापिका संतोष कुमारी, अशरफ मेवाती आदि भी मौजूद रहे।

# राजस्थान बार्डर के सीमांत क्षेत्र खोरी कलां महिला अपराध का नया अडडा बनता जा रहा

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला के तावडू खण्ड का राजस्थान बार्डर के सीमांत क्षेत्र खोरी कलां महिला अपराध का नया अडडा बनता जा रहा है। लोगों की माने तो खोरी कंला पुलिस चौकी के अन्तर्गत आने वाले खोरी कलां, खोरी खुर्द, रंगाला आदि गांवों में प्रवासी मजदूर किराये पर या अपना आशियाना बनाकर रहते हैं जो भिवाडी आद्योगिक क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करते हैं लेकिन इस बीच उनके परिवार के सदस्य खासकर नाबालिग युवतियां, महिलाएं अकेली होने पर महिला अपराध अधिक होते हैं यहां पर उनके गुमशुदा होने, बलात्कार, अपहरण, धर्म परिवर्तन, मारपीट, लूटपाट आदि के कई मामलें सामने आए हैं लेकिन बाहरी मजदूर होने व ठोस पेरोकार न होने से ज्यादातर मामलें रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं इससे अपराधियों को बल मिलता है। क्षेत्रवासियों की माने तो खोरी कलां क्षेत्र में दबंग लोग रहते हैं और साथ ही राजस्थान लग जाता है जो अपराध करने के बाद भूमिगत हो जाते हैं। ताजा आए मामलें में शिकायतकर्ता आशीष कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी खोरी कलां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी सुमन देवी 18 फरवरी को रहस्मय ढंग से गायब हो गई जिसको खूब ढूंढा लेकिन नहीं मिलने पर मामला दर्ज कराया गया है।

# नकल रहित परीक्षा से संवरता है बच्चों का भविष्य - डीसी

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि नकल से पास की गई परीक्षा स्वयं विद्यार्थी के लिए ही खतरनाक है। नकल किसी के भी भविष्य को अंधकारमय बना देती है। उपायुक्त अजय कुमार ने आज सिंगार के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दौरा किया। उपायुक्त ने बच्चों को माह के अंतिम सप्ताह में शुरू हो रही परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि सभी विद्यार्थी बिना डर के परीक्षाएं दें। मेहनत के साथ अपनी तैयारी करें और शांत मन से परीक्षा को पूरा करें। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल में शामिल ना हों।उन्होंने कहा कि नकल से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय बनता है। विद्यार्थियों को नकल से परहेज करना चाहिए। बच्चों को समझना होगा कि इन परीक्षाओं में नकल से पास होकर खुद अपने भविष्य को खराब करना है। इस अवसर पर एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डा. अब्दूल रहमान सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहें।

# शिक्षक भर्ती के लिए ज्ञापन सौंपा- एम एम खान

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। सरकारी अध्यापक बनने के लिए सघर्षरत अध्यापकों ने शुक्रवार को उपायुक्त नूंह की गैर मौजूदगी में एसडीएम नूंह को शिक्षक भर्ती के लिए मांग पत्र सौंपकर हरियाणा सरकार से जल्द से जल्द नूंह जिले में शिक्षकों कि रेगुलर भर्ती की मांग की। एम एम खान ने बताया के नीति आयोग की सूची में प्रदेश का नूंह जिला भले ही शामिल हो गया हो व कागजों में शिक्षा-चिकित्सा में सुधार के बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हों, लेकिन नूंह के सरकारी स्कूलों की हालत आज भी अच्छी नहीं है, ना वहां बच्चों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं हैं ना ही बच्चों को पढ़ाने के लिए जरूरी शिक्षक हैं।ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि जमीनी हकीकत कह रही है। कागजों में सुधार हुआ, तस्वीरें वही हैं।जिले में भारी संख्या में ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चे पढने आते तो हैं मगर उन्हें पढ़ाने वाला अध्यापक नहीं है।नतीजतन यहां स्कूल तो चलता है मगर पढ़ाई नहीं होती. ऐसे हालात के बावजूद नीति आयोग के आंकड़ों में नूंह जिला 115 नंबर से कैसे टॉप 33 जिलों की सूची तक पहुंच गया, ये वाकई ऐसी बात है जैसे सूखे पेड़ पर आम उग आए हों, चलिए कागजों में ही सही परिणाम में सुधार होता है अच्छा लगता है, मगर लोग हैरान हैं। बोर्ड की परीक्षाओं में अब ज्यादा समय नहीं है।ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में फिसड्डी नूंह जिले के वार्षिक परीक्षा परिणामों में बेहतरी की आस लगाना किसी बेईमानी से कम नहीं है। हैरानी की बात तो ये है कि बहुत से स्कूलों ने तो सालभर मुख्याध्यापक तक नहीं किये। हरियाणा सरकार जल्द से जल्द नूंह जिले में शिक्षकों कि रेगुलर भर्ती करें। ताकी जो एचटेट व सीटेट पात्र अध्यापक है उन्हें भी रोजगार मिल जाएं।2012 से जेबीटी टीचर कि कोई भर्ती नहीं हुई जिससे नूंह जिले में 1909 पद आज भी रिक्त हैं इसी तरह टीजीटी के 1755 पद रिक्त हैं और पीजीटी के लगभग 885 पद विषय अनुसार रिक्त है। कुल पद 4397 रिक्त हैं। इसलिए हरियाणा सरकार शिक्षकों कि रेगुलर भर्ती करें। या जब तक रेगुलर भर्ती ना हो तब तक कौशल रोजगार के द्वारा भर्ती कि जाए। किसी भी एनजीओ के द्वारा ना लगाया जाए। जबकि हरियाणा सरकार ने कौशल रोजगार पर 46459 पदों पर शिक्षकों के लिए भर्ती के लिए डाटा डाल रखा है जिनमें 6662 पद ग्रुप डी के भी शामिल हैं। उनको सभी को तत्काल भरा जाए। सरकारी स्कूलों में स्टाफ की बहुत कमी है, लेकिन मौजूदा संसाधनों में शिक्षा विभाग बेहतर नतीजों की जी तोड़ कोशिशों में जुटा हुआ है. मगर कोशिशें कब कामयाब होंगी इसका जवाब किसी के पास साफ-साफ नहीं है। नूंह जिला जो हमेशा से अपने पिछड़ेपन के लिए जाना जाता है, इसका दोषी कौन हैं।इसमें कमीं नूंह की नहीं. आज तक की सरकारों की है जो ऐसे हालात बने हैं। सरकार एचटेट व सीटेट वालों के लिए जल्द से जल्द भर्ती करें। क्योंकी बहुट से एचटेट कि समय अवधि समाप्त होने पर है। उनका भविष्य अन्धकार में है। आज इस मौके पर सैकड़ो अध्यापकगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की हार का आकलन और हार के लिए जिम्मेवार भी तय होने चाहिए: महेश जोशी

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव महेश जोशी ने प्रदेश में कांग्रेस की हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने उन्हें फिर विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है वह जनादेश का सम्मान करते हैं और विपक्ष में रहकर सरकार के हर जन विरोधी फैसले का विरोध करेंगें तथा जनता की आवाज उठाते रहेंगे। यहां जारी एक बयान में उन्होंने चकराता से जीते प्रीतम सिंह एवं अन्य कांग्रेस से जीते विधायकों को बधाई दी एवं कहा कि प्रीतम सिंह प्रदेश के लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस जनहित की आवाज सड़क से सदन तक और मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि हार का आकलन होना चाहिए और हार के लिए जिम्मेवार भी तय होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हार की जिम्मेदारी लेते हुए हमारे नेताओं को नैतिकता के आधार पर अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश का कांग्रेस स्वागत करती है साथ ही विपक्ष में बैठकर जनता के हितों को प्रमुखता के साथ सदन व सड़क पर उठायेगी। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य समस्याओं को दरकिनार कर बड़ी संख्या में मतदान केन्द्रों पर पहुंचे जिनमें महिलाओं की अहम भूमिका रही है।

### दल को अब नये सिरे से ऊजार्वान व संघर्षशील बनाया जायेगा: उक्रांद

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय का कहना है कि दल को अब नये सिरे से ऊजार्वान व संघर्षशील बनाया जायेगा, वहीं इस विधानसभा चुनाव से केन्द्रीय नेतृत्व को भी सबक लेना होगा। आज गांधी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दल उत्तराखंड की जनता के जनादेश को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में उत्तराखण्ड क्रांति दल की ओर से अति उत्तम प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया था लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों के कई प्रकार के हथकंडों की लड़ाई में यह निहत्थे पड़ गए। उन्होंने कहा कि दल स्वीकार करता है कि दल द्वारा प्रत्याशियों को निहत्था मैदान में भेज दिया गया जिस कारण वह राष्ट्रीय पाटियों की अनैतिक लड़ाई में धराशाई हो गए। उन्होंने कहा कि कई प्रत्याशियों ने ईवीएम मशीन पर भी प्रश्नचिह्न लगाए हैं जो निश्चित ही संदेह पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि किंतु हम यह भी मानते हैं कि जनता ने उत्तराखण्ड क्रांति दल के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दल के पदाधिकारी नेतृत्व करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दल लकीर के फकीर बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस रूप में हम चुनाव लड़े हैं यह तय हो गया है कि इस प्रकार से राष्ट्रीय पार्टियों से मुकाबला नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों की तरह विकल्प उत्तराखण्ड की जनता के सम्मुख खड़ा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ गलत निर्णय एवं नेतृत्व करने की अति महत्वकांक्षाओं ने भी उक्रांद नेतृत्व को भी जनता ने नकार कर आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड क्रांति दल एक ऐतिहासिक दल है इस महान दल को कई महानायकों ने दल का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि उस महान जन समूह का जिन्होंने इस विपरीत परिस्थितियों में भी उत्तराखण्ड क्रांति दल को वोट देकर आशीर्वाद स्वरूप समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि उक्रांद को जनता का उत्तराखण्ड क्रांति दल बनाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दल संकल्पित है उत्तराखण्ड की जनता के हितों के लिए संघर्षों के लिए उक्रांद संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बनने वाली सरकार को कि वह उत्तराखण्ड के सुलगते सवालों पर निर्णायक समाधान की ओर बढ़े तो दल सहयोगात्मक भूमिका निभाने को तैयार है। इस अवसर पर वार्ता में जिलाध्यक्ष दीपक रावत, केन्द्रीय महामंत्री प्रताप कुंवर सिंह, केन्द्रीय सचिव उत्तम सिंह रावत, विपिन रावत, किरन रावत, मीनाक्षी सिंह, पूजा मेहर, नीलम रावत आदि शामिल रहे।

### उत्तराखंड में यूकेडी अपनी सियासी जमीन खो चुकी: जयप्रकाश उपाध्याय

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा है कि उत्तराखंड में यूकेडी अपनी सियासी जमीन खो चुकी है। इस विधानसभा में प्रतिनिधित्व को लेकर दूसरी बार भी दल का खाता नहीं खुल पाया है। उन्होंने कहा कि 24 सीटों पर दल के प्रत्याशी एक प्रतिशत मत भी हासिल नहीं कर पाए, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व को भी इस ओर सजग होना होगा, वहीं नेतृत्व में भी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2002 में विधानसभा चुनाव में चार विधायक यूकेडी के थे।

### पराजय के बाद पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के सीएम पद से इस्तीफा दिया

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड विधानसभा में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन कर जीत का परचम पहराया पर यहां सीएम पुष्कर सिंह धामी खुद चुनाव हार गए। नतीजों के एक दिन बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। यहां राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि नया जनादेश मिलने और पुरानी सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्होंने राज्यपाल को अपना और अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र सौंप दिया है। निर्वतमान सरकार के कैबिनेट सहयोगी, सतपाल महाराज, गणेश जोशी और स्वामी यतीश्वरानंद भी इस दौरान धामी के साथ थे। गुरुवार को घोषित विधानसभा चुनाव परिणाम के अनुसार भाजपा ने 70 में 47 सीटें अपने नाम कर दो तिहाई से ज्यादा बहुमत हासिल किया लेकिन पार्टी को जीत तक ले जाने वाले मुख्यमंत्री धामी स्वयं अपनी सीट बरकरार रखने में विफल रहे। तीसरी बार विधायक बनने का प्रयास कर रहे धामी को खटीमा सीट पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष भुवनचंद्र कापडी के हाथों शिकस्त मिली।

### मिस उत्तराखंड 2022 के लिए मिस ट्रेडिशनल और इंट्रोडक्शन सब-कांटेस्ट का आयोजन

देहरादून, एजेंसी। सिनमिट कम्युनिकेशंस की ओर से मिस उत्तराखंड 2022 के लिए मिस ट्रेडिशनल और इंट्रोडक्शन सब-कांटेस्ट का आयोजन किया गया। इस मौके पर ट्रेडिशनल ड्रेसस में प्रतिभागी बेहद खूबसूरत दिखी। आज मिस उत्तराखंड-2022 के इस सब- टाइटल का आयोजन बसंत विहार स्थित एक होटल में किया गया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने इंडियन ड्रेसेस पहनी थी। ट्रेडिशनल लुक में वह बेहद ही खास लग रहीं थीं। इस अवसर पर जजेस की भूमिका में रोटरी क्लब शिवालिक हिल्स के प्रेजिडेंट पुनीत टंडन, इंटरप्रेनियर और एडुकेशनिष्ट अजय कर्णवाल, डायरेक्टर रॉयल इन पैलेस मयंक ओबेरॉय, सौरभ शर्मा, डीआईडी सुपर मोम फेम जोया खान, मिस उत्तराखंड फर्स्ट रनरअप विशाखा बियाल, मिस उत्तराखंड थर्ड रनरअप अपूर्वा डोभाल उपस्थित रहे। इस मौके पर जजेस ने प्रतिभागियों से कई सवाल किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने भी जजेस के सवालों का बखूबी जवाब दिया।

## सीएम धामी ने भाजपा को प्रचंड बहुमत प्रदान करने पर प्रदेश की जनता को धन्यवाद व्यक्त किया



देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज उत्तराखण्ड सरकार के मंत्रिमण्डल ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रचंड बहुमत का जनादेश प्रदान करने पर उत्तराखण्ड राज्य की जनता का धन्यवाद व्यक्त किया है। विधान सभा सामान्य निर्वाचन में भारी बहुमत मिलने पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के लिए भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री धामी एवं मंत्रिमण्डल के सदस्यों ने उत्तराखण्ड में संचालित हो रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं परियोजनाओं के सफल संचालन के लिये प्रधानमंत्री मोदी एवं भारत सरकार को धन्यवाद दिया है। भारत सरकार द्वारा राज्य में चारधाम सड़क परियोजना, चारधाम रेल नेटवर्क, श्रीकेदारनाथ पुनर्निर्माण परियोजना, भारतमाला सड़क परियोजना सहित प्रदेश हित में एक लाख करोड़ से अधिक धनराशि की विभिन्न परियोजनाओं की स्वीकृति देने एवं उन्हें प्रारंभ करने हेतु भी आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने जन कल्याणार्थ राज्य में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग देने के लिए मंत्रिमण्डल के सहयोगियों, विधायकगणों, प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तराखण्ड को देश का आदर्श राज्य बनाने के संकल्प को पूरा करेंगी।

## भाजपा प्रत्याशी गणेश जोशी ने अपनी जीत के बाद शहीद राज्य आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून, एजेंसी। मसूरी विधानसभा क्षेत्र से जीत का चैका लगाने वाले भाजपा के प्रत्याशी गणेश जोशी ने जीत के बाद राज्य के शहीद आंदोलनकारियों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर मसूरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गणेश जोशी ने राज्य आंदोलन के शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपनी लगातार चैथी जीत को राज्य के अमर बलिदानियों को समर्पित करते हुए राज्य के अमर शहीदों को नमन किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा कैबिनेट मंत्री का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य के शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए काम किया जायेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा सहित पूरे राज्य के नागरिकों को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने एक बार पुनः राज्य में डबल इंजन की सरकार गठित कर राज्य के विकास को सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी की लोकप्रियता पर सवाल उठा रहे थे उन्हें भी जनता के करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ उत्तराखण्ड की जनता बल्कि उत्तर प्रदेश, गोवा और मणिपुर की जनता ने यह उद्घोषित किया है कि देश को मोदी जैसा सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व ही चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से विकास को पुनः डबल गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से किए सभी वायदों को पूरा करेगी। इस अवसर पर अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाटक 'जिन लाहौर नी वेख्या वो जंम्यां ही नहीं' का किया अभिमंचन

देहरादून, एजेंसी। स्पिक मैके उत्तराखंड द्वारा प्रायोजित तथा मानव भारती देहरादून उत्तराखंड के मंच पर अभिमंचित नाटक ह्यह्यजिन लाहौर नी वेख्या वो जंम्यां ही नहींह्नह्न का अभिमंचन किया गया। इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। आज मानव भारती नेहरू कालोनी में नया थियेटर के निर्देशक रामचन्द्र सिंह ने अपने कलाकारों के साथ नाटक का मंचन किया। नाटक का निर्देशन तथा लेखन पद्मभूषण हबीब तनवीर ने की है। यह नाटक भारत-पकिस्तान के विभाजन पर 1980 में लिखा गया जो 1947 के विभाजन से प्रेरित था। विस्थापितों की वेदना और कार्यशैली पर अभिमंचित इस नाटक ने दर्शकों के बीच अनेक सुंदर संदेश देने का प्रयास किया है जो काबिलेतारीफ थी। इस अवसर पर दादी की भूमिका में कलाकार ने अनेक संदेश दिए जिसमें मुश्किल के दिनों में धैर्य से कार्य लेने का संदेश, अपना वतन तो अपना वतन ही होता है, आत्मबल के साथ अपनों की वेदना का दर्द इस नाटक में बखूबी दिखाने का प्रयास किया गया। नाटक ने छात्रों के बीच यह संदेश देने का प्रयास किया कि बल से नहीं प्यार से हवेली तो क्या दुनियां जीती जा सकती है। इससे पूर्व नाटक मंचन कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलित से हुआ जिसमें मानव भारती के प्रधानाचार्य डॉ. गीता शुक्ला ने, मुख्य अतिथि रामचंद्र सिंह ने तथा डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी ने दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर संस्कृत श्लोक का वाचन अवंतिका भंडारी कक्षा नौवीं की छात्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. गीता शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत एवं् सम्मान करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जसलीन कौर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी ने किया।


## डॉ. निशात पॉवरफुल वुमन ट्रांस्फोर्मिंग नेशन अवाड्र्स से सम्मानित



- वोकल फॉर लोकल संस्थान नई दिल्ली ने एक समारोह में दिया अवार्ड
- डॉ. अंजुम को पूर्व में भी कई राज्य व राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जा चुका है

हरिद्वार, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में वोकल फॉर लोकल संस्थान द्वारा पॉवरफुल वुमन ट्रांस्फोर्मिंग नेशन अवाड्र्स 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारत से करीब 24 महिलाओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया और उत्तराखंड से समाज सेवा व कोविड वारियर की श्रेणी में यह सम्मान मेला हॉस्पिटल हरिद्वार में माइक्रोबायोलोजिस्ट के पद पर तैनात डॉ. निशात अंजुम को मिला। उत्तराखंड से यह सम्मान पाने वाली प्रथम एवं एकमात्र महिला है। डॉ. निशात को इससे पूर्व भी कई राज्य व राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जा चुका है। डॉ. निशात कोविड़ काल से ही कोविड मरीजों की देखरेख में रात दिन एक कर रही है। उन्होंने पिछले दो वर्षों से कोविड महामारी में राजकीय मेला चिकित्सालय हरिद्वार में कविड कंट्रोल रूम एवं आरटीपीसीआर लैब में नोडल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवायें दे रही है। साथ ही संजय गांधी पीजीआई में भारत सरकार द्वारा मेडिकल जेनेटिक्स की फेलोशिप के लिए क्वालीफाई होने वाली वह उत्तराखंड से प्रथम राजकीय चिकित्सक बनी है। इसके साथ ही डॉ. अंजुम महिला व बाल अधिकार, सुरक्षा व शिक्षा की प्रबल पक्षधर हैं। कुशल चिकित्सक होने के साथ साथ डॉ. निशात एक कुशल पेंटर, कवयित्री एवं स्पष्ट वक्ता भी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमित्र चैहान अध्यक्षा भाजपा की महिला मोर्चा हरियाणा व श्रीमती सुमन दहिया एडवोकेट अध्यक्षा महिला मानव अधिकार रही। कार्यक्रम पूर्ण रूप से देश की ऐसी महिलाओं को समर्पित था जोकि देश व समाज कल्याण हित में कार्य कर रही है व महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देकर समाज की अन्य महिलाओं को भी आगे की प्रेरणा स्त्रोत बनी हैं। वोकल फॉर लोकल संस्थान का उद्देश्य है उपयोगिता के उद्योग अधिक से अधिक देश मे ही बढ़ावा मिले और लोकल समान खरीदकर अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। डॉ. निशात की इस उपलब्धि के लिए, उनको राजकीय मेला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. राजेश गुप्ता, नोडल अधिकारी डॉ. अनमोल सिंह, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. वैभव कोहली, डॉ. प्रदीप, जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. सीपी त्रिपाठी, अधीक्षक डॉ. चंदन मिश्रा समेत स्टॉफ ने बधाई दी है।

## भाजपा की जीत पीएम के कार्यों पर जनता की मुहर: जीएस आनंद



देहरादून, एजेंसी। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के गढ़वाल मंडल प्रभारी जीएस आनंद ने कहा है कि उत्तराखंड के चुनाव का नतीजा देवभूमि में रहने वाली जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासपूरक कार्यों, लाभार्थी योजनाओं को सभी तक पहुंचना, सुरक्षा का विश्वास, धार्मिक भावनाओं का सम्मान, हिंदुत्व की रक्षा, कोरोना त्रासदी में सभी की रक्षा व सहयोग, देवभूमि के लिये उनका विशेष प्यार व सम्मान कर भाजपा को चुन कर अपना विश्वास दिखाया गया है। यह जीत पूर्णतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीतियो को नमन है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पंजाबी समाज के विधायक को प्रतिनिधित्व दिया जाये। यहां जारी एक बयान उन्होंने कहा कि उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने प्रदेश में समाज के जीते विधायक शिव अरोरा, तिलक राज बेहड़, सरदार त्रिलोक सिंह चीमा, सविता कपूर, प्रदीप बत्रा व उमेश शर्मा काऊ को बधाई दी व पंजाबी समाज को सभी सीटों से अपने समाज को विजयी बनाने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड को विकास के लिये दिये मंत्र का समर्थन देने के लिये आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज शिव अरोरा को बधाई देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता इस चुनाव के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है की केन्द्र की नीतियो का धरातल तक बिना किसी स्वार्थ के पहुँचाना प्रदेश की जनता की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये मार्ग दर्शन सबका साथ, सबका विश्वास सबका विकास को मात्र नारा मानने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया है की नेतृत्व को प्रदेश का विकास स्वार्थ में नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये संदेश के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबकी नजरें नये मंत्री मंडल पर हैं कि वह किस तरह जनमानस द्वारा दिये गये चुनाव में संदेश का सम्मान रख उत्तराखंड को स्वच्छ एवं निष्पक्ष परिणाम उन्मुख सरकार देंगे। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज ने पुनः भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन दिया पांच में पांच से पांच विधानसभा सीटों पर विजयी होकर व अन्य सभी सीटों पर भाजपा को जिताने में सहयोग दिया। इस अवसर पर एस पी कोचर, डीएस मान, हरपाल सिंह सेठी, जीएस आनंद प्रदेश संगठन मंत्री व गढ़वाल प्रभारी, बलदेव जैसवाल जिला प्रभारी, अमरजीत सिंह कुकरेजा, महानगर अध्यक्ष गुरुपाल सिंह और गुरमीत सिंह जैसवाल युवा अध्यक्ष, बबीता सोहता आनंद आदि शामिल रहे।

## राजधानी की सड़कों में गढ्ढे ही गढ्ढे, वाहन चालक परेशान

देहरादून, एजेंसी। राजधानी में एक ओर जहां स्मार्ट सिटी काम धीमी गति से चल रहा है, वहीं कई जगहों पर काम अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडता है। यह गढ्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। गांधी रोड पर सड़कों का बुरा हाल है वहां पर सड़कें पथरीली हो गई हैं। आज राजधानी व आसपास के अभी भी काफी क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से लेकर आंतरिक मार्गों में गढ्ढे ही गढ्ढे दिखाई दे रहे हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। गांधी रोड पर पूरी तरह से सड़कें पथरीली हो गई है जिसमें हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है लेकिन संबंधित विभाग अभी तक यहां पर गढ्ढों को भरने में पूरी तरह से असफल रहा हैं। दून महानगर की सड़कें खस्ताहाल हो गई हैं। मुख्य मार्गों से लेकर आंतरिक मार्गों पर गढ्ढे ही गढ्ढे हो गये थे, लेकिन इस पर किसी भी प्रकार का कोई मरम्मत कार्य नहीं हो पाये। राजधानी में इतना ही नहीं सड़कें पूरी तरह सुभाष रोड से लैंसडाउन चैक और लैंसडाउन चैक से दर्शन लाल चैक को जाने वाले मार्ग पर संबंधित विभाग ने अभी तक यहां पर कोई कार्य नहीं किया गया है। यहां तक कि सड़कों पर पत्थर ही पत्थर दिखाई दे रहे जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। यहां तक कि कई लोग इससे दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी संबंधित विभाग काम को देरी से कर रहा है जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है। राजधानी के सुभाष रोड और लैंसडाउन चैक से दर्शनलाल चैक से पहले पत्थर फैले हैं जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं वहीं यातायात भी बाधित हो रहा है।

## सतपाल ब्रह्मचारी की हार क्या भीतरघात का नतीजा?

- वर्ष 2012 की तुलना में सतपाल दुगने से अधिक मतों से हारे
- कांग्रेस प्रत्याशी की हार ने अपनों पर खड़े किये सवाल
- तीन राउंड को छोड़ कर 10 राउंड में ब्रह्मचारी हारते रहे



हरिद्वार, एजेंसी।0 हरिद्वार विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी की हार पर उनके ही अपनों पर सवाल खडे.हो रहे हैं। क्या यह माना जाए कि सतपाल की हार भीतरघात का नतीजा है, अगर ऐसा है तो यह बहुत ही कांग्रेस पार्टी के चिंता का विषय है। जिस पर पार्टी के हाईकमान को मंथन की जरूरत है। इस बार सतपाल ब्रह्मचारी वर्ष 2012 से डबल से अधिक से हार हुई है जोकि कांग्रेस के प्रति ईमानदार कार्यकत्ताओं व जनता के लिए चैकाना वाला परिणाम है। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो कांग्रेस प्रत्याशी के संग शहर के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं की फौज होने के बावजूद भी उनको हार का मुंह आखिर क्यों देखना पड़ा? जोकि कांग्रेस पार्टी के लिए चिंता का विषय है। इसको कांग्रेस पार्टी को बड़ी गम्भीरता से लेना होगा। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी की हार के बाद तो अब उन कांग्रेसी नेताओं पर भी उंगली उठने लगी है जो उनके साथ कदम से कदम मिलाकर उनको जिताने का दावा कर रहे थे। राजनीतिक दावेदारों को कहना है कि शहर के कांग्रेसी दिग्गज नेताओं के क्षेत्र से भी सतपाल ब्रह्मचारी को मत नहीं पड़े और सतपाल को उनके क्षेत्र से भी हार का मुंह देखना पड़ा। कांग्रेस के दिग्गज नेता भले ही अपनी सफाई के लिए कुछ भी दलील दें, लेकिन चुनाव के परिणामों ने उनके चेहरों को बेनकाब कर दिया है कि वास्तव में उन्होंने मन व दिल से सतपाल का साथ नहीं दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक के 15,242 मतों से रिकार्ड जीत हासिल कर सतपाल के साथ चुनाव में खडे कांग्रेसी दिग्गज नेताओं की मंशा को साफ कर दिया है। जबकि पहली बार वर्ष 2012 में भाजपा विधायक मदन कौशिक ने सतपाल ब्रह्मचारी को 8,620 मतों से हराया था। लेकिन इस बार जनता के बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ नाराजगी व शहर में बदलाव की सम्भावना को देखते हुए सतपाल की जीत तय मानी जा रही थी। लेकिन विधानसभा चुनाव 2022 के आये परिणामों ने चैका दिया है। बताते चले कि हरिद्वार विधानसभा सीट पर 13 राउंड थे। मतगणना शुरू होते ही पहले राउंड में भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक ने कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को 1,004 से पछाड़ने से शुरूआत की। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने दूसरे राउंड में मदन से 1,181 से बढत हासिल की, जबकि तीसरे राउंड में भी सतपाल ने 50 से बढ़त हासिल करना जारी रखा। लेकिन उसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक से पिछड़ते चले गये, लेकिन 9 वे राउंड में सतपाल ने एक बार फिर 77 मतों से बढ़त ली। लेकिन उनकी यह बढ़त अन्तिम बढ़त रही, इसके बाद तो सतपाल ब्रह्मचारी 13 राउंड यानि अन्तिम तक पिछड़ते चले गये। हरिद्वार विधानसभा सीट पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक को कुल 52,760 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को कुल 37,518 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक ने 15,242 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी को पराजित कर जीत हासिल की। हरिद्वार विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लगातार मदन कौशिक से हर राउंड में केवल 2,3 और 9 राउंड को छोड़ कर पिछड़ते रहे। मतगणना के बीच में कांग्रेस प्रत्याशी मीडिया सेंटर भी पहुंचे, तो वह काफी थके व मानसिक रूप से परेशान देखे जा रहे थे। उनके साथ शहर का कोई दिग्गज कांग्रेसी नेता नहीं था। जहां पर सतपाल ब्रह्मचारी कुछ देर मीडिया कर्मियों से बात कर वहां से चले गये।

## संक्षिप्त समाचार

### बाजार में आई ककड़ी सब्जी के रूप में कर रहे प्रयोग



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। बाजार में कुछ दिनों से ककड़ी की बहार आ गई है। ककड़ी को लोग सलाद तथा सब्जी के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। ककड़ी अभी महंगी है और 30 रुपये किलो के भाव से मिल रही है। भविष्य में गर्मी बढ़ती चली जाएगी और ककड़ी के भाव घटते चले जाएंगे। विनोद कुमार ने बताया कि अभी ककड़ी कम मात्रा में आ रही है जिसके चलते भाव महंगे हैं। ककड़ी खाने वाले लोग सलाद के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। प्रत्येक सब्जी की दुकानों पर ककड़ी उपलब्ध है।

### टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत धनौंदा में कैंप का आयोजित



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनौंदा में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डा. दीक्षांत ने 50 टीबी के संभावित मरीजों की जांच की। इसके अलावा 30 मरीजों के एक्स-रे तथा 5 मरीजों की सीबीएनएएटी जांच के लिए लिखा गया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से जिला की जिन संस्थाओं में एक्स-रे जांच की सुविधाएं नहीं है उन संस्थाओं पर टीबी के रोगियों के पहचान के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में संभावित टीबी मरीजों की जांच एक्स-रे व सीबीएनएएटी मशीन से बिगड़ी हुई टीबी की जांच मुफ्त की जा रही है। जो मरीज टीबी से ग्रस्त पाया जाएगा उनका डाट्स प्रणाली के तहत मुफ्त इलाज किया जाएगा।

### प्राध्यापक मदन मोहन सिंह को किया सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगिहार में प्रार्थना सभा में बाबा भैया स्वयंसेवक दल अगिहार के प्रधान अनिल कुमार ग्राम पंचायत के वर्तमान व भूतपूर्व जनप्रतिनिधियों व गांव के गणमान्य लोगों ने विद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता मदन मोहन कौशिक को उनकी शहीद स्मारकों की यात्रा तथा देशभक्ति पूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया। संघ के प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि इस तरह की यात्राओं से विद्यार्थियों में उत्साह व देशभक्ति का संचार होता है तथा सकारात्मकता की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यालय में स्वच्छता अनुशासन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कार देने की घोषणा भी की। विद्यालय की प्राचार्य पूनम यादव ने समय-समय पर विद्यालय को सहयोग देने के लिए बाबा भैया स्वयंसेवक संघ तथा पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ सचिव सुरेंद्र सिंह, सदस्य कमल, मनजीत विकास विकेश रितिक, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सुंदर गौरव, आकाश, ग्रामीणों में लीला सिंह भूतपूर्व सरपंच, हरिराम शर्मा, रामनिवास, जगत सिंह, ईश्वर सिंह, मुकेश सिंह, मुकेश, अशोक, करण सिंह तथा भजन सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता सूर्य प्रकाश यादव अजय बंसल,सुषमा यादव, अनीता देवी धर्मेंद्र कुमार, मनवीर सिंह, सुरेंद्र पाल, राकेश कुमार, रतन लाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित

## तीव्र, सुगम व सुरक्षित भुगतान के लिए डिजिटल बनें

चंडीगढ़ : इंटरनेट 61 प्रतिशत आबादी तक पहुंच जाने के साथ भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से विकसित होती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। डिजिटल इंडिया मिशन और नेशनल बायोमीट्रिक डिजिटल आईडेंटिटी प्रोग्राम जैसे अनेक सरकारी अभियानों ने भारत की विविध आबादी के बीच का अंतर खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए आरबीआई द्वारा ह्यडिजिटल पेमेंट्स अवेयरनेस वीकह्न के अवसर पर, हम जानेंगे कि नकद में लेन-देन की बजाय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता देना क्यों जरूरी है।डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ने का सबसे प्रमुख कारण यह है कि यह आपका जीवन बहुत आसान बना देता है। डिजिटल भुगतान से उपभोक्ताओं को सुविधा व विकल्प मिलता है क्योंकि उन्हें न तो नकद में पैसा लेकर चलना होता है और न ही पैसा निकालने के लिए एटीएम की कतार में लगना पड़ता है। डिजिटल भुगतान के माध्यमों की उपलब्धता ने बिल का भुगतान करने, ई-वॉलेट से जन परिवहन के टिकट खरीदने और कोई चीज खरीदने के लिए टैप-एंड-पे कार्ड की प्रक्रिया को और ज्यादा




आसान बना दिया है। यह सब काम कुछ सेकंड में पूरे हो जाते हैं। साथ ही, डिजिटल पेमेंट्स से चोरी और नकद पैसा संभालने का जोखिम कम हो गया है। डिजिटल पेमेंट एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन (एएफए) एवं रियल-टाईम ट्रांजैक्शन अलर्ट जैसे मजबूत फ्रॉड मिटिगेशन के उपायों द्वारा सुरक्षित होते हैं, इसलिए वो नकद में लेन-देन से ज्यादा सुरक्षित समाधान बन गए हैं।डिजिटल भुगतान पैसे का लेन-देन करने की पारंपरिक विधियों के मुकाबले ज्यादा तेज विकल्प है क्योंकि इसमें समय या आप किस जगह पर है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप दुनिया में किसी भी जगह रहते हुए और किसी भी समय में भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, सुरक्षा की अनेक परतों, जैसे टोकनाईजेशन, एन्क्रिप्शन आदि के साथ डिजिटल पेमेंट भुगतान का ज्यादा सुरक्षित व सुविधाजनक तरीका हैं।महामारी डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के लिए उत्प्रेरक बन गई। यह परिवर्तन स्वीकार करके मर्चैंट्स एवं स्थानीय दुकानदारों को पूरी दुनिया के साथ सामंजस्य बनाकर अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिली। जैसे-जैसे ज्यादा मर्चैंट डिजिटल भुगतान को स्वीकार करेंगे, वैसे-वैसे अर्थव्यवस्था पर इसका रिपल प्रभाव दिखने लगेगा।

## आत्म नगर में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद खुशी की लहर



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददता

लुधियानाः आत्म नगर हल्का जो लुधियाना की सबसे हॉट सीट मानी जाती थी मगर झाड़ू की आधी ने सब की सफाई कर दी वार्ड नं 44 मे गुरु दर्शन सिंह धमीजा ने खुशी में लड्डू बाटे और इलाके की महिलाओ ने बोलियां डाल कर गिद्धा डाला इस अवसर पर गुरु दर्शन सिंह ने बताया कि अपने आप को आत्म नगर मेरा मैं आत्म नगर का बड़े बड़े बोर्ड लगाने वाला दस साल नजर नही आया वही वार्ड नं 44 के पार्षद द्वारा कोई विकास नहीं किया गया मगर अब आम आदमी पार्टी के पंजाब में आने से लोगो की उम्मीद जागी है अब आत्म नगर का विकास भी होगा और सरकारी स्कूल भी बनेंगे इस अवसर पर बीबी अनिता, पूनम, मंजीत कौर, प्रेम लता, परमजीत कौर, नीलम लखनपाल, करमजीत सिंह धमीजा वार्ड प्रधान 44, संदीप सिंह, भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

## गरीब लोगों के स्वरोजगार व कौशल विकास पर रहा फोकस : पुनिया



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददता

नारनौल। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे फेज का अंतिम मेला शुक्रवार को सभागार भवन नारनौल में लगाया गया। इस मेले में 1727 परिवारों को बुलाया गया था। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने दोपहर को खुद मेले में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर डीसी ने बताया कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने के लिए अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया है। इन गरीब लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए यह अंत्योदय मेले कारगर साबित हो रहे हैं।

परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आंकड़े का सत्यापन करके इन गरीब परिवारों की पहचान की गई है। इन मेलों के माध्यम से इन परिवारों के स्वरोजगार व कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस जिला में अधिकतर लोगों ने पशुपालन के क्षेत्र में आवेदन किया है। सरकार का मकसद है कि यह परिवार अपना स्वरोजगार स्थापित करके अपनी वार्षिक आय में बढ़ोतरी करें। इन गरीब परिवारों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े इसी मकसद से एक ही छत के नीचे एक ही दिन में सभी कागजी कार्रवाई पूरी करवाई जा रही है।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम मनोज कुमार, बीजेपी नेता दयाराम यादव तथा बीजेपी के पूर्व जिला प्रधान शिव कुमार महता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## होली की रंगत को और गहरे करने के तरीके

चंडीगढ़ : हवा में होली के गुलाल की महक घुलने के साथ ही इस रंग बिरंगे त्योहार का उत्साह और रंगत वापस आ गई है। इस बार होली के मौके पर, चटख रंगों में सराबोर हो जाएं और अपने पसंदीदा ब्रांड्स - रीबॉक, पेरनोड रिकार्ड इंडिया, जिमीजकॉकटेल और अमेजन फैशन एंड ब्यूटीके ढेर सारे उत्पादों के साथ इस बार रंगों के इस त्योहार को और भी खास बनाइये। हस बार होली के मौके पर हमारे पास आपकी जरूरत की हर एक चीज उपलब्ध है। होली के कपड़ों से लेकर, होली की खास दावतों तक, आपकी होली को सबसे बेहतरीने बनाने के लिए यहां बहुत कुछ है ! रीबॉक- होली के लिए अगर आप एक ऐसा ट्रेंडी आउटफिट खरीदना चाहते हैं जो पूरे दिन घूमने के लिए आपको आराम दे।होली पर और भी बेहतर दिखाई देने के लिए रीबॉक के इन शानदार प्रॉडक्ट्स पर नजर डालें और होली की रंगत बढ़ाएं। ज़िग डायनामिका 3- अपनी खास डिजाइन के साथ जिग डायनामिका, एक बेहद ही क्रियाशील जूता है। यह पूरे जूते में गतिज ऊर्जा के प्रवाह को बहुत अच्छी तरह से बढ़ाता है। खूबसूरत रंगों में उपलब्ध, ज़िग आपके किसी भी लुक की खूबसूरती बढ़ा सकता है और होली के लिए आपका सबसे पसंदीदा स्नीकर्स बन सकता है। रीबॉक अपैरल- आपके होली के जश्न के लिए रीबॉक अपैरल सबसे सही है। ये न केवल आपकी स्टाइल को और भी बेहतरीन बनाता है, वहीं आपको पूरे दिन का आराम देने के लिए डिजाइन किया गया है। इन चुनिंदा एथलेटिक्स वियर्स की फिटिंग बेहद शानदार है




और ये त्वचा से नमी को बहुत अच्छे तरीके से दूर करते हैं। ऐसे में ये उत्पाद होली के त्योहार के लिए बेहद जरूरी हैं। जिमीजकॉकटेल्स-इस बार होली के मौके पर, जिमीज कॉकटेल की कॉकटेल किट और पैक के साथ अपने भीतर के बारटेंडर को सामने लेकर आएं। द न्यू जिमीज फेस्टिव गिफ्ट पैक, 2ल्लएडिशनः यह आपके लिए जश्न का सच्चा साथी है। जिमीज फेस्टिव गिफ्ट पैक अपने एट होम कॉकटेल सॉल्यूशन के साथ आपके होली के जश्न की रंगत बढ़ा देगा। पेरनोड रिकार्ड इंडिया-रंगों का त्योहार बस दरवाजे पर दस्तक दे ही रहा है, इसी के साथ, उत्सव के जोश के साथ जाम उठाएं और अपने दोस्तों और परिवार के साथ एक अच्छा समय बिताएं।शिवाज 12ः शिवाज 12, एक 12 साल पुराना ब्लेंड है। जिसे बेहद जोश के साथ त्योहार के जश्न का आनंद लेने के लिए तैयार किया गया है। नए रंग रूप के साथ शिवाज 12 स्कॉच व्हिस्की पीने वालों की एक नई सफल, स्टेटस का ख्याल रखने और स्टाइल पर ध्यान देने वाली पीढ़ी का ध्यान आकर्षित करेगा। बेहतरीन माल्ट और ग्रेन स्कॉच व्हिस्की से बनी, यह 12 साल पुरानी ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की सिग्नेचर ब्लेंड है और आपके प्रियजनों के लिए होली का एक बेहतरीन उपहार होगी। यह 'जल्द ही भारत आ रहा है'।

## व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मिले धरना दे रहे व्यापारियों से




» मदरलैंड संवाददता

नारनौल। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता किशन चौधरी ने अनाज मंडी जाकर दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर व्यापारियों की परेशानी जानी।

व्यापारीवर्ग की सभी बात जान समझ कर किशन चौधरी ने बताया कि उक्त अनाज मंडी को नई अनाज मंडी में स्थानांतरित करने बारे एक मुख्य केस उच्च न्यायालय में विचारित है। ऐसे में प्रदेश के जनकल्याणकारी हरियाणा सरकार ने ऐसा फैसला किसकी राय से लिया यह एक विचारणीय बिंदु हो सकता है। व्यापारी नेता किशन चौधरी ने बताया कि उनके ज्ञात अनुसार अभी नई अनाज मंडी में पक्की दुकानों की तो बात दूर टीन शेड तक मयस्सर नहीं है। ऐसे में बदलते गर्म मौसम में व्यापारी हो या किसान भाई वे सभी कहा बैठ के आवक की खरीद फरोख्त को अमलीजामा पहना पाएंगे। दूसरे वहाँ अभी किसी भी बैंक की शाखा वहां खुली नहीं हैं, ऐसे में सुबह और शाम दोनों समय क्रेता और विक्रेता दोनों को ही नकदी लाने ले जाने में भय का सामना करना पड़ सकता हैं क्योंकि यह अनाज मंडी शहर के दूसरे सुनसान छोर पर हैं तो ऐसी स्थिति में किसी अनहोनी की आशंका का खौफ हर पल बना रहेगा। ऐसे में मार्केट कमेटी द्वारा पुरानी जगह बोली लगवाने की परमिशन बन्द करना व्यापारी व किसान वर्ग के लिये ही नहीं सरकार की जनकल्याणकारी छवि के लिए भी हानिकारक साबित हो सकता है। ऐसे में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के बैनर से हम माननीय मुख्यमंत्री से दरख़्वास्त लगाते हैं कि नई जगह मंडी स्थानांतरित करने का केस जब तक माननीय उच्च न्यायालय में विचारणीय हैं तब तक पुरानी जगह पूर्व की तरह बोली लगवाना बंद न करे।

कामधेनू के दिल्ली व हरियाणा के डीलर हुए सम्मानित

## कंपनी ने गोवा चैनल पार्टनर्स मीट में किया अपने शीर्ष डीलरों को पुरस्कृत




» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददता

हांसी। ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े विनिमार्ता एवं विक्रेता कामधेनू लिमिटेड ने दिल्ली व हरियाणा के अपने डीलरों की कामयाबी का जश्न मनाने के लिए गोवा में चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। कामधेनू लिमिटेड के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक सतीश कुमार अग्रवाल तथा कंपनी के निदेशकों सचिन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल श्री सौरभ अग्रवाल ने इस आयोजन को संबोधित किया। दिल्ली व हरियाणा के 250 से अधिक डीलरों ने अपने परिवारों के संग इस कार्यक्रम में शिरकत की।

इस आयोजन के दौरान कुछ सत्र भी रखे गए जैसे-उत्पाद का परिचय, अभिनव मार्केटिंग व कारोबारी रणनीतियां, प्रचार अभियान, ब्रांड जागरुकता अभियान व बिक्री बढ़ाने के लिए खास तकनीकों की जानकारी। वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए सभी डीलरों और वितरकों के लिए बिक्री लक्ष्य भी निर्धारित किए गए।

इस आयोजन में तय लक्ष्य हासिल करते हुए कामधेनू ग्रुप की वृद्धि में योगदान देने वाले डीलरों को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में 52 डीलरों को पुरस्कृत किया गया, बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने विजेताओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया। लोकप्रिय बॉलीवुड गायक सुखविंदर सिंह ने इस शाम को संगीतमय बनाया और पुरस्कृत डीलरों व उनके परिवारों ने गीत संगीत का खूब आनंद लिया। इस मौके पर कामधेनू लिमिटेड के सीएमडी सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि चैनल पार्टनर व डीलर कामधेनू परिवार का अहम हिस्सा हैं। यह अवसर न केवल अपने चैनल पार्टनरों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने का है बल्कि इससे हमें यह भी मौका मिला है कि हम उन्हें और अच्छी तरह जान सकें, उनकी जरूरत को समझ पाएं ताकि हम उन्हें बेहतर ढंग से सहयोग दे सकें और उनके साथ मिलकर काम कर सकें। इस आयोजन से हमें अपने विस्तारित परिवार से मिलने व उनके उदाहरणीय प्रदर्शन को सराहने का मौका मिला। यहां हमने उन्हें कड़ी मेहनत करने और कंपनी के लिए नई ऊंचाईयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। डीलरों को संबोधित करते हुए कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सचिन अग्रवाल ने दमदार प्रदर्शन के लिए अपने डीलरों को बधाई दी। उन्हांने कहा कि वे डीलरों के आभारी हैं कि उन्होंने सिर्फ दिल्ली व हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे भारत के हर घर में कामधेनू को जाना-माना नाम बना दिया है। इसी जज्बे के संग हम निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे और मजबूत होते रहेंगे। इस प्रकार के आयोजन बहुत अहम होते हैं क्योंकि इनसे हमें अपने डीलरों के साथ संबंधों को मजबूती देने में मदद मिलती है और साथ ही हम उन्हें कामधेनू लिमिटेड की तकनीकी इनोवेशंस और उत्पादों के बारे में भी सूचित करते हैं।

इस चैनल पार्टनर्स मीट से कंपनी व उसके डीलरों के बीच रिश्ता मजबूत हुआ है। इस आयोजन के दौरान डीलरों ने अपने सुझाव दिए और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ बातचीत की।

## शिविर में आई महिलाओं का डा पिंकी यादव ने किया उपचार

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य योजना के तहत लगने वाले कैंप में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच करा स्वास्थ्य लाभ उठाया। उक्त आशय की जानकारी कनीना उप नागरिक अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डा पिंकी यादव ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य योजना के तहत हर मास लगने वाले कैंप में सैकड़ों महिलाओं ने शामिल होकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जिसमें कुछ महिलाओं को एनीमिया तथा थाइरोइड उक्त रक्तचाप जैसी हाई रिस्क बीमारियां पाई गई जिनमें कुछ को हायर सेंटर रेफर किया गया तो कुछ को आयरन जैसी टेबलेट देकर उनका ट्रीटमेंट शुरू कराया गया। वहीं डॉक्टर पिंकी यादव ने कैंप में आई महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा खून की कमी को दूर करने के लिए वह शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए हरी सब्जी पर फल दूध तथा अंडे का प्रयोग करना चाहिए जिसे हमारे शरीर में इम्यूनिटी पावर बनी रहे। शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता अधिक रहे क्योंकि अगर रोगों से लड़ने की क्षमता हमारे शरीर में बनी रहेगी तो कोई



भी रोग हमारे शरीर को छू भी नहीं जिसके कारण हम गए हमारे गर्भ में पल रहे शिशु को भी स्वस्थ रखने में फायदा होगा। वही उन्होंने महिलाओं को यह भी बताया कि इस कैंप के अलावा आप व आपके परिवार को कोरोना व ओमीक्रोन जैसी महामारियों से बचने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डॉक्टर पिंकी यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको कोरोना रोधक वैक्सीन लगवानी चाहिए। साथ साथ बार-बार साबुन से अपने हाथ धोते हुए मास्क लगाकर जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। क्योंकि गर्भवती महिलाओं के शरीर में कमजोरी होने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां आने की संभावना बढ़ती है जिसको लेकर ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। वही डॉक्टर पिंकी यादव ने महिलाओं को यह भी कहा कि जिस घर में 13 साल से 18 साल तक के बीच के बच्चे हैं उनको तुरंत प्रभाव से अपने नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर कोरोना वह ओमीक्रोन जैसी खतरनाक बीमारी से बचने के लिए वैक्सीन लगवाएं ताकि आप और आपका परिवार पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सके। अवसर पर उप नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सुंदरलाल यादव, एलएमओ डॉक्टर पिंकी यादव, ब्लॉक आशा को-ऑर्डिनेटर दिनेश सैनी, आईसीटीसी को-ऑर्डिनेटर रणधीर सिंह, आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन प्रमोद कुमार के अलावा इनके साथ अस्पताल के विभिन्न स्टाफ सदस्य मौजूद था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# लैंगिक समानता बनाम सामाजिक संतुलन



डॉ. शंकर सुवन सिंह

'महिला' शब्द नारी को गरिमामयी बनाता है। महिला शब्द नारी के आदर भाव को प्रकट करता है। ह्यस्त्रीह्न शब्द नारी के सामान्य पक्ष को प्रदर्शित करता है। नर का स्त्रीलिंग ही नारी कहलाता है। नारी शब्द का प्रयोग मुख्यतः वयस्क स्त्रियों के लिए किया जाता है। नारी शब्द का प्रयोग संपूर्ण स्त्री वर्ग को दशार्ने के लिए भी किया जाता है। औरत एक अरबी शब्द है,। औरत शब्द ह्यऔराहह्न धातु से बनी है। जिसका अर्थ शरीर को ढंकना होता है। अरबी मजहब में औरत की यही परिभाषा है। स्त्री, प्रकृति सूचक है। यह स्वभाव वाचक शब्द है। नारी, देवत्व सूचक है। यह गुणवाचक शब्द है। महिला, सामाजिक प्रस्थिति सूचक है। यह अधिकार वाचक शब्द है। औरत, मजहबी सूचक है। यह उपभोग बोधक शब्द है। मादा (फीमेल), जैविक सूचक है। यह प्रजनन बोधक शब्द है। वूमेन,पराधीनता सूचक है अर्थात (किसी व्यक्ति की पत्नी) वाइफ ऑफ मैन। यह पराधीन बोधक शब्द है। अतः महिलाओं के लिए शब्द चयन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य यह है कि भारतीय स्त्रियां भी अपने लिए सही शब्द का चयन करें/ करवाएं। क्योंकि स्त्रियों की सोच और उनकी अभिव्यक्ति ही उनके व्यक्तित्व का दर्पण होती है। किसी भी राष्ट्र के विकास का स्थाई भविष्य उसके लैंगिक समानता से तय होता है। लैंगिक समानता राष्ट्र के विकास को गति प्रदान करता है। कहावत है कि हर एक सिक्के के दो पहलु होते हैं। इनमे से किसी एक पहलु को हटा दें तो सिक्के का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। कहने का तात्पर्य - नर और नारी एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। नर और नारी के अस्तित्व से समाज है। इनमे से किसी एक के साथ दुर्व्यवहार होगा तो समाज में असंतुलन की स्थिति पैदा होगी। जिससे समाज का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। राष्ट्र के विकास के लिए समाज में लैंगिक समानता का होना बहुत जरूरी है। महिला और पुरुष समाज के मूलाधार हैं। अतएव लैंगिक समानता रूपी नींव पर राष्ट्र के विकास रूपी इमारत का निर्माण किया जा सकता है। अभी भी भारत में लिंग आधारित भेदभाव कार्य कर रहा है। जन्म से लेकर मौत तक, शिक्षा से लेकर रोजगार तक, हर जगह पर लैंगिक भेदभाव साफ साफ नजर आ जाता है। इस भेदभाव को कायम रखने में सामाजिक और राजनीतिक पहलू बहुत बड़ी भूमिका निभाते है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 की थीम/प्रसंग - ह्यजेंडर इक्वालिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारोह्न (एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता) है। सेंटर फॉर जेंडर इक्वलिटी एंड इनक्लूसिव लीडरशिप की चेयरपर्सन अलका रजा का लक्ष्य है - महिला सशक्तिकरण, शांति और सुरक्षा के लिए मौजूदा चुनौतियों और बाधाओं को कवर करना। संयुक्त राष्ट्र सचिवालय न्यूयॉर्क में अब तक की सबसे कम उम्र की पेशेवर महिला के रूप में नियुक्त होने का गौरव लिसेलोटे वाल्डहाइम नेचुरल को मिला है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महिलाओं व पुरुषों के लिंगानुपात को ठीक करने के साथ महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़ी पहल की थी। वर्ल्ड इकनोमिक फोरम द्वारा वर्ष 2021 के ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स की बात करें तो भारत 156 देशों की सूची में 140 नंबर पर आता हैं। इस रैंक से साबित होता है कि आज भी हमारे देश में लैगिंक भेदभाव की जड़ें गहरी हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल समाज में महिलाओं के खिलाफ होने वाले और मुख्य रूप से हिंसात्मक कार्यों के सभी रूपों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा आमतौर पर लिंग आधारित होती है। लैंगिक समानता लाकर लिंग आधारित असमानताओं को समाज से दूर किया जा सकता है। लैंगिक समानता का उद्देश्य पुरुषों और महिलाओं के बीच सभी सीमाओं और मतभेदों को दूर करना है। यह पुरुष और महिला के बीच किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करता है। लिंग समानता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करती है, चाहे वह घर पर हो या शैक्षणिक संस्थानों में या कार्यस्थलों पर। लैंगिक समानता राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समानता की गारंटी देती है। भारत में लैंगिक समानता के आधार पर महिलाओं को मिले 11 अधिकार इस प्रकार हैं- 1- समान मेहनताना का अधिकारः इक्वल रिम्यूनरेशन एक्ट में दर्ज प्रावधानों के मुताबिक सैलरी के मामलों में लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते हैं। किसी कामकाजी महिला को पुरुष के बराबर सैलरी लेने का अधिकार है। 2- गरिमा और शालीनता का अधिकारः महिला को गरिमा और शालीनता से जीने का अधिकार मिला है। किसी मामले में अगर महिला आरोपी है, उसके साथ कोई मेडिकल परीक्षण हो रहा है तो यह काम किसी दूसरी महिला की मौजूदगी में ही होना चाहिए। 3- कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षाः भारतीय कानून के मुताबिक अगर किसी महिला के खिलाफ दफ्तर में शारीरिक उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न होता है, तो उसे शिकायत दर्ज करने का अधिकार है। इस कानून के तहत, महिला 3 महीने की अवधि के भीतर ब्रांच ऑफिस में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (आई सी सी ) को लिखित शिकायत दे सकती है। 4 -घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकारः भारतीय संविधान की धारा 498 के अंतर्गत पत्नी, महिला लिव-इन पार्टनर या किसी घर में रहने वाली महिला को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार मिला है। पति, मेल लिव इन पार्टनर या रिश्तेदार अपने परिवार के महिलाओं के खिलाफ जुबानी, आर्थिक, जज्बाती या यौन हिंसा नहीं कर सकते। आरोपी को 3 साल गैर-जमानती कारावास की सजा हो सकती है या जुमार्ना भरना पड़ सकता है। 5 -पहचान जाहिर नहीं करने का अधिकारः किसी महिला की निजता की सुरक्षा का अधिकार हमारे कानून में दर्ज है। अगर कोई महिला यौन उत्पीड़न का शिकार हुई है तो वह अकेले डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा सकती है। किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में बयान दे सकती है। 6- मुफ्त कानूनी मदद का अधिकारः लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज एक्ट के मुताबिक बलात्कार की शिकार महिला को मुफ्त कानूनी सलाह पाने का अधिकार है. लीगल सर्विस अथॉरिटी की तरफ से किसी महिला का इंतजाम किया जाता है। 7- रात में महिला को नहीं कर सकते गिरफ्तारः किसी महिला आरोपी को सूर्यास्त के बाद या सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं कर सकते। अपवाद में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट के आदेश को रखा गया है। कानून यह भी कहता है कि किसी से अगर उसके घर में पूछताछ कर रहे हैं तो यह काम महिला कांस्टेबल या परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में होना चाहिए। 8- वर्चुअल शिकायत दर्ज करने का अधिकारः कोई भी महिला वर्चुअल तरीके से अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है. इसमें वह ईमेल का सहारा ले सकती है। महिला चाहे तो रजिस्टर्ड पोस्टल एड्रेस के साथ पुलिस थाने में चिट्ठी के जरिये अपनी शिकायत भेज सकती है। इसके बाद एसएचओ महिला के घर पर किसी कांस्टेबल को भेजेगा जो बयान दर्ज करेगा। 9-अशोभनीय भाषा का नहीं कर सकते इस्तेमालः किसी महिला (उसके रूप या शरीर के किसी अंग) को किसी भी तरह से अशोभनीय, अपमानजनक, या सार्वजनिक नैतिकता या नैतिकता को भ्रष्ट करने वाले रूप में प्रदर्शित नहीं कर सकते. ऐसा करना एक दंडनीय अपराध है। 10- महिला का पीछा नहीं कर सकतेः आईपीसी की धारा 354 डी के तहत वैसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी जो किसी महिला का पीछे करे, बार-बार मना करने के बावजूद संपर्क करने की कोशिश करे या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन जैसे इंटरनेट, ईमेल के जरिये मॉनिटर करने की कोशिश करे। 11- जीरो एफआईआर का अधिकारः किसी महिला के खिलाफ अगर अपराध होता है तो वह किसी भी थाने में या कहीं से भी एफआईआर दर्ज करा सकती है. इसके लिए जरूरी नहीं कि कंप्लेंट उसी थाने में दर्ज हो जहां घटना हुई है. जीरो एफआईआर को बाद में उस थाने में भेज दिया जाएगा जहां अपराध हुआ हो। महिलाओं के साथ भेदभाव को समाप्त करने में अध्यात्म गहरी भूमिका निभाता है। हमारी संस्कृति में स्त्री का दर्जा पुरुष से कम नहीं माना गया है।

## संपादकीय

ग



विपक्ष कैसे बने दमदार? (लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक/ईएमएस)

इन पांच राज्यों के चुनाव में विपक्ष को इतनी तगड़ी मार लगी है कि कुछ दिनों तक उसके होश-हवाश गुम रहें तो कोई आश्चर्य नहीं है। आज के दिन विपक्ष के पास न तो ऐसी कोई पार्टी या गठबंधन है, जो भाजपा को अखिल भारतीय स्तर पर चुनौती दे सके। विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता भी नहीं है, जो मोदी का मुकाबला कर सके। 2024 में मोदी और भाजपा का तिबारा लौटना साफ-साफ दिखाई पड़ रहा है बशर्ते कि वह आपात्काल जैसी कोई भयंकर भूल न कर दे। वह ऐसी भूल यदि कर भी दे तो विपक्ष के पास जयप्रकाश नारायण की तरह कोई ऐसा अनासक्त शीर्ष पुरुष भी नहीं है, जो सारे विरोधी दलों को एक मंच पर ला सके। ऐसी स्थिति पर आम लोगों और खास तौर से भाजपा के करोड़ों सदस्यों की यह प्रतिक्रिया हो सकती है कि भारत की राजनीति पर मोदी और भाजपा का एकछत्र वर्चस्व देश के लिए बहुत लाभप्रद हो सकता है। कमजोर विपक्ष के फिजूल विरोध की परवाह किए बिना भाजपा अपने लोक-कल्याणकारी अभियान को काफी आगे बढ़ा सकती है। यह सोच वैसे तो ऊपरी तौर पर ठीक ही लगता है लेकिन लोकतंत्र की रेल हमेशा दो पटरियों पर चलती है। यदि एक पटरी बेहद कमजोर हो जाए या न हो तो रेल के उलटने का डर बना रहता है, जैसा कि 1975 हो गया था। यदि किसान आंदोलन की तरह कोई बड़ा जन-आंदोलन खड़ा हो गया तो वही नौबत अब भी आ सकती है। भाजपा की रेल पटरी पर चलती रहे और हमारा लोकतंत्र भी लकवाग्रस्त न हो जाए, इसके लिए जरुरी है कि अब देश में सशक्त विपक्ष का निर्माण हो। इस संभावना को क्रियान्वित करने के लिए अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी को पहल करनी होगी। यदि ये तीनों जुड़ सकें तो महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, कश्मीर आदि की प्रांतीय पार्टियों के नेता भी इनसे जुड़ सकते हैं। समस्त गैर-भाजपा पार्टियों के वोट मिलकर आज भी देश में भाजपा से कई गुना ज्यादा हैं। 2019 के चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से भाजपा को लगभग सिर्फ 23 करोड़ वोट मिले थे। शेष 68 करोड़ मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने की क्षमता इस समय देश के किसी नेता या पार्टी में नहीं है। यदि वे कोई महागठबंधन बना लें तो उसका भी सफल होना संभव नहीं है, क्योंकि इस गठबंधन के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई जबर्दस्त मुद्दा नहीं है। हां, यदि सारे विपक्षी दल मिल जाएं तो शायद कांग्रेस की शेखी थोड़ी घट जाए और वह भी शायद बड़े गठबंधन में शामिल हो जाए। लेकिन जब तक इस विपक्षी गठबंधन के पास भारत को महासंपन्न और महाशक्ति बनाने का ठोस वैकल्पिक नक्शा नहीं होगा, भारत की जनता इन कुर्सीप्रेमी विपक्षियों से अनुप्रेरित बिल्कुल नहीं होगी। परिवारवाद, जातिवाद और सांप्रदायिकता ने इन विरोधी दलों को अकर्मण्य और दिशाहीन बना दिया है। विरोधी दलों की अशक्तता और सभी दलों में घटता हुआ आंतरिक लोकतंत्र पूरे भारत की चिंता का विषय है। डॉ. वेदप्रताप वैदिक, 11.03.2022 (ईएमएस)

# तबाह यूक्रेन और महाविनाश की नई आहट !



ऋतुपर्ण दवे

इस चीन-पा

यूक्रेन-रूस युध्द को दूसरा सप्ताह बीतने पर है, कितने दिन और बीतेंगे कोई नहीं जानता। बेशक यूक्रेन हर रोज तबाह हो रहा है लेकिन युध्द के मैदान में डटे रहना जेलेंस्की का नेतृत्व और उससे भी बढ़कर वहाँ के नागरिकों का देशप्रेम बताता है। यह बात अलग है कि यदि यूक्रेन पराजित हुआ तो वापस खड़े होने में लंबा वक्त लगेगा और जीता तो भी यही होना है। हर हाल में युध्द की विभीषिका की सबसे बड़ी कीमत सिर्फ और सिर्फ यूक्रेन को ही चुकानी पड़ेगी।

भले ही शुरू में दुनिया को लगा हो कि युध्द कुछ घण्टों का होगा और दुनिया के नक्शे से एक लोकतांत्रिक देश सिमट जाएगा? मगर ऐसा नहीं हुआ। हर सुबह युध्द की नई विभीषिका रात की तबाही का मंजर दुनिया को दिखाती, बताती और कल के दावे का कयास लगाती। लंबा वक्त बीत रहा है, कल क्या होगा कोई नहीं जानता। महाशक्ति को चुनौती देना कोई साधारण बात नहीं। लेकिन रूस का भी इसे लेकर आंकलन गलत निकला। रूस का यूक्रेन की चुनौती का सामना कोई रणनीति तो नहीं लगती बल्कि दुनिया के सामने खुद को लजाने जैसा है। सबको पता है कि पुतिन का सपना एक बार फिर टूटे हुए सोवियत संघ को वापस बनाना है। लेकिन यूक्रेन का भी किसी देश के बुनियादी उसूलों की भाँति स्वतंत्रता, स्वायत्तता, संप्रभुता को बरकरार रखने की मंशा भी तो बुरी नहीं कही जा सकती..!

इसे कोई गलती कहे या कोई यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की अपने देशवासियों की भावनाओं का सम्मान लेकिन उन्होंने नाटो पर भरोसा करके यूक्रेन की भलाई का वो सपना देखा था जो रूस के साथ सच नहीं हो पाता। अब जेलेंस्की की ये उम्मीदें कितनी खरी और कितनी खोटी निकलीं आईने की तरह साफ है। यूक्रेन की तबाही और मानवाधिकार उलंघनों की त्रासद और पल-पल आती तस्वीरों ने दुनिया को झकझोर जरूर दिया है। न रूस मान रहा है और न ही यूक्रेन झुकता दिखता रहा है।

विडंबना देखिए वो दो देश आपस में दुश्मन हो गए जिनका रोटी-बेटी का रिश्ता है। हर तीसरा व्यक्ति एक दूसरे की भाषा बोलता, जानता तथा रिश्तेदार भी है। कभी रूस को बनाने में अहम रहा यूक्रेन आज खुद को उसी से हथियाए जाने से डरा हुआ है। सच तो यह है कि यह लड़ाई यूरोपीय लोकतांत्रिक बनाम कथित निरंकुश देश की है। अमेरिका और नाटो के तमाम प्रतिबंधों के बावजूद रूस की सेहत पर किसी भी प्रकार का कोई फर्क नहीं दिखना उसकी अड़ी बताता है। पुतिन की वैश्विक छवि के लिए यह बेहद खतरनाक हो सकता है लेकिन रूस की सेहत पर कुछ फर्क पड़ेगा लगता नहीं। फोर्ब्स मैगजीन में दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोगों में लगातार कई बार शुमार रहे पुतिन को ऐसा क्या हो गया जो वो एक अड़ियल रुख अपना रहे हैं? 16 साल तक सोवियत संघ की गुप्तचर संस्था केजीबी में अधिकारी के रूप में सेवा दे चुके पुतिन ने 2000 और फिर 2004 का राष्ट्रपति चुनाव जीता। 2008 में प्रधानमंत्री बने फिर अपने मुताबिक संविधान संशोधन को कानून बनवाकर 6-6 वर्ष के कार्यकाल के लिए



2012 और 2018 में फिर राष्ट्रपति बने और इस तरह 2036 यानी 86 वर्ष की उम्र तक के लिए रास्ता साफ करा लिया।

वहीं जेलेंस्की जो टीवी सेलेब्रिटी स्टार रहे हैं अप्रेल 2019 में ही यूक्रेन के राष्ट्रपति बने। नाटो में शामिल होने की कवायद के चलते रूस से दूरियां बढ़ती रहीं। रूसी की लगातार धमकी, सैन्याभास से बेफिक्री और अलगाववादियों को समर्थन के चलते मौजूदा हालात सामने हैं। युध्द के दौरान भी बेहतरीन अदाकार जैसे अपने भावुक भाषणों से देश की जनता के हाथों में हथियार पकड़ा पूरी दुनिया को जेलेंस्की ने जहाँ प्रभावित किया वहीं रूस के विरुध्द जबरदस्त माहौल जरूर बना दिया। चंद घण्टों की लड़ाई का मंसूबा पाले महाशक्ति के सामने चुनौती ने वैश्विक अनिश्चितता ला खड़ी की है। निश्चित रूप से यूक्रेन की तबाही आज उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहाँ मानवाधिकारों के हनन और तमाम शहरों के विध्वंश के चलते दुनिया भर में यूक्रेन के प्रति सहानुभूति उमड़ी और देखते ही देखते संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र महासभा आदि की बैठक में व्यापक समर्थन मिलना एक अलग संकेत है।

सवाल बेहद बड़ा है। क्या रूस, अमेरिका और अमेरिका के इशारे पर नाटो के त्रिकोण से युध्द उस अंजाम तक जाएगा जहाँ से तीसरे विश्व युध्द की शुरूआत होगी? रुस, यूक्रेन को अमेरिका की तरफ झुकता देखना नहीं चाहता। यूक्रेन रूस की तरफ जाना नहीं चाहता ऐसे में अंकल सैम कहें या खुद को दुनिया का दारोगा मानने वाले अमेरिका और पुतिन के नेतृत्व में फिर महाशक्ति बनने का ख्वाब पाले रूस का सोवियत संघ बनाने का मंसूबा दुनिया को किस मोड़ पर ले जाएगा, इसका जवाब फिलाहाल न तो आसान दिखता और न ही सुलझता।

यूक्रेन पूर्वी यूरोप स्थित एक देश है जिसकी सीमाएँ पूर्व में रूस, उत्तर में बेलारूस, पोलैंड, स्लोवाकिया, पश्चिम में हंगरी, दक्षिण पश्चिम में रोमानिया और माल्दोवा और दक्षिण में काला सागर और अजोव सागर से मिलती हैं। यूक्रेन यूरोप का दूसरा बड़ा देश है जो आठ साल से जारी यूक्रेनी अलगाववादियों के सशस्त्र विद्रोह को झेल रहा है। ऐसे में रूस ने यूक्रेन के दो प्रदेशों लुहान्सक और दोनेत्स्क को स्वतंत्र गणराज्यों की मान्यता देकर आग में घी डालने का काम कर मौजूदा हालात बनाए हैं। इस बात से जरा भी इंकार नहीं कि विकास और अंतरिक्ष पर फतह करने की होड़ के बीच धरती पर युध्द थोड़ा बेजा लगता है लेकिन यह सच है।

पुतिन भले ही आत्मविश्वास से भरे दिखें, जेलेंस्की के भावुक भाषणों से दुनिया को मदद के लिए गुहारें लेकिन यह भी सच्चाई है कि रूस और यूक्रेन स्लाविक हैं, दोनों ही नाजियों के खिलाफ मिलकर लड़े हैं। मैदानी जंग के अलावा 21 वीं सदी की बनती इस सबसे बड़ी लड़ाई का कोई ओर-छोर दिखता नहीं है क्योंकि यूक्रेन कोई कीबिया या सीरिया नहीं है। पर्दे के पीछे सारा खेल कभी अलग सा भी दिखने लगता है कि कहीं मकसद तेल और गैस की प्राकृतिक संपदा हथियाना तो नहीं? यूक्रेन को भले ही सीधी मदद न मिले लेकिन तमाम देशों से हथियारों की खेप जिसमें टैंक, मिसाइल, ऐन्टी एयरक्राफ्ट गन और तमाम आधुनिक हथियार देकर यूक्रेन को उकसाने और डटे रहने की अमेरिकी जुगत से यह युध्द भले ही तीसरे विश्व युध्द के खतरे का आगाह कराता हो लेकिन सच तो यही है कि मानवता पर कहर बनकर टूटी यह जंग परमाणु युध्द की ओर भी बढ़ती सी दिख रही है। यूक्रेन के दो परमाणु बिजली संयत्रों पर कब्जा, तीसरा हथियाने की तैयारी, थर्मोबारिक यानी वैक्यूम बमों का इस्तेमाल तक मानवता के लिए अच्छा नहीं है। 11 वें दिन यूक्रेन का रूस पर पलटवार करना खतरनाक इशारा है।

एक आशियाना बनाने में लोगों की पूरी उम्र गुजर जाती है। यहाँ तो शहर के शहर तबाह हो रहे हैं ऊपर से यूक्रेन के नागरिकों ने कामकाज छोड़ हमलों की तैयारी पूरी कर हाथों में हथियार उठा लिए। महिलाएँ तक जंग के मैदान में डटीं हैं। युध्द का अंजाम जो भी निकले नहीं पता लेकिन मैदान से इतर भी एक लड़ाई जारी है जिससे यह युध्द कभी प्रोपोगण्डा तो कभी इन्फर्मेशन, कभी हाईब्रिड, कभी फोटो, कभी इण्टरनेट तो कभी डिजिटल वार भी लगने लगता है। ईश्वर न करे दो महाशक्तियों की जूतम पैजार के बीच फँसते दोनों ही तरफ के पड़ोसी देश भी कहीं युध्द की विभीषिका में न उलझ जाएं वरना जैसा कि लगने लगा है तीसरा विश्व युध्द तय है। अगर ऐसा हुआ तो रूस-अमेरिका में जंग कोई भी जीते हारेगी और तबाह होगी सिर्फ और सिर्फ इंसानियत। बस ऐसा न हो नहीं तो 21 वीं सदी का यह विश्व युध्द किस कगार पर ले जा सकता है कल्पना मात्र से ही सिरहन होती है क्योंकि जैसी कि धमकियाँ दोनों ही ओर से दी जा रही हैं उससे लगता है कि दुनिया ही नहीं बचेगी तो जीतेगा कौन? और जो बच भी जाएंगे उनके जख्मों, नासूर, भूख-प्यास का क्या हश्र होगा? सोचकर भी डर लगता है।

भारत की तटस्थता पर जरा भी सवाल नहीं लेकिन क्वाड बैठक के बाद बाइडन का उसके रुख को लेकर इशारा भी बुरी आहट है। तूफान में दिए की यह लड़ाई किस मोड़ पर जा रही है इसको लेकर कोई कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं है। बात छोटे-बड़े, शक्ति-महाशक्ति की नहीं, बस किसी कदर इस युध्द को रोकने की ही है। इस जरा सी दिखने वाली बहुत भारी भूल मानवता का ही समूल विध्वंश न करे इस पर सबको तुरंत सोचना ही होगा।

# अखिलेश पर भारी योगी



सिद्धार्थ शंकर

उत्तर प्रदेश की पूरी सियासी तस्वीर साफ हो चुकी है। कुछ सीटों के नुकसान के साथ भाजपा दोबारा सरकार बनाने जा रही है। उत्तर प्रदेश में करीब 37 साल बाद ऐसा हो रहा है, जब कोई सरकार फिर से पूर्ण बहुमत के साथ रिपीट हो रही है। यूपी में 2017 और 2022 में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। इससे पहले ऐसा साल 1980, 1985 में हुआ था जब कोई सरकार पूर्ण बहुमत के साथ रिपीट हुई थी। तब कांग्रेस ने साल 1980 में 309, 1985 में 269 सीटों के साथ सरकार में आई थी। उत्तर प्रदेश में छह महीने पहले एकतरफा मुकाबला था। मतलब सियासी गलियारे में यह चर्चा थी कि योगी आदित्यनाथ फिर से चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन देखते ही देखते पूरा खेल बदल गया। चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के खिलाफ माहौल बन बया। एक के बाद एक योगी के तीन मंत्रियों समेत 11 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी। सभी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। यहीं से समाजवादी पार्टी ने अपने पक्ष में माहौल बना लिया। यहां तक कहा जाने लगा था कि इस बार भाजपा चुनाव हार सकती है। मगर अब जब परिणाम आए तो अखिलेश यादव पर योगी आदित्यनाथ भारी पड़ गए। ऐसे कई मुद्दे रहे, जो भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने में कामयाब रहे। सस्ती बिजली, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा, शिक्षामित्रों को फिर से सहायक अध्यापक बनाने और पुरानी पेंशन लागू करने जैसे बड़े चुनावी घोषणाएं भी योगी सरकार की कानून व्यवस्था के आगे फेल हो गए। योगी आदित्यनाथ लोगों को यह समझाने में कामयाब हुए कि कानून व्यवस्था बेहतर रही तो प्रदेश का विकास तेजी से होगा। यही नहीं, चुनावी दौर में



सपा नेताओं के आए विवादित वीडियो भी अखिलेश के खिलाफ चले गए। अखिलेश ने जितना माहौल बनाया था, वो सब पीछे हो गए। महिलाओं ने अखिलेश के किसी भी वादे की बजाय योगी के कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। पिछले कुछ चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत महिलाएं बनकर उभरी हैं। पीएम आवास योजना से लेकर उज्जवला गैस योजना और बिजली योजना तक सब ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया। महिलाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी योगी आदित्यनाथ का साथ दिया। चुनाव के नतीजे साफ बताते हैं कि मुस्लिम महिलाओं ने भी भाजपा सरकार को वोट दिया है। कोरोना काल में तीन साल से भाजपा की सरकार हर गरीब तक मुफ्त राशन पहुंचा रही थी। गांव-गांव में लोगों ने इसकी तारीफ की। पीएम मोदी और सीएम योगी अपनी रैलियों में भी इसका जिक्र हमेशा करते थे। इसका फायदा भी भाजपा को मिला।

पीएम किसान सम्मान योजना के तहत हर साल छोटे किसानों को छह हजार रुपए दिए जाते हैं। ये रकम सीधे किसानों के खाते में जाती है। गांव-गांव में किसान इसकी तारीफ भी करते हैं। इसके अलावा आवास योजना और शौचालय के लिए भी गरीब व मध्य वर्ग के लोगों को अच्छी खासी रकम दी जाती है। खुले मंच से लोग इसकी तारीफ करते हैं। चुनाव में भाजपा के लिए ये योजनाएं काफी मददगार साबित हुईं। करीब 70 फीसदी दलित वोटर्स बहुजन समाज पार्टी से शिफ्ट होकर भाजपा की तरफ आ चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने काफी कोशिशें कीं, लेकिन दलित मतदाताओं का भरोसा नहीं जुटा पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि जब सपा की सरकार थी, तब सबसे ज्यादा दलितों पर अत्याचार के मामले सामने आए थे। इसलिए बसपा के बाद दलित वोटर्स का अगर किसी पार्टी पर भरोसा बन पाया है तो वह भाजपा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## मृतक के परिजनों से मिलने पहुँचे सांसद



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। शुक्रवार को अररिया सांसद प्रदीप सिंह बथनाहा पहुँच कर सर्वप्रथम मृतक विद्यानंद मंडल के परिजनों से भेंट किया। साथ ही स्व. मंडल के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होंने स्व. मंडल के पत्नी व पुत्र सहित पूरे परिवार को दुख की घड़ी में साहस से काम लेने का अनुरोध किया। ज्ञात हो कि बथनाहा निवासी विद्यानंद मंडल की मृत्यु बीते दिनांक 08/03/022 को सड़क दुर्घटना(हिट एंड रन) से हो गई थी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि मृतक परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। इस बाबत उन्होंने मुआवजा के संबंध में बात की। मौके पर भाजपा नेता रोहित यादव, पूर्व मुखिया अरुण कुमार मंडल,पूर्व सरपंच मनोज मंडल, शशिनाथ मिश्र, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अजय साहनी,पूर्व सरपंच मो० आबिद सहित सैकड़ो स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय निरीक्षण के लिए पहुंचे बीईओ




मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। बथनाहा नरपतगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय श्यामनगर में शुक्रवार को अनियमितता की मिली शिकायत के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो अमीरुल्लाह निरीक्षण करने पहुँचे। मौके पर उन्होंने बताया कि विद्यालय के सचिव,अध्यक्ष,पंचायत समिति एवं ग्रामीण अभिभावकों द्वारा मिली शिकायत पर विद्यालय का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापिका नीतु कुमारी को ससमय विद्यालय संचालन करने के लिये आवश्यक निर्देश दिया गया है। वही सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने की हिदायत भी दे दी गयी है। इसके बाद यदि कोई शिक्षक दोषी पाए जाते हैं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर विद्यालय के संकुल के पूर्व संकुल समन्वयक जितेंद्र रॉय,साधन यादव, श्यामल सिंह, अध्यक्ष, सचिव रीता देवी, बीरबल यादव व सभी शिक्षक मौजूद थे।

## पीजीआरओ बारसोई के निर्देश पर माणिकनगर में सीओ ने हटाया अतिक्रमण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के अरिहाना पंचायत अंतर्गत माणिकनगर गांव में पीजीआरओ बारसोई के निर्देश पर माणिकनगर में सीओ संजय कुमार और सीआई शमीम आलम के नेतृत्व में निजी जमीन के आगे एक व्यक्ति अतिक्रमण किये हुए था।इस बाबत निजी भू-स्वामी आवेदक मसोमात इंद्रा देवी ने पीजीआरओ बारसोई को आवेदन देकर जमीन अतिक्रमण कराने की गुहार लगाई गई थी।वहीं पीजीआरओ बारसोई के निर्देश पर माणिकनगर पहुँच सीओ ने अतिक्रमण हटाया गया।अंचलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आवेदक इंद्रा देवी की निजी जमीन के आगे बिहार सरकार की भूमि पर नकुल मंडल नामक व्यक्ति अतिक्रमण किये हुए था।जिसे हटा दिया गया है।अतिक्रमण हटाओ अभियान सफल रहा वहीं इस दौरान सीओ संजय कुमार,अंचल निरीक्षक शमीम आलम,राजश्व कर्मचारी अजीत कुमार सिंह अंचल अमीन अंसारुल ओपी प्रभारी सालमारी विजय कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# चिराग के तर्ज़ पर प्रभाव नहीं डाल पायी प्रियंका

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। किसी भी चुनाव में किसी भी राजनैतिक दल के तीन लक्ष्य होते है। 1- चुनाव जीतना या

2- चुनाव हराना या

3- चुनाव पर प्रभाव डालना

कांग्रेस प्रबंधन को तीनो में कुछ नहीं मिला।वहीं केजरीवाल उत्तराखंड में ना जीत पाए ना हरा पाए लेकिन 5 प्रतिशत वोट पाकर अपना प्रभाव उत्तराखंड व गोवा में डाल दिया।

उत्तर प्रदेश चुनाव में प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ना जीती ,ना किसी को हरा पायी और नाहीं चुनाव पर अपना कोई असर छोड़ पाई।

प्रत्येक 403 सीट पर प्रत्येक कांग्रेस प्रत्याशी को 25 लाख रुपए चुनाव लड़ने के लिए दिए गए थे जो लगभग 100 करोड़ रुपए होते है।50 करोड़ रुपए हेलिकॉप्टर और स्टेज और अन्य सामग्री में खर्च किए गए।

150 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद प्रबंधन की स्तिथि यह रही की दो साल से उत्तर प्रदेश में घूम रही प्रियंका गांधी 403 सीट पर चुनाव लड़ कर मात्र 21 लाख वोट पा पायी।

वहीं उसके पलट बिहार चुनाव में मात्र 5 करोड़ रुपए खर्च कर 135 सीट पर लड़ 24 लाख वोट चिराग पासवान के नेतृत्व में बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के नारे के साथ बेहतरिन प्रबंधन कर लोजपा ले आयी।

अपने पिता के इलाज के कारण बिहार चुनाव से पहले लगभग 5 महीने चिराग बिहार भी नहीं जा पाए थे।चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तात्कालिक केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान का निधन भी हो गया जिसके कारण आधा चुनाव खत्म होने तक वह पिता के तेरहवी कार्यक्रम में व्यस्त थे।

उनके व्यवस्ता के बावजूद बेहतरीन प्रत्याशीयों का चयन , चुनाव सामग्री का वितरण करना, साधन व्यवस्था करना , चुनावी रणनीति बनाना उनके प्रबंधन को बताता है।बिहार चुनाव में चिराग खुद जीत नहीं पाए थे लेकिन अपने चुनाव के तरीके से सभी दलों के आँकड़ों को बदल डाला था। यह चिराग की ही राजनीति था कि 34 सीटें जे०डी०यू० से छिन ली वंही भाजपा के सामने 6 प्रत्याशी दिए जहां 3 सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।इनके चुनाव लड़ने के तरीके का असर यह है की आज तक बिहार सरकार अब गिरी अब गिरी के हाल में चल रही है।

प्रियंका गांधी अगर चिराग पासवान के तरह चुनाव लड़ती तो जीत शायद नहीं पाती लेकिन इस चुनाव मे भाजपा को 403 पर लड़ मात्र 70 सीट हरा पाना बहुत मुश्किल नहीं होता। जिससे कांग्रेस या प्रियंका के प्रभाव का संदेश साफ जाता जैसे चुनावों में अपने प्रबंधन छमता से चिराग ने दिया था जिसका लाभ उनके आगे के भविष्य में मिलता।यूपी में भाजपा को मिली सफलता का असर कंही न कंही बिहार की राजनीति पे भी पड़ेगा जंहा चिराग के फामूर्ले से उनको काफी सफलता मिलने की संभावना है।

## विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया स्कूल का निरीक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। राजकीयकृत मध्य विद्यालय तारा बरियारपुर की शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह उपमुखिया राकेश रामचंद महतो एवं उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने शुक्रवार को स्कूल का निरीक्षण किया. स्कूल में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं बने देख दोनों पंचायत प्रतिनिधियों ने आपत्ति जतायी.वार्ड के वार्ड सदस्य एवं पंच ने विद्यालय के शौचालय गंदगी देख अपनी नाराजगी जताई. इन दोनों पंचायत प्रतिनिधियों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद ईशा कलीम से मीनू के अनुसार बच्चों को मध्यान्ह भोजन देने एवं विद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने की बात कहीं. विद्यालय प्रधान ने बताया कि अभी मध्यान्ह भोजन योजना की राशि का आवंटन नहीं हुआ है. जिसके कारण मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन तैयार करने में परेशानी हो रही है.राशि आवंटित होते ही इस समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा.वार्ड के दोनों प्रतिनिधियों ने विद्यालय प्रधान को नियत समय पर विद्यालय खोलने,पठन पाठन व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने एवं विद्यालय की अन्यत्र भूमि को सही तरीके से कृषि कार्य के लिए बटाइदार को देने और इस मद की आमदनी को विद्यालय कोष में जमा करने का सुझाव दिया.

## डीजे बजाने एवं ताड़ी बेचने पर रहेगी पूर्ण प्रतिबंध- एसडीएम

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक


» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। होली एवं शव ए बारात के मौके पर ताड़ी की दुकानें बंद रहेगी.साथ ही डीजे बजाने पर पूर्व की तरह पूर्ण प्रतिबंध जारी रहेगा. यह बातें एसडीएम इंजीनियर मुकेश कुमार ने शांति समिति की बैठक में कहीं. होली एवं शव ए बारात को लेकर शुक्रवार को खोदावन्दपुर थाना परिसर में आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ होली और शव ए बारात का पर्व उल्लास पूर्वक मनायें. इस मौके पर एसडीपीओ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली एवं शव ए बारात को लेकर आगामी 17 से 19 मार्च तक पुलिस की विशेष गश्ती होगी.उपद्रवी तत्वों पर खास नजर रहेगी.ताड़ी बेचने वालों एवं डीजे बजाने वालों को पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा.एवं डीजे जप्त कर लिया जाएगा.एसडीपीओ ने कहा कि इन दोनों पर्वों को लेकर क्षेत्र के संवेदनशील जगहों पर पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी और दण्डाधिकारी भी मौजूद रहेगें.बैठक में पूर्व मंत्री अशोक कुमार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद सुभान, प्रखंड प्रमुख संजू देवी, बीडीओ राघवेन्द्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, अपर थानाध्यक्ष अर्चना झा, पूर्व प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद सिंह, अंजना कुमारी, मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सागी पंचायत के मुखिया इरशाद आलम, दौलतपुर पंचायत के मुखिया उमा कुमार चौधरी, पंसस जुनैद अहमद, विनोद सहनी, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, भोला पासवान, नैयर आलम, दिलदार हुसैन, डीलर विवेक कुमार उर्फ मंतोष, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा, पूर्व मुखिया टिंकू राय, अनिल कुमार, समाजसेवी गुफरान कमर, भोला राय, गोपाल पासवान, अवधेश कुमार, तरुण कुमार रौशन, कैलाश यादव, मदन सहनी, रामकृष्ण पोद्दार सहित अनेक लोग मौजूद थे.




## जिले के सभी दस प्रखण्डों में होगा विशेष कैम्प का आयोजन: उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता




देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन डॉ0 सीके शाही व समाज कल्याण पदाधिकारी अमित कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शत प्रतिशत दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ स्वावलंबन पोर्टल से जोड़ने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखण्डों में स्थलों के चयन को लेकर उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ दिव्यांगजनों की सुविधा अनुरूप प्रखण्डों में स्थल का चयन करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजन आसानी से आयोजित कैम्प तक पहुंच सके।

इसके अलावे समाज कल्याण पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजित होने वाले कैम्पों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि सभी छूटे दिव्यांगजन, जिनका प्रमाण पत्र अबतक नहीं बन पाया है उन्हें शत-प्रतिशत चिन्हित करते हुए निर्धारित तिथियों को कैम्प में पहुँचने तथा दिव्यांगता की जाँच एवं मूल्यांकन में सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करें। सबसे महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी प्रमाण पत्र निर्गत हो वह स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड के रूप में ही निर्गत किया जाए।इस पोर्टल पर लंबित मामलों का सतत पर्यवेक्षण भी किया जाय तथा इनके शीघ्र निष्पादन हेतु कार्रवाई की जाय। दिव्यांग जनों के लिए निर्गत होनेवाले प्रमाण पत्र में एकरूपता लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि पूर्व में जो भी प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हैं उनको भी इसी स्वावलंबन पोर्टल पर अंकित करते हुए उन्हें यूडीआईडी में परिवर्तित किया जाय।

*▪ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवश्यक कागजात व दस्तावेज.....*

1. दिव्यांगता दिखाते दो पासपोर्ट साईज फोटो।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति-01
3. कान, नाक, गला से संबंधितों हेतु पी०टी०ए० रिपोर्ट की प्रति।
4. आँख से संबंधितों हेतु अद्यतन जाँच रिपोर्ट।
5. पैर एवं हाथ से संबंधितों के लिए चिकित्सक द्वारा उपचार कराए गए चिकित्सीय पूर्जा की प्रति।
6. साफ-साफ अक्षरों में फार्म भरकर उपरोक्त कागजातों के साथ मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होंगे।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे * जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा विवेक मेहता, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी बाल विकास विकास परियोजना, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीडीएम, डीपीएम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 56वीं वाहिनी एस.एस.बी. द्वारा वृहद सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन हुआ





» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। जोगबनी शुक्रवार को 56वीं वाहिनी एस एस बी बथनाहा द्वारा कोविड 19 प्रोटोकॉल को पालन करते हुवे , उच्च विद्यालय जोगबनी के प्रांगण में वाहिनी कमांडेंट श्री मुकेश कुमार सिंह मुंडा के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ₹वृहद नागरिक कल्याण कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती ग्रामीण जरूरतमंद किसानों और खेतिहर मजदूरों को कृषि उपकरण व उन्नत किस्म के बीज (स्प्रे मशीन, फावरा व हायब्रिड मक्का बीज) का निःशुल्क वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिससे कुल 51 गरीब किसान व मजदूर लाभान्वित हुए। सीमावर्ती 04 स्कूलों के छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक के साथ विभिन्न प्रकार के खेल सामग्रियों का वितरण किया गया, जिससे कुल 2975 स्कूली बच्चे लाभान्वित हुए। 56वीं वाहिनी के चिकित्सक डॉक्टर अमन कुमार के द्वारा निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर के माध्यम से सीमवर्ती ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ मुफ्त दवाईयाँ दी गई, जिससे कुल 210 ग्रामीण लाभान्वित हुए। पशु चिकित्सक द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाकर सीमावर्ती ग्रामीणों के पशुओं का निःशुल्क जाँच कर मुफ्त दवाईयाँ दी गई, जिससे कुल 140 पालतू मवेशी लाभान्वित हुवे सामग्री के वितरण के पश्चात द्वितीय कमान अधिकारी श्री कस्तुरी लाल ने उपस्थित सभी ग्रामीणों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ प्रतिवर्ष इस तरह के कल्याणकारी कार्य करते हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है क इसके अतिरिक्त हर साल एस.एस.बी. स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी कराती है जिससे ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियां स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनती हैं। इसके अलावे उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उअढऋ२/ररइ जॉइन कर देश सेवा के साथ-साथ स्वनिर्भर बनने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने मानव तस्करी के विरुद्ध सभी ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. ई. चाओबा सिंह, डॉक्टर अमन कुमार, वॉर्ड पार्षद, ए-कंपनी प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार, मुख्यालय से उप-निरीक्षक प्रेम कुमार गुप्ता, जन प्रतिनिधि, स्थानीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक, समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं बहुतायत संख्या में ग्रामीण एवं एस एस.बी. बल कार्मिक उपस्थित थे।

# यूपी चुनाव परिणाम के बाद राजद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांगा इस्तीफा

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में खुशी का माहौल है. इधर, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के चुनाव में मिली करारी हार के बाद मुकेश सहनी को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है. सहनी बीजेपी के साथ- साथ कांग्रेस के भी निशाने पर आ गए हैं. जबकि आरजेडी उनके समर्थन में खड़ी हो गई है.

**बीजेपी ने सहनी से मांगा इस्तीफा**


403 विधानसभा सीटों वाली यूपी में बीजेपी को 273 सीट मिले हैं. इसके बाद बीजेपी फायर ब्रैंड नेता और विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने यूपी चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुकेश सहनी को अब इस्तीफा दे देना चाहिए. सहनी का इतिहास अब खत्म हो गया. उन्होंने जो किया है, उसका परिणाम उन्हें मिलेगा. आने वाले दिनों में वे मंत्री पद पर भी नहीं रहेंगे. यूपी में तो वो हवा में चले ही गए. उनका चैप्टर क्लोज हो गया है. बचौल ने कहा, ₹ मुकेश सहनी बहुत बड़े नेता बनने गए थे. लेकिन वो ये भूल गए कि उनसे बड़े-बड़े नेता हमारी पार्टी में हैं. मदन सहनी, अर्जुन सहनी, अजय सहनी जैसे सहनी समाज के कई बड़े-बड़े लोग हमारी पार्टी में है. नैतिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा देना चाहिए.₹

**सहनी के समर्थन में उतरे राजद विधायक**

बीजेपी विधायक के द्वारा सहनी से इस्तीफा मांगे जाने पर आरजेडी विधायक भाई विरेंद्र उनके समर्थन में उतर गए हैं. उन्होंने कहा कि ₹ बीजेपी नेता पहले मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करें क्योंकि जो काम मुकेश सहनी ने किया, वही काम तो जेडीयू ने भी किया है. मुकेश सहनी नेअपने दम पर चुनाव लड़ा, तो जेडीयू भी यूपी में अपने दम पर चुनावी मैदान में था. ऐसे में सिर्फ मुकेश सहनी को क्यों टारगेट किया जा रहा है. वे पिछड़े की हक की बात करते हैं, तो उन्हें दबाने का काम किया जा रहा है.

## होली में सभी थाने रहेंगे अलर्ट मोड में क्यूआरटी ने शुरू की विशेष छापेमारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। राज्य में विधि-व्यवस्था की स्थिति को लेकर डीजीपी एसके सिंघल ने सभी रेंज और जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अहम बैठक की. इस दौरान उन्होंने सभी जिलों को होली को लेकर खासतौर से ऐतिहात बरतने के सख्त निर्देश दिये. सभी थाने अलर्ट मोड पर काम करें. सुबह से शुरू हुई यह मैरॉथन बैठक शाम तक चली. जिलों को कहा गया कि इस बार कोरोना संक्रमण के दो साल बाद होली खुलकर मनायी जायेगी. ऐसे में जमकर हुड़दंग होने की संभावना भी जतायी जा रही है. इसके मद्देनजर सभी जिलों को खासतौर से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं. सभी थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग से लेकर हर स्तर पर चौकसी बरतने की जरूरत है.ऐसे में शांतिपूर्ण पर्व का आयोजन कराने का दायित्व पुलिस पर काफी बढ़ जाती है. इस मौके पर शराब तस्करी को लेकर भी विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है. सभी जिलों में सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है, जल्द ही अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल भेज दिये जायेंगे. सभी जिलों में अभियान चलाकर फरार चल रहे सभी आरोपियों एवं शराब तस्करों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया. उन्होंने एएलटीएफ (एंटी लिकर टास्क फोर्स) और कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित बज्र बल के कार्यों को अधिक बढ़ाने के लिए कहा. इसका असर राज्य की विधि-व्यवस्था नियंत्रण में साफतौर पर दिखना चाहिए. डीजीपी ने कहा कि पुलिस की छवि सकारात्मक बनाने के प्रयास करें.

**क्यूआरटी ने शुरू की विशेष छापेमारी**

पटना. होली पर सुरक्षा और शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है. क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) और एएलएफ (एंटी लिकर टास्क फोर्स) ने विशेष छापेमारी शुरू कर दी है. गुरुवार को पटना के कई पॉश इलाको में सघन जांच अभियान चलाया गया. कोतवाली, पाटलिपुत्र और पत्रकार नगर के कई होटलों में पुलिस ने जांच की. दरअसल होली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. सुरक्षा के लिहाज से 15 सौ से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी. इसके लिए एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो की ओर से सभी पुलिस पदाधिकारियों व थानेदारों को कड़े निर्देश दिये गये हैं. एसएसपी ने बताया कि होली पर शांति व विधि व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. इस दौरान बाइकर्स गैंग पर शिकंजा कसने के लिए संदिग्ध स्थलों को चिह्नित कर पुलिस की तैनाती की जायेगी. बाइकर्स की धर-पकड़ के लिए अटल पथ और एम्स दीघा रोड पर क्यूआरटी टीम तैनात रहेगी. क्विक रिस्पॉन्स टीम और एंटी लिकर टास्क फोर्स शराबियों और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए तैनात रहेंगे. शराब माफियाओं पर नकेल कसने को लेकर एक धावा दल का गठन किया गया है. एंटी लिकर टास्क फोर्स की 12 टुकड़ियां स्वॉन दस्ते में शामिल हंटर व रोजी की मदद से शराबियों पर नकेल कसेगी.

## संक्षिप्त समाचार

### खाद दुकानदार के द्वारा की जा रही है अवैध कालाबाजारी से किसान परेशान



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी किसानों के द्वारा बताया जाता है कि किसानों के द्वारा महाजन व बैंक से ऋण लेकर मक्का गेहूं व अन्य फसल का खेती मुल्य लेकर घटिया किस्म का खाद दिया जाता है जिसको लेकर फलका प्रखंड के किसानों में मायूसी छाई हुई है फलका बाजार में लगभग सभी खाद विक्रेता वह लाइसेंसी है। यूरिया का मूल्य 600-700 ले रहा है जिसको लेकर किसान परेशान है। वहीं किसानों के द्वारा बताया गया कि किसानों को नकली खाद मिलने से फसल की उपज कम हो रही है और इधर किसानों के ऊपर महाजन और बैंक का ऋण का बोझ चढ़ रहा है जिसको लेकर किसानों में मायूसी छाई हुई है किसान परेशान है वही प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसानों द्वारा शीघ्र जांच कर उचित मूल्य पर खाद दिलाने की मांग जिला पदाधिकारी कटिहार से की है।

### भूमि विवाद में चार लोगों पर प्राथमिकी

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका थाना क्षेत्र के हथवारा निवासी एक व्यक्ति ने भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने को लेकर 4 लोगों के विरुद्ध फलका थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी वाले आवेदन में हथवारा ग्राम निवासी अजब लाल चौधरी ने जिक्र किया है कि पिछले दिनों वे अपने हिस्से वाले जमीन को देखने ग्राम काली नगर गया था जमीन को देखकर वही अवधेश चौधरी से बैठकर बातचीत करने लगे इसी दौरान शोभा देवी साकिन काली नगर आकर बिना मतलब गंदा गंदा गाली गलौज करने लगा। मैं गाली देने से मना किया तो शोभा देवी धमकी देने लगा कि यहां तुम्हारा कोई जमीन नहीं है भागो यहां से वरना अंजाम बुरा होगा ठीक उसी समय चंदन चौधरी, विजय चौधरी भी आ गए एवं सभी मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उसी क्रम छोटू मेरे शर्ट के पॉकेट से रू5000 था वह भी छीन लिया। आवेदन में वे जान से मार देने की धमकी भी आरोप लगाया है। मामले में फलका थाना अध्यक्ष उमेश पासवान मामला दर्ज कर मामले का तहकीकात में जुट चुके हैं।

### विद्युत चोरी के मामले में प्राथमिकी

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका थाना क्षेत्र के रहटा गांव में एक व्यक्ति के द्वारा बिजली चोरी कर विद्युत का उपयोग करने को लेकर जेई के आवेदन पर फलका थाना में मामला दर्ज हुए दर्ज। दर्ज प्राथमिकी वाले आवेदन में बिजली विभाग के जेई शाहिद इकबाल ने जिक्र किया है कि रहटा वार्ड नंबर 4 के समीप धर्मेंद्र कुमार महतो के घर पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त परिसर का विद्युत संबंध 8 फरवरी 2022 को विद्युत विपत्र बकाया राशि 19707 का भुगतान नहीं होने पर विचलित कर दिया गया था। परंतु धर्मेंद्र कुमार महतो द्वारा विद्युत विपत्र बकाया राशि जमा किए बिना ही विद्युत लाइन जोड़ कर अवैध रूप से उपयोग करते पाए गए। उनके इस पीड़ित से नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड को 1971 रुपए की क्षति हुई है। मामले में फलका थाना अध्यक्ष उमेश पासवान विद्युत विभाग के जेई शाहिद इकबाल के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट चुके है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। पेयजल योजना अंतर्गत संचालित नल जल योजना अंतर्गत डूमर पंचायत में चल रहे हैं। सभी 12 वार्डों के पंप चालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षक शाह पी एच ई डी विभाग के जूनियर इंजीनियर विमल कुमार के दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक द्वारा मुख्य रूप से पंचायत में चल रहे वार्ड स्तर के जल नल योजना का संचालन एवं सफाई देखरेख सुचारू रूप से चलाने को कहा गया। प्रशिक्षण में उपस्थित कनीय अभियंता विमल कुमार, पंप संचालक मो0 सिराजुल, रंजीत कुमार यादव, मनोवर आलम, आशुतोष कुमार, भोला कुमार, मुनचुन कुमार, मो0 बबलू, हीरालाल यादव, राजेश कुमार, जिछु ऋषि, मंटू सहनी, फैंसी कुमार, संगीत कुमार, आदि उपस्थित थे।

### अधिवक्ता ने भाजपा के जीत का जश्न मनाया



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अधिवक्ता भास्कर सिंह ने भाजपा के चार राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर जीत हासिल कर सरकार बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को शुभकामना दिया। अधिवक्ता साथियों के साथ रंग गुलाल लगाकर तथा मिठाई बांटकर इस प्रचंड जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अधिवक्ता भास्कर सिंह ने बताया कि इस जीत का श्रेय भारत के देवतुल्य जनता विशेषकर माताओं बहनों और पार्टी के निस्वार्थ सेवा करने वाले कार्यकताओं को जाता है। जनता ने विकास को अपना मत दिया है। यूपी एवं अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को जिता कर पूरे देश को यह संदेश दिया है। इस अवसर पर विवेक सिंह, सुमित पोद्दार, हीरा यादव, मानव सिंह, चंद्रसेन मिश्र, सुजीत ठाकुर, मनीष कुमार, पंकज कुमार, राजू पोद्दार, रवि शंकर कुमार वर्मा, जेनब निशा, शारदा देवी आदि ने भाजपा की शानदार जीत पर बधाई दिया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में शाश्वत यौगिक खेती की संभावनाओं पर मंथन के लिए जुटे विशेषज्ञ



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विकास प्रभाग की ओर से स्वर्णिम भारत का आधार शाश्वत यौगिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान सम्मेलन दुगार्पुर में हुआ। उद्घाटन सत्र में ब्र. कु संस्थान मलहरिया सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु प्रभा दीदी ने कहा कि किसान के संकल्प भी बीज का कार्य करते हैं। खेतों में बोये जाने वाले बीजों पर किसान के संकल्पों का भी गहरा प्रभाव पड़ता है। जिस मंशा के साथ किसान खेत में बीज डालता है उसी के अनुरूप फसल की पौष्टिकता के परिणाम प्राप्त होते हैं। बी.के नविता दीदी ने कहा कि स्वस्थ मन व तन के लिए शुद्ध अन्न का होना जरूरी है। शुद्ध अन्न से मन का तनाव, अवसाद समाप्त होता है शाश्वत यौगिक खेती से किसानों को समृद्ध व शक्तिशाली बनाया जा सकता है। बी.के दिव्या दीदी ने कहा कि यौगिक खेती से निकलने वाली फसल मन को शांति प्रदान करती है। गांव के अन्नदाता किसान राष्ट्र की शोभा हैं। राजयोगी बी.के आशिद भाई (कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग शाश्वत योगिक खेती टीचर ट्रेनर्स कोसी जॉन इंचार्ज बिहार टू तपोवन राजस्थान) ने कहा की किसानों के जीवन से अंधविश्वास,व्यवसन एवं नकारात्मक च्वतन मिटाने के लिए सतत प्रयासरत है। किसानों को सकारात्मक सोच के साथ कृषि कार्य करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में आए हुए सभी मेहमानों का गमछा व टोली देकर सम्मान किया। मंच संचालन राजयोगी ब्र.कु अमन भाई ने किया। इस कार्यक्रम मे बी.के प्रिया दीदी, बी.के निधि दीदी, सरपंच शंभू प्रसाद मंडल, मुखिया वेदानंद मंडल, मो.खुर्शीद भाई साहब,प्रोग्राम संचालक मो. गुलाम हुसैन,मो.गुलाम हुसैन, मो.बवासकर हुसैन, भिखारी प्रसाद मंडल,अमित कुमार, कालेश्वर कुमार,सत्यम पठान, नंदू भाई, नंदकिशोर प्रसाद मंडल, राधेश्याम, दिलीप कुमार मंडल, आदि किसान मौजूद रहे।

## कजरी में सड़क निर्माण को ले मिट्टीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज प्रखंड अंतर्गत ढेरुआ पंचायत के वार्ड संख्या 13 में मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु मिट्टीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख नीलू देवी के द्वारा विधिवत भूमि पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए नारियल तोड़कर एवं फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख नीलू देवी ने कहा कि गुलाब परिहार के घर रामादतर के घर से हनुमान मंदिर होते हुए सुरेन परिहार के घर तक मिट्टी भराई एवं सोलिंग कार्य का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क बन जाने से कजरी गांव के लोग लाभान्वित होंगे। बताया गया कि ग्रामीण आदि द्वारा इस सड़क को बनाने की मांग की जा रही थी। अब ग्रामीणों को इस सड़क की समुचित लाभ मिलेगा। मुख्य सड़क से गांव जाती है यह सड़क। इस अवसर पर जिला मंत्री प्रशांत झा, समिति सदस्य शत्रुघ्न मंडल, गौतम कुमार, शम्भू महलदार, अभिषेक कुमार, मनोज परिहार, पूर्व वार्ड सदस्य राज कुमार परिहार, रवि महतों आदि गांव के महिला-पुरुष मजदूर उपस्थित रहे।

## मध्य विद्यालय हरिप्रसाद में वार्षिक परीक्षा का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया इसी कड़ी में मध्य विद्यालय हरिप्रसाद में वर्ग 5 एवं वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभाषा की परीक्षा दिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद कमरुल हक ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार विद्यालय में वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग 5 में 75 छात्र- छात्राओं ने राष्ट्रभाषा की परीक्षा दिए,वहीं वर्ग 8 में 125 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभाषा की परीक्षा दिए। वार्षिक परीक्षा कदाचार मुक्त लिया गया ,उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा का मुख्य उद्देश्य अगले वर्ग में प्रोन्नति हेतु वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं, इसी कड़ी में इस वर्ष भी वार्षिक परीक्षा 2022 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद कमरुल हक, वरीय शिक्षक सियाराम यादव,परीक्षा ड्यूटी में उपस्थित शिक्षक मोहम्मद हजरत अली, रजी अहमद, नीलू प्रवीण, नुसरत जहां, शाहिन इकबाल, लीलाधर रमण आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद गांव में शव पहुंचते ही मचा चीत्कार

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। हसनगंज थाना क्षेत्र की कालसर पंचायत के बबेया गांव निवासी बिनोद कुमार दास के 35 बर्षीय का सड़क दुर्घटना में हुई मौत शव गांव पहुँचते चीत्कार मच गया। मृतक के परिजन समेत गांव की महिलाओं की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। गांव वालों के मुताबिक गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे वह अपनी बाइक से गुलाबाग पूर्णिया जा रहा था मजदूरी करने के लिए इसी बीच पोखरिया गांव के पास मक्का लदे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। घटना के बाद भीड़ जुट गई। लोग आक्रोशित हो गए। वही घटना के बाद पुलिस पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। पुलिस पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के पिता रामचंद्र दास, वार्ड सदस्य दशरथ कुमार दास ने कहा कि मृतक दो छोटे छोटो बच्चे के पिता हैं। इसकी शादी करीब 7 वर्ष पूर्व हुई था। अपनी परिवारों का भरण पोषण मजदूरी कर करते थे। गांव में अच्छे विचार का युवक विनोद कुमार दास था। गांव मृतक के शव पहुंचते ही पत्नी पिता समेत पूरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी कि लहर



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मनसाही प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में एक तरफा भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने अबीर गुलाल उड़ा कर एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाया। इस मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पटाखे फोड़ कर एवं मिठाई बांटकर खुशियां मनाया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा का चुनाव हुआ था, जिसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड ,मणिपुर व गोवा में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ पुनः सत्ता में आई,इसी उपलक्ष्य में सभी कार्यकताओं ने जश्न मनाए, पटाखे फोड़े मिठाइयां बांटे एवं अभी गुलाल लगाकर होली खेला गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह युवा प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार साह, वरिष्ठ कार्यकर्ता यमुना प्रसाद सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष कमल साह, प्रखंड महामंत्री बब्बन कुमार सिंह,किसान मोर्चा के राजेंद्र मंडल, महिला मोर्चा के सवेरा कुमारी, कार्यकर्ताओं में सुजीत कुमार सिंह, मुकेश कुमार यादव, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

## किसानों पर खाद की कालाबाजारी की मार किसान

### खाद-बीज की खरीददारी में ठगा रहे है किसान

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। जिले के गांवों सहित फलका बाजार में खाद-बीज की दुकानों पर यूरिया खाद की ब्लैक मार्केटिंग का धंधा चल रहा है।

किसानों ने बताया कि यूरिया खाद 700 रुपए प्रति बोड़ा बेचा जा रहा है। एक ब्रांड विशेष की ब्लैक मार्केटिंग अधिक हो रही है। इस समय गेहूं, सरसों व मक्का की फसल में पानी दिया जा रहा है। जिसमें यूरिया खाद की आवश्यकता होती है।

लेकिन प्रशासन स्तर पर तय दरों यूरिया लगभग 266.50 रुपए प्रति बोरी में बड़ी मुश्किल से मिलने वाला खाद बाजार में बढ़ी हुई दरों 700 रुपए में आसानी से मिल रहा है। यानी एक बोरी पर किसान को करीब 433 रूपए अधिक देने पड़ रहे हैं। यूरिया खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद-बीज की दुकानदारों ने 270 के खाद को 700 में बेच रहे हैं। किसान मजबूरी में बढ़ी दरों पर खाद खरीदने को मजबूर है। कृषि विभाग से कई बार फलका के किसानों ने शिकायत की लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे खाद की ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के हौसले बुलंद है।

## अमर शहीद जुब्बा सहनी के शहादत दिवस पर कटिहार में कपूरी संकल्प महाअभियान की शुरूवात



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। विकासशील इंसान पार्टी द्वारा बरारी विधानसभा अंतर्गत काढागोला स्टेशन के समीप अवस्थित गांधी स्मृति भवन में अमर शहीद जुब्बा सहनी की पुण्यतिथि मनाते हुए कटिहार जिले में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कर्पूरी संकल्प महाअभियान की विधिवत शुरूआत किया। पार्टी के उपाध्यक्ष उमेश सिंह निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद जुब्बा सहनी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी शहादत को सलाम किया। इस दौरान कर्पूरी संकल्प महाअभियान विषयक अति पिछड़ों के आरक्षण को 15% बढ़ाने सम्बन्धी संकल्प-पत्र जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए कार्यकर्ताओं के मध्य वितरित किया। वीआईपी कटिहार के अध्यक्ष प्रकाश सिंह निषाद व निषाद विकास संघ कटिहार के अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से बताया कि आज के ही दिन बिहार राज्य सरकार के मंत्री एवं पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी जी झारखंड राज्य में विकासशील इंसान पार्टी संगठन की नींव रख रहे हैं जिसके लिए सबों ने उनका आभार व्यक्त किया है। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीआईपी जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह निषाद व एनवीएस अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल सहित महिला जिलाध्यक्ष चंदा कुमारी निषाद, सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी संजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हलीम जांबाज, बरारी विधानसभा अध्यक्ष सुरेश सिंह निषाद, पंकज सहनी, महेश्वर सिंह, लोकनायक तेजनारायण चौधरी, शैलेश सिंह निषाद, खगेश सिंह, मुंशी सहनी, शत्रुघ्न सहनी, जवाहर सिंह, नंदलाल मंडल, सुबोध सिंह, अर्जुन सहनी, राजू सहनी, विजय चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूमि-सुधार एवं राजस्व मंत्री राम सूरत राय ने कहा मामले को लेकर कटिहार जिला प्रशासन जांच कर रही है।



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री राम सूरत राय ने मदरलैंड वॉइस से पटना में कहा राज्य के किसी भी हल्का ग्राम कचहरियों में कर्मचारी की जगह कर्मचारी के अलावा अन्य किसी को कार्य करने का आदेश नहीं है सिर्फ वही जा सकते है जिनको संबंधित जमीन का लगान कटाना हो या उनके जमीन से संबंधित कोई काम और कर्मचारी ही वहां बैठेंगे उसके अलावे कोई कर्मी नहीं बैठेंगे पूछे जाने पर कहा यह बात सही है कि बिहार में कर्मचारियों की कमी है। लेकिन उसी पर्याप्त संसाधनों के बीच में कर्मचारियों को काम करना है संवेदनशील दस्तावेज के बीच कर्मचारी की जगह उनके बिचौलिया काम कर रहे हैं तो स्थानीय प्रशासन और संबंधित अंचलाधिकारी वैसे दलालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। पूरे प्रकरण पर कटिहार जिला प्रशासन जांच कर रही है।

*आजमनगर थाना क्षेत्र में इन दिनों बढ़ गए जमीनी विवाद के मामले:-*

इसी वजह से इन दिनों आजमनगर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के मामले बढ़ते नजर आ रहे हैं बिहार सरकार से सीधा सवाल है कि आखिर हल्का कचहरी में कर्मचारियों की कुर्सी पर बैठ काम करने का अधिकार इन दलालों को किसने दिया ?इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो रही ?यह भी अपने आप में एक सवाल है ?सोचिएगा सरकार जनहित की बात है ?

*मामले को राजद नेता सैय्याद आलम पिंकू ने उठायी आवाज:-?*

मामले पर प्राणपुर विधान सभा के राजद नेता मो.सैय्याद आलम पिंकू ने कहा कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के हल्का ग्राम कचहरियों में कर्मचारी की जगह पर उनके बिचौलिए सक्रिय दलाल के रूप में काम करते हैं।

*हल्का कर्मचारियों के चल अचल संपत्ति की हो जांच:-*

इन दलालों द्वारा मोटी रकम जमीन लगान दाताओं और म्यूटेशन के नाम पर काम करने कचहरी पहुंचने वाले जमींदारों से कर्मचारियों के बिचौलियों और दलालों द्वारा मोटी रकम वसूली जाती है जिससे आर्थिक दोहन के शिकार आजमनगर प्रखंड की जनता और भू-स्वामी हो रहे हैं हम तो भूमि एवं राजस्व सुधार मंत्री राम सूरत राय जी से अनुरोध करते हैं कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के हल्का कचहरी के कर्मचारियों की चल और अचल संपत्ति की जांच करवाये तो निश्चित तौर पर आय से अधिक संपत्ति के मामलों से इंकार नहीं कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने 28 किलो गांजा किया जब्त

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा सहोदरा थाना क्षेत्र के बलबल गांव के समीप से 28 किलो गांजा को जप्त कर 44वीं बटालियन एसएसबी नरकटीयागंज बीओपी बलबल के जवानों ने सहोदरा थाना के हवालें कर दिया हैं। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि एसएसबी के टीम लिडर एचसी जीडी विनय कुमार ने आवेदन में बताया हैं कि गस्ती के दौरान महायोगीन गांव के समीप लावारिश हालत में पांच बंडल रखा हुआ दिखाई दिया। सर्च करने पर पता चला कि इन पांचों पैकट में गांजा रखा हुआ हैं। तुरंत जाल बिछा कर कारोबारीयों की खोज शुरू किया गया लेकिन कारोबारी गांजा वही छोड़ भाग गयें थे। उन्होने बताया कि गांजा बरामद किया गया हैं। अज्ञात के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

### नेपाली गांजा के साथ एक कारोबारी को एसएसबी ने दबोचा

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा एसएसबी के जवानों ने शुक्रवार को 20 किलो गांजा, एक बाइक समेत एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। 44 वीं बटालियन के इंस्पेक्टर राकेश मणिपाल ने बताया प्राप्त सूचना पर पिलर संख्या 419/15 चोर गली के पास गहन जाँच शुरू कर दी गई। गस्ती के दौरान देखा गया कि नेपाल से कोई से व्यक्ति संदिग्ध सामान लेकर भारत की तरफ आ रहा था। जैसे ही भारत में प्रवेश किया तलाशी शुरू कर दी गई तलाशी के दौरान 20 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा निवासी स्वर्गीय सुदीप प्रसाद का पुत्र रोहित कुमार बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बरामद गांजा के अंतरराष्ट्रीय कीमत 8 लाख रुपया लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जब्त गांजा सहीत तस्कर को इनरवा पुलिस को सौंप दी गई। वही इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि जब्त गांजा और तस्कर को प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### प्लान इंडिया के पंचायत स्तरीय गठन

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ प्रखंड के मधुरी पंचायत में प्लान इंडिया के सहयोग से पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन वह बैठक संपन्न किया गया। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के सदस्य चुने गए। प्लान इंडिया के जिला समन्वयक राम जनम ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से बाल संरक्षण से संबंधित बच्चों के सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में मुखिया, उप मुखिया, सरपंच, आंगनवाड़ी, पर्यवेक्षक, शिक्षक, वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे। समग्र बाल विकास मित्र वेद प्रकाशसमग्र बाल विकास मित्र वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि आजकल बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मानव तस्करी, महिला उत्पीड़न आदि मामले अधिकतर आ रही है। इसलिए आप अपने बच्चों को स्वस्थ समय स्कूल भेजें एवं उन पर नजर रखें।

### सरकार जेलों की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही : बिजेंद्र यादव

पटना, एजेंसी। बिहार विधान परिषद में प्रभारी गृहमंत्री बिजेंद्र यादव ने कहा कि अपराध के बाद अगर कार्रवाई होगी, तब जेल में बंदियों की संख्या बढ़ेगी। अभी दो साल से कोर्ट भी पूरी तरह काम नहीं कर रहे था। इससे बेल पर छूटने वालों की संख्या कम हुई, तब जेल पर दबाव बढ़ा है। सरकार जेलों की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। गृहमंत्री गुरुवार को संजय कुमार सिंह के प्रश्न का जवाब दे रहे थे।
उन्होंने कहा कि राज्य की जेलों में 31 दिसंबर तक 51 हजार 934 बंदी थे, जबकि इन जेलों की क्षमता 45 हजार 862 ही है। इस अवधि तक मद्य निषेध कानून के तहत बंदियों की संख्या 18 हजार 500 है। मंत्री ने कहा कि जेलों की क्षमता बढ़ाने के लिए भभुआ में 426, जमुई में 1030 क्षमता के और औरंगाबाद में नए जेल बने हैं। अरवल में 558 और पालीगंज में 535 कैदियों की क्षमता वाले जेल का निर्माण भी चल रहा है। इसके अलावा निर्मली में 500 कैदियों की क्षमता की जेल के लिए जमीन मिल गई है। इसका एस्टीमेट बनाया जा रहा है। साथ ही नए अनुमंडल राजगीर, रजौली, मढौरा, महाराजगंज, हथुआ, चकिया, पकड़ी दयाल, महनार और सिमरी बख्तियारपुर में भी एक-एक हजार क्षमता की जेल बनाने का फैसला हुआ है। दरभंगा में 772, छपरा में 132, सहरसा में 158 पुरुष और 50 महिला व बेनीपुर में 158 कैदियों वाला नया बंदी कक्ष बनाने का फैसला हुआ है।

### फास्ट फूड विक्रेता की गोली मारकर हत्या

पटना, एजेंसी। समस्तीपुर जिले के मथुरापुर घाट के पास बदमाशों ने फास्ट फूड विक्रेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गोविंदपुर गांव के निवासी कमलेश राय के पुत्र सचिन कुमार के रूप हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
मिली जानकारी के अनुसार सचिन फास्ट फूड की दुकान चलाता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम कोई व्यक्ति उस दुकान से बुलाकर ले गया था। रात करीब 9 बजे स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि मथुरापुर लक्ष्मी गैरेज गली के निकट सचिन गंभीर रूप से घायल है। स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन में जख्मी हालत में उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे।

## रामजानकी प्राण-प्रतिष्ठा को ले लेकर निकाली गई कलश यात्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा प्रखंड क्षेत्र के धनौजी पंचायत अंतर्गत श्री रामजानकी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में लगभग 251 कुमारी कन्याएं एवं महिलाओं ने सोफा मंदिर के पंडई नदी से पवित्र गंगाजल को आचार्य मधुसूदन चतुवेर्दी के मंत्रोच्चारण के साथ कलश में भरा। गाजे-बाजे के साथ कटहा, महायोगिन, डोमाठ, डुमरिया, घेघवलिया, कटाटोला, जमुनिया, बेदौली, कंचनपुर गांव होते हुए दस किलोमीटर की दूरी तय कर यज्ञ स्थल पर पहुंचें। जहा प्रखण्ड प्रमुख जयप्रकाश पासवान द्वारा फीता काटकर सभी को मंदिर में प्रवेश करायी गई। यहां मंदिर के चारों तरफ कलश से सजाया गया था। कलश यात्रा के बाद आचार्य मधुसूदन चतुवेर्दी ने मंत्रोच्चारण के साथ 4 दिन का श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस यज्ञ के आयोजक मुखिया अध्यक्ष प्रदीप पंजियार ने बताया कि यह यज्ञ समाज के सभी लोगों के सहयोग से समाज की सुख शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ-साथ भगवान की कृपा बनी रहे इसलिए महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ में पहकौल गांव के सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए सहयोग किया। वही जमुनिया पंचायत मुखिया विक्की कुमार ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति मन की शुद्धि के बिना संभव नहीं है। संत की कोई जाति नहीं होती है। इस यज्ञ मे जमुनिया पंचायत उप मुखिया व कटराव के गुमास्ता विनय कुमार गौरो, निरंजन पंजियार, शांति देवी राजेश प्रसाद इत्यादि शामिल थे।

## 17 बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन कटा



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा धनौजी पंचायत के वंशपुर व बहुअरवा गांव में बिजली विभाग द्वारा की गई छापेमारी में अवैध बिजली जलाने के आरोप में 17 बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे बिजली विभाग के जेई रमेश कुमार ने बताया कि उक्त दोनों गांवों में बिजली विभाग द्वारा छापेमारी की गई, जिसमे पाया गया कि वंशपुर गांव के साबुल मियाँ, फौजदार हुसैन, अमरुद्दीन अंसारी, इस्लाम मियाँ, अनारूल मियाँ, रमतुल्लाह मियाँ, फिरोज मियाँ, यूनिष मियाँ, दिलशेर मियाँ, मु.नजरबानो, हैयत मियाँ व बैतुल्लाह बिना बिजली बिल जमा किये अवैध ढंग से बिजली जला रहे थे। ऐसे ही बहुअरवा गांव के इस्लाम मियाँ, फुलमान मियाँ, समरेजा गौतम, सराजुल मियाँ व चिंता देवी बिजली बिल जमा किये बिना अवैध बिजली जला रहे थे। यही कारण है कि उक्त सभी बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है तथा उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अब अवैध बिजली जलाने वालो पर कानूनी कारवाई तय है। छापेमारी दल में सुपरवाइजर विभूति कुमार, मुकेश कुमार शुक्ला, रविकांत शर्मा, प्रमोद कुमार, अखिलेश कुमार, सूरज कुमार व रूपेश कुमार शामिल थे।

## संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा बीआरसी में शुक्रवार को संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राओं में से प्रखंड स्तरीय छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। जिन्हें भाग लेने के लिए 15 मार्च को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में गौनाहा, रूपवलिया, सीठी, भितिहरवा, सेरवा मस्जिदवा, माधोपुर सहित सभी संकुल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में क्विज प्रतियोगिता, चित्रांकन, भाषण, सुगम संगीत, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त सभी प्रतियोगिता जल जीवन और हरियाली कार्यक्रम पर आधारित था। निर्णायक मंडल में बीईओ अरविंद कुमार भारती, बीआरपी विनय कुमार मिश्रा, एचएम संजय कुमार, रविंद्र कुमार प्रसाद, राम प्रमोद महतो, कृष्ण कांत शर्मा शामिल थे। शेरवा मस्जिदवा संकुल की छात्रा अनामिका कुमारी व सुष्मिता कुमारी ने जल जीवन हरियाली पर आधारित सुगम संगीत प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बीईओ अरविंद कुमार भारती ने बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## गाँव के विकास व पुल बनवाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा,संवादसूत्रः-बेलसंडी पंचायत के नया टिकुल टोला पिपरा गांव के विकास एवम द्वारदः नदी पर पुल बनाने को लेकर शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विदित हो कि उक्त गांव के वार्ड 3,6,7 व 8 के छोटे-छोटे बस्तियों को मिलाकर टिकुल टोला गांव बना है। जहां कुल परिवारों की संख्या 144 है। आक्रोश व्यक्त करते हुए पूर्व मुखिया आमिर हाशमी वार्ड 6 के वार्ड सदस्य संजय कुमार, अमर किशोर पांडे, मंजूर आलम, सद्दाम अंसारी, बाबूलाल महतो, नंदू राउत आदि ने बताया कि नया टिकुल टोला पिपरा गांव विकास से कोसों दूर है। सरकार के विकास की कोई भी योजनाएं धरातल पर नहीं पहुंच पाई है। पंचायत से भी कोई काम इन वार्डों में नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा 1995 में बनाई गई थी। वह भी अब टूटने लगा है। विगत 25 वर्षों में गांव का कोई भी विकास नहीं हुआ है। यहां तक कि सरकार सात निश्चय के तहत भी नल-जल सहित कोई भी योजनाएं धरातल पर नहीं है। उक्त गांव का कटाव नदी से हो रही है। कटाव से बचाने के लिए सरकार के कोई सार्थक पहल नहीं हो रही है। द्वारदः नदी पर पुल नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है। बरसात के दिनों में आवागमन पूर्णतः ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि नया टिकुल टोला पिपरा गांव के वार्ड नंबर 3 में 50 घर, वार्ड 6 में 35 घर, वार्ड 7 में 32 घर तथा वार्ड 8 में 27 घर है। इन सभी वार्डो को मिलाकर एक नया टिकुल टोला गांव 50 वर्षों से बना हुआ है। यहाँ प्राथमिक विद्यालय भी है। परंतु सांसद, विधायक व पंचायत द्वारा कोई कार्य नहीं कराए जाने के कारण यहां के लोग काफी आक्रोशित है। इंदिरा आवास के लाभुक भी यहाँ नहीं है। यहाँ मुख्य रूप से नेटुआ, दलित, महादलित, कुजडा अंसारी, थारू,देवान , मलाह, बिन आदि जाति के लोग हैं। ग्रामीण का कहना है कि द्वारदः नदी पर पुल बन जाता तो बेलसेंडी, मटियरिया, महुई व मेहनौल पंचयात आदि के लोग लाभान्वित होंगे। अनुमंडल और प्रखंड की दूरी भी कम हो जाएगी। अगर सभी बस्तियों को मिलाकर एक नया वार्ड बना दिया जाए तो यहां का विकास हो सकता है।

## हल्का कचहरी में कर्मचारी कम बिचौलिये पलटते हैं रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज मामले पर कटिहार डीएम ने लिया संज्ञान जारी किया पत्र

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। भूमि सुधार-राजस्व मंत्री राम सूरत राय जी हल्का कचहरी में कर्मचारी कम बिचौलिये पलटते हैं रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज मामले पर कटिहार डीएम ने लिया संज्ञान लेते हुए पत्र जारी किया है ।जानकारी के मुताबिक मामले पर कटिहार डीएम उदयन मिश्रा ने पत्र जारी करते हुए भूमि सुधार उप समाहर्ता बारसोई को पत्र लिखा है ।कि मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार भूमि सुधार राजश्व मंत्री राम सूरत राय जी हल्का कचहरी में कर्मचारी कम बिचौलिए पलटते हैं रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज के संबंध में मदरलैंड वाइस समाचार पत्र में दिनांक10-3-22 को आजमनगर अंचल से संबंधित प्रकाशित समाचार भूमि सुधार राजस्वा मंत्री रामसूरत राय जी हल्का कचहरी में कर्मचारी कम बिचौलिए पलटते हैं ।रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज में उल्लेखित किया गया है ।कि अंचल अंतर्गत हल्का कचहरी में कर्मचारी की जगह बिचौलिया सक्रिय है ।जो कर्मचारियों की कुर्सी पर बैठकर कचहरी के कार्यों का निष्पादन करते हैं ।का जिक्र करते हुए निर्देशित किया है ।कि उल्लेखनीय समाचार के संबंध में जांच करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन2दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें साथ हीं बिचौलिए को चिन्हित कर सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

*मदरलैंड वॉइस ने उक्त मामले को प्रमुखता से उठाया है:-*

बताते चलें बीते10मार्च को मदरलैंड वॉइस ने₹शीर्षक₹ आजमनगर अंचल के हल्का ग्राम कचहरियों में कर्मचारी की जगह उनके बिचौलिया और सक्रिय दलाल रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज को पलट रहे हैं ।इससे संबंधित खबर को भू-स्वामियों की शिकायत पर कि म्यूटेशन और लगान कटाने के नाम पर कर्मी की जगह उनके दलाल आर्थिक दोहन का शिकार करते हैं ।इस बाबत खबर प्रकाशित किए जाने के बाद पटना प्रदेश मुख्यालय में भूमि एवं राजश्व मंत्रालय कॉरिडोर में मामला काफी चचाओं में रह विपक्ष ने मामले को आड़े हाथों लिया तो राजश्व मंत्री राम सूरत राय ने गंभीरता दिखाते हुए जांच कराने की बात कही है ।मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक उक्त मामले पर कटिहार जिले के एक जिम्मेदार अधिकारी को तलब करते हुए अपने स्तर से हल्का कचहरियों का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजने को लेकर भूमि सुधार उप समाहर्ता बारसोई को निर्देशित किया है।






*क्या बदलते बिहार की यही तस्वीर है ?:-*

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी भूमि सुधार एवं राजश्व मंत्री राम सूरत राय जी आपके बिहार के बदलते बिहार की तस्वीरों के बीच एक तस्वीर कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के हल्का ग्राम कचहरी से निकल कर सामने आई है ।जो सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को भ्रष्टाचार की चौखट पर मुँह के बल पटखनी दे रही है ।हल्का कचहरी में कर्मचारी की जगह उनके निजी-कर्मचारी बेखौफ होकर बतौर बिचौलिए की भूमिका में दलाल और दलाली प्रथा को चर्मोत्कर्ष पर बनाये हुए है ।क्या यही आप के सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की बानगी और बदलते बिहार की तस्वीर है ।जहां आप की भोली भाली जनता और जमींदार को लगान और म्यूटेशन के नाम पर कर्मचारियों के शक्रिय दलाल आर्थिक दोहन का शिकार बना रहे हैं ।जो इन दिनों आजमनगर थाना क्षेत्र में जमीनी विवादों से संबंधित मामलों को बढ़ावा दे रहा हैं।

**डीएम के निर्गत पत्र के बाद सीओ ने भी सभी हल्का कर्मी को निर्गत किया है पत्र:-**

इस बाबत आजमनगर अंचलाधिकारी संजय कुमार ने भी मामले पर डीएम के निर्गत पत्र के आलोक में अंचल के सभी हल्का कर्मचारयों को भी पत्र निर्गत कर कई बिंदुओं पर जवाब तलब किया है ।चर्चा है ।कि सीओ के स्तर से संबंधित हल्का कर्मी से पूछा गया है ।कि उनकी अनुपस्थिति में उनके हल्का कचहरी में बिचौलिए और दलाल उनकी कुर्सी पर बैठकर किस तरह संवेदनशील दस्तावेजों में रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज पलटते और देखते हैं ।साथ ही अन्य काम भ करते हैं ।साथ हीं उनको सरकारी कुर्सी पर बैठकर काम करने का अधिकार किसने दिया ।उनको चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए संतोष जनक स्पष्टीकरण देने को कहे जाने की चर्चा है ।संतोष जनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित हल्का कर्मी पर गाज गिरनी तय बताई जा रही है।


## बिहार विधानसभा में राजद और भाजपा दिखी एक साथ, सरकार को घेरा

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा में सदन की कार्रवाई आरंभ होते ही विधानसभा अध्यक्ष के साथ लखीसराय में घटी घटना पर सरकार से जवाब मांगा गया. सरकार की ओर से जवाब नहीं मिलने पर राजद, भाजपा, माले, एआइएमआइएम के सदस्य वेल में जाकर हंगामा करने लगे. उनकी मांग थी कि आसन सहित सदस्यों की गरिमा के मान सम्मान का सवाल है. सरकार पहले इसका जवाब दे, उसके बाद ही सदन की कार्यवाही चलायी जाये. सदस्यों की भावना को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विधायिका को कोई कमजोर नहीं कर सकता.

सरकार का पक्ष रखते हुए उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी बताया कि संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी दूसरे सदन में हैं. उनके आने के बाद सरकार अपना उत्तर देगी. इधर सदस्यों के हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया. उन्होंने कहा कि इस बीच वह दलीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे.

सदन की कार्यवाही जब दूसरी बार 11.45 बजे आरंभ हुई तो विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री दूसरे सदन में सदस्यों का जवाब दे रहे हैं. इस मामले पर दोपहर एक बजे कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विमर्श किया जायेगा.



शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद के ललित कुमार यादव ने लखीसराय की घटना पर सरकार से जवाब की मांग की. उस घटना पर क्या किया गया. उनका कहना था कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के निर्णय का भी सरकार जवाब नहीं दे रही है. इसको लेकर भाजपा के संजय सरावगी ने भी कहा कि सरकार ने आश्वासन दिया था कि इसका जवाब एक दिन बाद दिया जायेगा.

राजद के भाई वीरेंद्र ने कहा कि आसन का सम्मान किया जाये. भाजपा के अरुण शंकर प्रसाद, हरिभूषण ठाकुर बचोल, पवन कुमार जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी सरकार से इसको लेकर जवाब की मांग की. सरकार की ओर से जवाब नहीं मिलने पर हंगामा को देखते हुए सदन की कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया.

## पीके का पीएम मोदी पर हमला, असली लड़ाई के नतीजे साल 2024 के लोकसभा चुनाव में आएंगे



पटना, एजेंसी। देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी चार में बेहतर प्रदर्शन किया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत को छोड़ दें, तब बीजेपी उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने जा रही है। इस पर जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ताजा बयान को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में पीके ने कहा है कि भारत की असली लड़ाई के नतीजे साल 2024 के लोकसभा चुनाव में आएंगे।

शुक्रवार को अपने ट्वीट में प्रशांत किशोर ने लिखा है, कि देश के लिए लड़ाई साल 2024 के लोकसभा चुनाव में लड़ी जाएगी। यह लड़ाई राज्यों के विधानसभा चुनावों में नहीं लड़ी जानी है। तभी इसके नतीजे आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को लेकर प्रशांत किशोर लिखते हैं कि 'साहेब यह बात जानते हैं, इसलिए विधानसभा चुनाव को परिणामों के जरिए विपक्ष के खिलाफ मनोवैज्ञानिक धारणा बनाने की चाल चल रहे हैं। न तो इस झूठ में फंसे और न हीं इसका हिस्सा बनें।

दरअसल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से चार में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकताओं को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि इन चुनावों ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे तय कर दिए हैं। प्रशांत किशोर नरेंद्र मोदी के इसी बयान को लेकर हमलावर थे।

## भागलपुर पुलिस कोलकाता पहुंची, काजवलीचक धमाका मामले में कर रही पूछताछ

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर के काजवलीचक धमाका मामले में भागलपुर पुलिस कोलकाता पहुंची है। चारकोल सहित विस्फोटक में इस्तेमाल होने वाले मटेरियल की सप्लाई करने वाले से पुलिस कोलकाता में पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोलकाता में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में गिरफ्तार किए गए आशीष की निशानदेही पर भागलपुर पुलिस की टीम कोलकाता पहुंची है।

टीम में दो थानेदार शामिल हैं। इधर, एसएसपी बाबू राम व एसपी सिटी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में पुलिस ने आशीष के घर छापेमारी कर बारूद बरामद की है। पुलिस अभी यह मानकर जांच कर रही है, कि काजवलीचक में कोलकाता से लाई गई बारूद से धमाका हुआ था। काजवलीचक धमाका मामले में पकड़े गए आशीष ने बारूद उपलब्ध कराने वाले और उसकी खरीद करने वाले लगभग एक दर्जन लोगों के नाम पूछताछ में पुलिस को बताए हैं। उन्होंने बताया है कि वह चारकोल पाउडर और विस्फोटक में इस्तेमाल होने वाले अन्य मटेरियल कोलकाता से लाता था।

भागलपुर सामान लाने के बाद कई पटाखा निमार्ता उससे मटेरियल खरीदते थे। उसने जिन लोगों के नाम बताए हैं, पुलिस उन सभी जगहों पर छापेमारी के लिए पहुंच रही है। उसके बयान के अनुसार शहर के कई लोग पुलिस के निशाने पर आ गए हैं, जो उससे बारूद की खरीद किया करते थे।

# सेमीकंडक्टर की कमी: गाड़ियों की आपूर्ति फरवरी 2022 में 23 फीसदी घटी

मुंबई, एजेंसी। वाहन उद्योग के निकाय सियाम ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी और आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के कारण उत्पादन प्रभावित होने और नए नियमों के लागू होने से वाहनों की कीमतों में वृद्धि के कारण मांग परिदृश्य प्रभावित होने से कारखानों से डीलरों को गाड़ियों की आपूर्ति फरवरी 2022 में 23 फीसदी घटी हैं।

वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि फरवरी 2022 में कुल यात्री वाहनों, दो पहिया वाहनों और तीन पहिया वाहनों की थोक बिक्री 13,28,027 इकाई रह गई।जो पिछले वर्ष इसी महीने की 17,35,909 इकाई के मुकाबले 23 फीसदी कम है। फरवरी 2022 में यात्री वाहनों की कुल आपूर्ति छह फीसदी घटकर 2,62,984 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष समान महीने में 2,81,380 इकाई




थी। यात्री कारों की थोक बिक्री पिछले महीने 1,33,572 इकाई रही जो फरवरी 2021 में 1,55,128 इकाई थी। हालांकि, यूटिलिटी वाहनों की बिक्री फरवरी 2021 की 1,14,350 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने बढ़कर 1,20,122 इकाई हो गई।

पिछले महीने वैन की 9,290 इकाइयां बिकीं जो फरवरी 2021 की 11,902 इकाइयों की तुलना में कम है।इसतरह दो पहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 27 फीसदी घटकर 10,37,994 इकाई रह गई जो एक वर्ष पहले 14,26,865 इकाई थी। इसी तरह, तीन पहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने मामूली रूप से घटकर 27,039 इकाई रह गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 27,656 थी। पिछले महीने सभी श्रेणी के वाहनों के उत्पादन में 20 फीसदी की कमी आई है। फरवरी में यात्री वाहन, तीन पहिया वाहन, दो पहिया वाहन समेत कुल 17,95,514 इकाइयों का उत्पादन हुआ जबकि फरवरी 2021 में 22,53,241 वाहनों का उत्पादन हुआ था।

# सोना और चांदी में आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने के भाव में गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स पर पांच अप्रैल 2022 की डिलीवरी वाला सोना शुक्रवार सुबह 309 रुपए की गिरावट के साथ 52,930 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर भी शुक्रवार को सोने-चांदी के भाव गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखाई दिए। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी शुक्रवार सुबह गिरावट दखने को मिली है। एमसीएक्स पर शुरूआती कारोबार में 5 मई 2022 की डिलीवरी वाली चांदी की कीमत 0.49 फीसदी या 345 रुपए की गिरावट के साथ 70,126 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। वैश्विक स्तर पर भी शुक्रवार सुबह



सोने के भाव में गिरावट देखने को मिली है। ब्लूमबर्ग के अनुसार सोने का वैश्विक वायदा भाव कॉमेक्स पर शुक्रवार सुबह 4.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1996 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 5.74 डॉलर की गिरावट के साथ 1989.25 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। चांदी के वैश्विक वायदा भाव में भी शुक्रवार सुबह गिरावट देखने को मिला। ब्लूमबर्ग के अनुसार शुक्रवार सुबह चांदी का वैश्विक वायदा भाव कॉमेक्स पर 0.15 डॉलर की गिरावट के साथ 26.11 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं चांदी का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.82 फीसदी की गिरावट के साथ 25.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव चलत रहा पर अंत में मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 86 अंक बढ़कर 55.550.30 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नएसई का निफ्टी भी 36 अंक बढ़कर 16,630.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, डॉ रेड्डीज, पावरग्रिड, आईटीसी और टाइटन के शेयर लाभ में रहे जबकि नेस्ले, मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और एक्सिस बैंक के शेयर नीचे आये हैं। बाजार जानकारों के अनुसार रुस के यूक्रेन पर हमले के बाज जिस प्रकार दुनिया भर में तेजी से हालत बदल रहे हैं। उससे एक प्रकार की अनिश्चितता बनी हुई है जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल हावी है। इसके कारण ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय बाजारों में बिकवाली का सिलसिला जारी है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से भी बाजार पर दबाव आया है।

### सेबी ने जारी की चूककर्ताओं की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 25 चूककताओं की सूची जारी की जिनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। सेबी के मुताबिक इन चूककताओं ने न तो निवेशकों का पैसा लौटाया और न ही उसकी तरफ से लगाए गए जुमार्ने को भरा था। सेबी ने अपनी वेबसाइट पर संपर्क से दूर चूककताओं का ब्योरा देते हुए कहा कि उसके वसूली अधिकारी ने इन व्यक्तियों के खिलाफ वसूली का प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। लेकिन इन चूककताओं को उनके आखिरी ज्ञात पते पर नोटिस दिए नहीं जा सके।सेबी ने कहा कि वसूली के ये नोटिस जुलाई 2014 से लेकर जनवरी 2022 के दौरान जारी किए गए थे। सेबी ने कहा कि उसके वसूली अधिकारी से चूककर्ता ईमेल या पत्र के जरिए 24 मार्च 2022 तक संपर्क कर सकते हैं। सेबी की तरफ से जारी सूची में कन्हैयालाल जोशी, संतोष कृष्ण पवार, चेतन मेहता, मुकुंद यदु जम्भाले, अंकित के अग्रवाल, जयेश शाह, सुरेशकुमार पी जैन, प्रवीण वशिष्ठ, राजेश तुकाराम दाम्बरे, जयेश कुमार शाह, दहयाभाई जी पटेल, दलसुखभाई डी पटेल, विट्ठलभाई वी गाजेरा के नाम शामिल हैं। इस सूची में विनोद डी पटेल, प्रवीण बी पटेल, नवीन कुमार पटेल, सुनील कुरिल, दिलीप हेमंत जम्भाले, जगदीश जयचंदभाई पांड्या, चिराग दिनेशकुमार शाह, प्रशांत खानकारी, कैलाश श्रीराम अग्रवाल, दत्तू शितोले, जितेंद्र चंद्रभान सिंह और अंकित सांचरिया के नाम भी हैं।

### आईएमएफ ने यूक्रेन के लिए 1.4 डॉलर वित्तपोषण की मंजूरी दी

वाशिगटन, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने रूस के साथ संघर्ष के बीच यूक्रेन के लिए आपातकालीन वित्तपोषण में 1.4 अरब डॉलर की मंजूरी दी है। आईएमएफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने वित्तपोषण की जरूरतों को पूरा करने और युद्ध के आर्थिक प्रभाव को कम करने में मदद करने के लिए रैपिड फाइनेंसिग इंस्ट्रूमेंट (आरएफआई) के तहत यूक्रेन हेतु 1.4 अरब डॉलर के संवितरण को मंजूरी दी।

### आईओसी ने श्रीलंका में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए

कोलंबो, एजेंसी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की श्रीलंका स्थित अनुषंगी ने श्रीलंकाई रुपए के बहुत अधिक अवमूल्यन के कारण पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें बढ़ा दी हैं। बढ़े हुए दाम शुक्रवार से प्रभाव में आ गए हैं। एक महीने में यह तीसरी बार है जब कंपनी ने ईंधन के दाम बढ़ाए हैं। लंका इंडियन ऑयल कंपनी (एलआईओसी) ने कहा कि डीजल की खुदरा कीमत 75 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल की 50 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गई है। अब यहां पेट्रोल के दाम 254 रुपए प्रति लीटर और डीजल के 214 रुपए प्रति लीटर है। एलआईओसी के प्रबंध निदेशक मनोज गुप्ता ने कहा कि सात दिन के भीतर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले श्रीलंकाई रुपये में 57 रुपए की गिरावट आई है। तेल और गैसोलिन उत्पादों की कीमतों पर इसका सीधा असर पड़ा है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देश रूस पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, इसके कारण भी तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। एलआईओसी को श्रीलंका सरकार से कोई सब्सिडी नहीं मिलती है। गुप्ता ने कहा कि तेल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंची कीमतों के कारण हमें अभी बहुत घाटा उठाना पड़ रहा है। ऐसे में कीमतें बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। दाम बढ़ाने के बावजूद भारी घाटा वहन करना होगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़ा

मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में बढ़त और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे चढ़कर 76.27 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.34 पर खुला। फिर यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 16 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 76.27 के स्तर पर आ गया। पिछले सत्र में गुरुवार को रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ 76.43 प्रति डॉलर के स्तर बंद हुआ था।

# मार्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि दर अनुमान घटाकर 7.9 प्रतिशत किया

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 7.9 प्रतिशत कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों पर रूस-यूक्रेन संघर्ष के असर को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने भारत में मुद्रास्फीति के अनुमान को भी बढ़ाकर छह प्रतिशत कर दिया है जो कि भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे का ऊपरी स्तर है। इसके अलावा मौजूदा घटनाक्रम की वजह से मुद्रास्फीतिजन्य मंदी की आशंका भी जताई है।ब्रोकरेज फर्म ने एक बयान में कहा कि हमारा मत है कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव बाह्य जोखिमों को बढ़ा रहे हैं और अर्थव्यवस्था के लिए मुद्रास्फीति-जनित मंदी की आशंका भी पैदा हो रही है। मुद्रास्फीति-जनित मंदी का आशय ऐसी स्थिति से है जब उत्पादन या वृद्धि में गतिहीनता आ जाए और मुद्रास्फीति भी ऊंचे स्तर पर बनी रहे। विश्लेषकों ने चक्रीय पुनरुद्धार का रुझान कायम



रहने की उम्मीद जताते हुए कहा कि ऐसा थोड़ा नरमी के साथ ही जारी रहेगा। उन्होंने भारत पर भू-राजनीतिक तनावों का कई तरह से असर पड़ने का जिक्र करते हुए कहा कि तेल एवं अन्य जिंसों के दामों में वृद्धि, व्यापार में गिरावट और कारोबारी धारणा को पहुंचे नुकसान से वित्तीय परिस्थितियां बिगड़ने की आशंका है। मॉर्गन स्टेनली के उलट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत का वृद्धि दर अनुमान 7.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# वित्त वर्ष 2022-23 में देश की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत रहेगी: क्रिसिल

नई दिल्ली, एजेंसी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि बुनियादी ढांचा खर्च पर सरकार के जोर और निजी पूंजीगत व्यय बढ़ने से 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने हालांकि आगाह किया कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और जिंसों की बढ़ती कीमतों की वजह से वृद्धि के नीचे जाने का जोखिम बन सकता है। 31 मार्च को समाप्त होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। क्रिसिल ने कहा कि कोविड-19 की तीसरी और हल्की लहर के जल्द समाप्त




होने का जो भी लाभ मिल सकता है वह यूक्रेन पर रूस के हमले से उत्पन्न होने वाले भू-राजनीतिक तनाव से कम हो जाएगा। इस युद्ध का वैश्विक वृद्धि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण कच्चे तेल और जिंसों के दाम बढ़ रहे हैं।ह्वह्वक्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री डी के जोशी ने ह्वभारत का परिदृश्य, वित्त वर्ष 2022-23ह्व पेश करते हुए कहा कि प्रत्यक्ष राजकोषीय नीतिगत समर्थन कम होने के कारण निजी खपत कमजोर कड़ी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल के दाम 85 से 90 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहते हैं तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) अगले वित्त वर्ष में 5.4 प्रतिशत पर बना रहेगा।जोशी ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि जब वित्त वर्ष 2011-12 और 2013-14 के बीच कच्चे तेल की कीमत औसतन 110 डॉलर प्रति बैरल थी, तब मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी।

# एथर एनर्जी ने 25 हजार इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने का आंकड़ा छुआ

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरू स्थित इलेक्ट्रिक दोपहिया निमार्ता कंपनी एथर एनर्जी ने नया इतिहास रच दिया है, क्योंकि कंपनी ने अपने होसुर प्लांस से 25,000वां एथर 450 एक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर उतारा है। निमार्ता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सफेद एथर 450 एक्स की असेंबली लाइन से निकलते हुए चित्रों को साझा किया है। एथर 450 एक्स के लिए उत्पादन 28 जनवरी, 2020 को शुरू हुआ, और आंकड़े को छूने में कंपनी को दो साल से थोड़ा अधिक समय लगा है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पिछले दो वर्षों में महामारी के मद्देनजर निमार्ताओं के लिए कुछ देरी हुई थी, जबकि एथर ने 2020 में बहुत बाद में 450 एक्स की डिलेवरी शुरू की थी।

एथर एनर्जी पिछले साल परिचालन शुरू करने वाले होसुर संयंत्र के साथ अपना उत्पादन बढ़ाया, जिसने ईवी स्टार्ट-अप के लिए एक प्रमुख क्षमता उन्नयन को चिह्नित



किया। इसने नई राज्य और केंद्रीय सब्सिडी और ईवी नीतियों के साथ कंपनी के विस्तार और बिक्री योजनाओं को और आगे बढ़ाया।

एथर 450 एक्स एक बड़े 2.9 किलोवॉट प्रतिघंटा लिथियम-आयन बैटरी पैक के साथ आता है, जो इलेक्ट्रिक मोटर को 6 किलोवाट (5.4 किलोवाट से ऊपर), 8 बीएचपी और 26 एनएम पीक टॉर्क उत्पन्न करने की शक्ति देता है।यह पुराने 450 से पूरे 6 एनएम अधिक टॉर्क पैदा करता है। एथर 450 एक्स में चार मोड मिलते हैं, इको, राइड, स्पोर्ट के साथ नया वार्प मोड दिया गया है, आपको पूरे 26 एनएम का अतिरिक्त टॉर्क मिलता है।एथर 0-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार महज 3.3 सेकेंड में पकड़ लेती है, जबकि 0-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने के लिए इस 6.5 सेकेंड का वक्त लगता है।एथर एक बार चार्ज करने पर 85 किमी की रेंज का दावा करता है, लेकिन केवल ईको मोड पर, यह राइड मोड में 75 किमी और वार्प मोड पर 50 किमी तक चल सकता है।

# चालू वित्त वर्ष में महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 12 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान: समीक्षा

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2021-22 में 12.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस दौरान कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर 11.9 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रह सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा में पेश वित्त वर्ष 2021-22 की राज्य आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में फसल उपज में तीन प्रतिशत, पशुधन में 6.9 प्रतिशत, वानिकी में 7.2 प्रतिशत और मत्स्यपालन में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। समीक्षा कहती है कि वित्त वर्ष 2021-22 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 31,97,782 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जबकि प्रति व्यक्ति आय 1,93,121 करोड़ रुपए रह सकती है। वर्ष 2019-20 में प्रति व्यक्ति आय 1,96,100 करोड़ रुपए रही थी। बजट अनुमानों के मुताबिक वर्ष 2021-22 में राजस्व प्राप्तियां 3,68,987 करोड़ रुपए रहेंगी। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 2,89,498 करोड़ रुपए रही थीं। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में केंद्रीय अनुदान समेत राज्य का कर एवं गैर-कर राजस्व क्रमशः 2,85,534 करोड़ रुपए एवं 83,453 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट अनुमानों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में राजस्व खर्च 3,79,213 करोड़ रुपए रहेगा जबकि वर्ष 2020-21 के संशोधित अनुमानों के मुताबिक यह 3,35,675 करोड़ रुपए रहा था। आर्थिक समीक्षा कहती है कि राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान इस वित्त वर्ष के बजट में जताया गया है। वहीं राष्ट्रीय जीडीपी में महाराष्ट्र की औसत हिस्सेदारी 14.2 प्रतिशत के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गई है। अद्यतन अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,25,073 रुपए रहने का अनुमान है। खरीफ सत्र 2021-22 में 155.15 लाख हेक्टेयर में बुवाई की गई। चालू वित्त वर्ष में अनाज, दाल, तिलहन, कपास एवं गन्ने की पैदावार एक साल पहले की तुलना में क्रमशः 11 प्रतिशत, 27 प्रतिशत, 13 प्रतिशत, 30 प्रतिशत एवं 0.4 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। वहीं रबी सत्र में जनवरी के अंत तक 52.47 लाख हेक्टेयर इलाके में बुवाई की गई थी। दालों की पैदावार में 14 प्रतिशत तेजी का अनुमान है जबकि अनाज एवं तिलहन की उपज में क्रमशः 21 प्रतिशत एवं सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, महाराष्ट्र में अक्टूबर, 2021 के अंत तक 10,785 स्टार्टअप सक्रिय थे। जून, 2020 से लेकर दिसंबर, 2021 के दौरान राज्य में 1.88 लाख करोड़ रुपए निवेश के प्रस्ताव भी मिले जिनसे 3.34 लाख लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।


# भारतीय अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा की वैश्विक मूल्य वृद्धि का होगा नकारात्मक असर: आईएमएफ

वाशिंगटन, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का प्रबंधन बहुत अच्छी तरह किया है लेकिन वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का उसकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है। यूक्रेन पर रूस के हमले और इसके वैश्विक प्रभाव विषय पर हाल ही में मीडिया से बातचीत में आईएमएफ की पहली उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि इस युद्ध के कारण भारत समेत दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष चुनौती आ खड़ी हुई है। गोपीनाथ ने कहा कि भारत की ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भरता है और वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ रही हैं। इसका असर भारतीय लोगों की खरीद क्षमता पर पड़ रहा है। भारत में मुद्रास्फीति करीब छह फीसदी है जो भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक मुद्रास्फीति के लिहाज से ऊंचा स्तर है। उन्होंने कहा कि इसका भारत की मौद्रिक नीति पर असर पड़ेगा और यह सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई हिस्सों के लिए चुनौती है। जॉर्जीवा ने कहा कि स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था पर जिसका सबसे अधिक प्रभाव होगा वह है ऊर्जा कीमतें। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा का आयातक है और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का उस पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत अपनी अर्थव्यवस्था का प्रबंधन करने में अच्छा रहा है।



# पिछले साल देश का सोना आयात बढ़कर 1,067 टन पर: जीजेईपीसी

नई दिल्ली, एजेंसी। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि भारत का सोने का आयात वर्ष 2021 में 1,067.72 टन हो गया, जो कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2020 के दौरान 430.11 टन था। एक बयान में कहा गया है कि वर्ष 2021 में सोने का आयात वर्ष 2019 के 836.38 टन के आयात से 27.66 प्रतिशत अधिक रहा है। इसमें कहा गया है कि स्विट्जरलैंड से सबसे अधिक 469.66 टन सोना आयात किया गया। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 120.16 टन, दक्षिण अफ्रीका से 71.68 टन और गिनी से 58.72 टन सोने का आयात किया गया। चीन के साथ भारत अबतक दुनिया का सबसे बड़ा सोने का आयातक और उपभोक्ता देश है। जीजेईपीसी के अध्यक्ष कॉलिन शाह के अनुसार वर्ष 2021 में लगभग 1,067 टन सोने के आयात के लिए, एक साल पहले की असामान्य महामारी की स्थिति को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। उस समय आयात 430.11 टन तक गिर गया था।पिछले वर्ष देश ने 58,763.9 करोड़ डॉलर मूल्य के सोने के आभूषणों का निर्यात किया था। जीजेईपीसी ने कहा कि आभूषण उद्योग में निर्यात में वृद्धि देखी जा रही है और महामारी के बाद सोने के आभूषण (सादे और जड़े हुए) की घरेलू बिक्री बढ़ रही है।



# पीएफआरडीए की दो पेंशन योजनाओं के अंशधारक बढ़कर 5 करोड़ हुए

नई दिल्ली, एजेंसी। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की तरफ से संचालित दो प्रमुख पेंशन योजनाओं से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या फरवरी के अंत तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 5.07 करोड़ से अधिक हो गई। पीएफआरडीए ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं में शामिल अंशधारकों की संख्या फरवरी, 2022 के आखिरी तक बढ़कर 5 करोड़ 7.23 लाख हो गई। पीएफआरडीए के मुताबिक, फरवरी, 2021 के अंत में यह संख्या 4 करोड़ 14.70 लाख थी। इस तरह पेंशन योजनाओं में शामिल लोगों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 22.31 प्रतिशत बढ़ी है। एनपीएस और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत प्रबंधन वाली कुल परिसंपत्तियां भी 28.21 प्रतिशत बढ़कर 7,17,467 करोड़ रुपए हो गईं। पेंशन नियामक के मुताबिक, एनपीएस में शामिल केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या फरवरी अंत तक करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.75 लाख हो गई। वहीं राज्य सरकारों के कर्मचारियों की संख्या 9.22 प्रतिशत बढ़कर 55.44 लाख हो चुकी है। अगर कॉरपोरेट जगत की बात करें, तो एनपीएस में शामिल होने वाले कर्मचारियों की संख्या फरवरी, 2022 के अंत तक 25 प्रतिशत की तीव्र बढ़त के साथ 13.80 लाख पर पहुंच गई। इसके साथ ही अटल पेंशन योजना में पंजीकृत होने वाले लोगों की संख्या फरवरी के अंत तक 29 प्रतिशत बढ़कर 3.52 करोड़ हो गई।



# भारतीय टीम क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी

## दोपहर दो बजे से होगा मुकाबला

बेंगलुरू, एजेंसी। भारतीय टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा दिन-रात्रि के इस मैच को जीतकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप करना चाहेंगे। भारतीय टीम ने मोहाली में हुए पहले टेस्ट को एक पारी और 222 रनों से जीता था। इससे टीम के हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाज ओर गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा इस मैच में भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे। पहले मैच में जडेजा ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी इस मैच में अपने शतक का सूखा समाप्त करना चाहेंगे। विराट ने पिछले 28 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगाया है। अब प्रशंसकों को इस मैच में विराट के 71 वें शतक का इंतजार रहेगा।

कोहली ने अंतिम बार दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में 2019 में गुलाबी गेंद से टेस्ट में ही शतक जमाया था। उन्होंने उस पारी में 136 रन बनाए थे। उसके बाद से ही विराट शतक नहीं लगा पाये हैं। विराट ने छह बार अर्धशतक लगाये हैं पर उसे वह शतक में तब्दील नहीं कर पाये हैं। गुलाबी गेंद का टेस्ट होने पर इस बार अंतिम एकादश में भारतीय टीम तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी शामिल कर सकती है। इसके अलावा ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भी जयंत यादव की जगह शामिल किया जा सकता है। जयंत पहले टेस्ट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। अक्षर ने आखिरी बार गुलाबी गेंद टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में 11 विकेट लिए थे। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने गेंदबाजी की शुरूआत भी की थी। वैसे पिच पर घास होने पर सिराज बेहतर विकल्प होंगे। भारतीय टीम शायद ही इस मैच में अधिक बदलाव करे पर बल्लेबाज हनुमा विहारी को एक बार फिर तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है।

वहीं दूसरी ओर श्रीलंका की टीम पहले मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहद



कमजोर साबित हुई ऐसे में उसपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा। उसके बल्लेबाजों को इस मैच में भारतीय टीम को टक्कर देने बड़ी पारियां खेलने होंगी। इसके अलावा टीम के गेंदबाजों को भी निरंतर अंतराल में विकेट लेकर भारतीय टीम पर दबाव बनाना पड़ेगा।

पहले टेस्ट में श्रीलंकाई टीम हर क्षेत्र में भारतीय टीम से कहीं पीछे रही। उसे तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा के बिना ही उतरना होगा। लाहिरू हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में दुष्मंता चामीरा अंतिम एकादश में उनकी जगह शामिल किये जा सकते हैं। इसके अलावा कप्तान दिमुथ करूणारत्ने को इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टीम को प्रेरित करना होगा। इसके अलावा टीम को अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं गेंदबाजों को भी विकेट लेने के पूरे प्रयास करने होंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हनुमा विहारी, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, श्रेयस अय्यर, कोना भारत (विकेटकीपर), उमेश यादव, सौरभ कुमार, प्रियांक पांचाल।

श्रीलंका : दिमुथ करुणारत्ने (कप्तान), धनंजय डिसिल्वा, चरित असलंका, दुशमंथा चमीरा, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, निरोशन डिकवेला, लसिथ एम्बुलडेनिया, विश्व फर्नांडो, सुरंगा लखमल, लाहिरू थिरिमाने, लाहिरु कुमारा, कुसाल मेंडिस, पाथुम निसांका, जेफ्री वंडारसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने।

# महिला विश्वकप : लॉरा और सुने के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने पाक को हराया



माउंट मौंगानुई, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट मुकाबले में पाकिस्तान को एक करीबी मुकाबले में छह रनों से हरा दिया। यह विश्व कप में दक्षिण अफ्रीकी टीम की लगातार दूसरी जीत है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लॉरा वुलफार्ट ने 75 जबकि कप्तान सुने लूस ने 62 रन बनाये। इसके अलावा गेंदबाज शबनम इस्माइल ने 41 रन देकर तीन विकेट लिए। इस मुकाबले में हार से पाक टीम अंक तालिका में सबसे नीचे आ गयी है। उसे पहले मुकाबले में भारत जबकि दूसरे में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 223 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 49.5 ओवर में 217 रन ही बना पायी। ओमाइमा सोहैल ओर निदा डार ने अर्धशतक लगाये पर अन्य बल्लेबाज विफल रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से इस्माइल ने तीन जबकि मरीजान काप और अयाबोंगा खाका ने दो-दो विकेट लिए। रोमांचक मुकाबले के दौरान पाक को अंतिम चार गेंदों पर जीत के लिए आठ रनों की जरुरत थी और उसका एक विकेट शेष था पर गुलाम फातिमा पांचवीं गेंद पर रन आउट हो गईं। पाक की ओर से ओमाइमा ने सबसे ज्यादा 65 रन जबकि निदा ने 55 रन बनाए। बाकि बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पायी जिस कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। निदा आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुई तब टीम का स्कोर 213 था। इसके बाद पूरी पारी 217 रन पर ही सिमट गई। इस्माइल ने अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर डायना बेग को 13 रन पर आउट कर पाक टीम की पारी को समेट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के लिए भी दुष्मंथा को शामिल नहीं किया

बेंगलुरु, एजेंसी। यहां भारतीय टीम के साथ शनिवार को शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भी श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा को शामिल नहीं किया है। दुष्मंथा इससे पहले मोहाली में खेले गए शुरूआती टेस्ट मैच के लिए भी टीम में नहीं थे। टीम प्रबंधन ने कार्यभार प्रबंधन के तहत ही दिन-रात्रि के टेस्ट मैच के लिए इस तेज गेंदबाज को आराम दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंकाई टीम के मेडिकल पैनल ने इस तेज गेंदबाज को सलाह दी है कि वह आगामी टी20 विश्वकप तक सफेद गेंद वाले क्रिकेट मुकाबलों में ही खेलें। अगले साल भारत में 50 ओवर का एकदिवसीय विश्व कप भी खेला जाना है। वहीं यह संभावना है कि बल्लेबाज पथुम निसानका को भी पीठ की समस्याओं के कारण इस मैच में जगह नहीं दी जाएगी। निसानका ने हालांकि पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा नाबाद 61 रन बनाये थे। निसानका को बाहर किया जाता है तो उनकी जगह दिनेश चांदीमल या कुसल मेंडिस में से किसी एक बल्लेबाज को टीम में शामिल किया जाएगा।

### अदिति संयुक्त 42वें स्थान पर पहुंची

चोनबरी, एजेंसी। भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक होंडा एलपीजीए थाईलैंड ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त 42वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। अदिति ने यहां दो अंडर 70 का स्कोर बनाया। इस भारतीय महिला गोल्फर ने दूसरे होल में बोगी की और वह आठवें होल में बर्डी बनाने में सफल रहीं। इसके बाद इस गोल्फर ने 15वें और 18वें होल में भी बर्डी बनाई। वहीं जापान की नासा हतोका, जर्मनी की एस्तेर हेन्सेलिट और ऑस्ट्रेलिया की सु ओह ने नौ अंडर 63 की शानदार बढ़त हासिल की है। इसके अलावा चीन की लिन जियू 64 के स्कोर के साथ ही चौथे स्थान पर बनी हुई है। कुल 6 खिलाडियों ने समान 65 का स्कोर बनाया।

### ब्रिटेन ने सात रुसी अरबपतियों की संपत्तियां जब्त की

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन ने प्रीमियर लीग फुटबॉल क्लब चेल्सी के मालिक रोमन अब्रामोविच सहित रूस के सात और अरबपतियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की है। यूक्रेन पर रूसी हमले के विरोध में ये पाबंदियां लगायी गयी हैं। ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि अब अब्रामोविच सहित सभी प्रतिबंधित व्यक्ति ब्रिटेन का दौरा नहीं कर पायेंगे। अब्रामोविच की संपत्ति पहले ही जब्त कर दी गई है और अब वह ब्रिटेन नहीं पहुंच पायेंगे। इसके अलावा ये प्रतिबंधित लोग ब्रिटेन के नागरिकों से व्यक्तिगत या व्यावसायिक संबंध नहीं रख पाएंगे।

# आईसीसी ने रावलपिंडी पिच को औसत से निचले दर्जे का बताया

## नकारात्मक अंक भी दिया



रावलपिंडी, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी रावलपिंडी स्टेडियम की पिच की आलोचना करते हुए उसे औसत से निचले स्तर का बताते हुए एक नकारात्मक अंक दिया है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच हुआ पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। पांच दिनों में केवल 14 विकेट ही गिरे थे और दौनो ही टीमों ने बड़े स्कोर बनाये थे। दिग्गज क्रिकेटरों की आलोचना के बाद पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी माना था कि ऐसी पिच से टेस्ट क्रिकेट को नुकसान ही होता है। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रंजन मदुगले ने इस पिच को औसम से भी खराब बताया और इस पिच को आईसीसी की पिच एवं आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के तहत एक 'नकारात्मक' अंक दिया गया है।

मदुगले ने आईसीसी के बयान में कहा, ह्यपिच का व्यवहार पांच दिन के अंदर नहीं बदला। इसमें उछाल थोड़ा कम होने के अलावा अन्य कोई भी बदलाव नहीं आया। इस पिच में तेज गेंदबाजों के लिए बहुत अधिक गति और उछाल नहीं था और न ही मैच के आगे बढ़ने पर स्पिनरों को सहायता मिली।' उन्होंने कहा, 'मेरे विचार में ऐसे में बल्ले और गेंद के बीच समान प्रतिस्पर्धा संभव नहीं थी। इसलिए आईसीसी के दिशानिदेर्शों को ध्यान में रखते हुए मैं इस पिच को औसत से खराब करार दे रहा हूं।'




इंडियन वेल्स में ऑस्ट्रेलिया के निक किरगियोस रिटर्न शॉट लगाते हुए।

# एएफसी एशिया कप क्वालिफायर के लिए भारतीय टीम हांगकांग, अफगानिस्तान और कंबोडिया के साथ



नई दिल्ली, एजेंसी। एएफसी एशिया कप चीन 2023 के अंतिम दौर के क्वालिफायर मुकाबलों के लिए भारत को ग्रुप डी में हांगकांग, अफगानिस्तान और कंबोडिया के साथ रखा गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के जारी कार्यक्रम के अनुसार इस टूनार्मेंट का यह आखिरी चरण आठ जून को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में शुरू होगा और जिसमें भारतीय फुटबॉल टीम कंबोडिया से खेलेगी, जबकि उसके अगले दो मैच 11 जून को अफगानिस्तान और 14 जून को हांगकांग से होंगे। इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाली 24 टीमों को छह समूहों में बांटा गया है। किया गया है, जिसमें छह ग्रुप विजेता टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीमें चीन में होने वाले एएफसी एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय फुटबॉल टीम ने फीफा विश्व कप कतर 2022 और एएफसी एशियाई कप चीन 2023 के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे दौर में ग्रुप ई में तीसरे स्थान पर रहने के बाद एएफसी एशिया कप क्वालीफायर के तीसरे और अंतिम दौर में जगह बनाई थी। वहीं भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, ह्यकार्यक्रम हमेशा अच्छा या बुरा हो सकता है, लेकिन हमें अपना काम करने की जरूरत है। हमारी योजना मई के पहले हफ्ते से कोलकाता में अपना तैयारी शिविर शुरू करने की है, लेकिन मुंबई सिटी एफसी के खिलाड़ी एएफसी चैंपियंस लीग में क्लब की प्रतिबद्धताओं के कारण 29 मई से पहले उपलब्ध नहीं होंगे।

# भारत-श्रीलंका मैच में 100 फीसदी दर्शकों को मिलेगा प्रवेश



बेंगलुरु, एजेंसी। यहां शनिवार से भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 100 फीसदी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी दी गयी है। कोविड-19 का खतरा कम होने बाद यह पहली बार है जब दिन-रात्रि के इस टेस्ट में पूरी क्षमता से स्टेडियम भरा रहेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) ने राज्य सरकार से मंजूरी मिलने के बाद सौ फीसदी दर्शकों को प्रवेश देना तय किया है। केएससीए के कोषाध्यक्ष विनय मृत्युंजय के अनुसार पहले दो दिनों के लिए जनता के लिए उपलब्ध 10 हजार टिकट पहले ही बिक गये हैं। दर्शकों के लिए पूरे स्टेडियम को खोलने के फैसले के बाद केएससीए ने बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त टिकटों की ब्रिकी शुरू की है। एसोसिएशन ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'दर्शकों की मौजूदगी पर लगे प्रतिंबधों के हटने और बढ़ती टिकट मांग को ध्यान में रखते हुए केएससीए स्टेडियम की पूरी क्षमता के लिए टिकटों की बिक्री शुरू कर देगा।'

जून 2018 के बाद बेंगलुरु पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। जनवरी 2020 में अंतिम बार इस मैदान पर अंतररष्ट्रीय मैच का आयोजन हुआ था जब ऑस्ट्रेलिया ने एक छोटी एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। कुल मिलाकर यह घर पर भारत का तीसरा गुलाबी गेंद का टेस्ट मैच होगा। नवंबर 2019 में भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में और फरवरी 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेला है।

# दूसरे टेस्ट से पदार्पण करेंगे स्वेपसन : कमिंस



कराची, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार से होने वाले दूसरे मैच से अपना टेस्ट पदार्पण करेंगे। कमिंस को इस मैच में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। कराची की पिच से स्पिनरों को सहायता मिल सकती है , इसीलिए स्वेपसन को टीम में जगह दी गयी है।

रावलपिंडी में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमे जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। पहले टेस्ट में पिच बेजान होने के कारण गेंदबाजों को कोई सहायता नहीं मिली थी और दोनो ही टीमों ने जमकर रन बनाये थे। इसके बाद से ही पिच की दिग्गज क्रिकेटरों ने आलोचना की थी और कहा था कि ऐसे मैचों से टेस्ट के भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 24 साल के बाद पाक पहुंची हैं और उसका लक्ष्य किसी भी प्रकार यह सीरीज जीतना रहेगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

टेस्ट टीम

पाकिस्तान : बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अजहर अली, फहीम अशरफ, फवाद आलम, हारिस रउफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाम-उल-हक, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, नौमान अली, साजिद खान, सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद, जाहिद महमूद।

ऑस्ट्रेलिया : पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क, मार्क स्टेकेटी, मिशेल स्वेपसन, डेविड वार्नर। स्टैंडबाय परः सीन एबॉट, ब्रेंडन डोगेट, निक मैडिन्सन, मैथ्यू रेनशॉ।

# रोहित खेलेंगे अपना 400 अंतरराष्ट्रीय मैच



बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा शनिवार को यहां गुलाबी गेंद से श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। दिन-रात्रि के इस मैच में उतरते ही रोहित 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गये हैं। इस क्लब में अभी पूर्व कप्तान विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर , राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, युवराज सिंह, मोहम्मद अजहरुद्दीन और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय कप्तान इस सूची में शामिल होने वाले नौवें भारतीय बनेंगे। साल 2007 में पदार्पण करने वाले रोहित ने भारत के लिए अब तक 44 टेस्ट, 230 एकदिवसीय और 125 टी-20 मैच खेले हैं।

इसके अलावा रोहित का मुकाबला गुलाबी गेंद से रन बनाने के मामले में विराट से भी होगा। पूर्व कप्तान विराट भारत के लिए गुलाबी टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने चार पारियों में 60.25 के औसत से 241 रन बनाए हैं। वहीं रोहित ने गुलाबी गेंद से 112 रन बनाये हैं और वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ दिन-रात्रि के अंतिम मैच में 66 रन बनाए थे। विराट एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने गुलाबी गेंद से खेले टेस्ट मैच में शतक लगाया है। इसके बाद से ही वह शतक नहीं लगा पाये हैं। अब उनका लक्ष्य इस मैच में अपना 71 वां शतक लगाना रहेगा।

# इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका और यूलिया



इंडियन वेल्स, एजेंसी। जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। ओसाका ने पहले ही दौर में अमेरिका की स्लोएने स्टीफेंस को 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। ओसाका ने तीसरे सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद तीन ब्रेक अंक लेकर अच्छी वापसी करते हुए दो घंटे के अंदर ही मैच जीत लिया। इस सेट में उन्होंने तीन बार स्टीफेंस की सर्विस को तोड़ा। ओसाका साल 2019 के बाद से ही पहली बार यहां परीबस ओपन में खेल रही है। जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अंतिम 32 में हारने के बाद से ही इस खिलाड़ी ने एक भी टूनार्मेंट नहीं खेला है। ओसाका मानसिक स्वास्थ्य कारणों से पिछले साल फ्रेंच ओपन से बाहर थीं। ओसाका के अलावा पहले दौर में कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा, डारिया सेविले और टेरेजा मार्तिनकोवा भी जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। वहीं पुरूष वर्ग में अमरीका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड, जेंसन ब्रूक्सबी, जैक सोक और जे जे वोल्फ भी जीत के साथ ही अगले दौर में पहुंच गए हैं।

# कराची में हमें बेहतर पिच मिलने की उम्मीद : वॉर्नर



कराची, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि उनकी टीम को उम्मीद है कि कराची में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अच्छी पिच मिलेगी। वहीं रावलपिंडी में हुए पहले टेस्ट में बेजान पिच सही नहीं होने के कारण जमकर रन बने थे और गेंदबाजों को कोई सहायता नहीं मिलने से मैच ड्रॉ रहा था। वॉर्नर ने कहा कि मैं ऐसा मैच चाहता हूं कि जो दर्शकों के लिये रोमांचक और मनोरंजक साबित हो। वार्नर के अलावा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भी पिंडी क्रिकेट स्टेडियम की पिच को बेजान बताया था। वॉर्नर ने कहा गेंद पिच पर सपाट और धीमी आ रही थी। इसमें उछाल भी नहीं थी। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने भी माना है कि मैच ड्रॉ होना टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है।

वहीं इसके अलावा वॉर्नर दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न के निधन से बेहद दुखी दिखे। इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें अभी तक वार्न के निधन की बात पर भरोसा नहीं हो पा रहा है। साथ ही कहा कि उनका अंतिम संस्कार हम सभी के लिए काफी भावुक पल होगा। उन्होंने कहा, ह्यबड़ी संख्या में विक्टोरिया के लोग मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीसी) पर एकत्र होकर वार्न को श्रृद्धांजलि देने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, ह्यआपने देखा के एमसीजी पर वॉर्न की प्रतिमा पर लोगों ने फूल, सिगरेट और बीयर तक चढ़ाई। इससे पता चलता है कि लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।

# वार्न का पार्थिव शरीर मेलबर्न पहुंचा



मेलबर्न, एजेंसी। दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न का पार्थिव शरीर बैंकाक से एक निजी जेट विमान से उनके गृह शहर मेलबर्न पहुंच गया है। वार्न के ताबूत पर ऑस्ट्रेलियाई झंडा लगा था। उसके पार्थिव शरीर को लेकर एक निजी जेट विमान स्थानीय समयानुसार रात करीब साढ़े आठ बजे यहां उतरा। अब वार्न का 30 मार्च को मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, ह्यवार्न के पार्थिव शरीर को लाने वाला निजी जेट गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे मेलबर्न के एस्सेनडन फील्ड्स एयरपोर्ट पर उतरा। इस विशेष विमान को एक निजी हैंगर में ले जाया गया ह्ण इस दौरान वार्न की निजी सहायक हेलेन नोलन सहित प्रशंसक और दोस्त हवाई अड्डे पर उपस्थित थे ह्ण वहीं इससे पहले बैकॉक में ऑस्ट्रेलियाई ध्वज में लिपटा ताबूत थाई पुलिस फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट से एम्बुलैंस में सीधे ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे लाया गया। वॉर्न की शुक्रवार को थाईलैंड के कोह समुई द्वीप पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी थी। वह छुट्टियां मनाने के लिए दोस्तों के साथ वहां गये हुए थे।

# लौंग से पाएं इन प्रॉब्लम से छुटकारा

**लौंग खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण के कारण शरीर को काफी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता है। लौंग सब्जी का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ छोटी-मोटी बीमारियों से बचाने में मददगार होते हैं। आज हम आपको बताएंगे लौंग हमारे लिए किस तरह से फायदेमंद है।**

- लौंग एक प्राकृतिक दर्द निवारक हैं और साथ ही यह रोगाणु से भी बचाता हैं। भुना हुआ लौंग गले की खराश से छुटकारा पाने में मदद करता है।
- लौंग बहुत तीव्र होता हैं, घाव के इलाज के लिए जैतून के तेल में थोड़ा-सा लौंग का तेल मिलाकर घाव पर लगाने से आप घाव से बहुत जल्द छुटकारा पा सकते हैं।
- भुने हुए लौंग का सेवन करने से आप उल्टी, दस्त, आंत्र गैस और पेट के दर्द आदि प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते हैं।



# एवोकाडो से करें त्वचा को मॉश्चराइज



**त्वचा को मॉश्चराइज करता है :** मॉश्चराइजेशन त्वचा की जरूरत है। हालांकि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आपका स्किन टाइप क्या है। एवोकाडो में हेल्दी फैटी एसिड होता है जो त्वचा को मॉश्चराइज करने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाएं रखता है। साथ ही त्वचा को पोषण देने में मदद करता है। आप चाहे तो एवोकाडो का इस्तेमाल घरेलू उपायों में कर सकते हैं। इसके अलावा एवोकाडो ऑयल का भी उपयोग कर सकते हैं।

**एंटी एजिंग :** आप एवोकाडो का इस्तेमाल एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए कर सकते हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, विटामिन सी, विटामिन ई की भरपूर मात्रा होती है जो फ्री रेडिकल्स से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को नरिश रखने में मदद करता है। साथ ही झुर्रियों से छुटाकारा दिलाने में भी मदद करता है। इसके अलावा त्वचा में कसाव लाता है।

**एक्ने से छुटकारा दिलाता है :** ज्यादातर लोग मुंहासों की समस्या से परेशान रहते हैं। इसकी वजह से त्वचा में जलन महसूस होती है। आप मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए एवोकाडो को पीसकर लगाएं। इसके अलावा आप एवाकाडो युक्त क्रीम या ऑयल भी लगा सकते हैं।

**सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है :** एवोकाडो त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने का काम करता है। यूवी रे की वजह से फाइन लाइंस, झुर्रियां और एजिंग के अन्य लक्षण नजर आते हैं। इससे बचने के लिए एवोकडो युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**त्वचा को मुलायम रखता है :** एवोकाडो में हेल्दी फैट्स और विटामिन्स होते हैं जो त्वचा को रिपेयर करने में मदद करते हैं। ये आपकी त्वचा को रेडिएंट और साफ रखता है। ये त्वचा में होने वाली जलन से भी राहत दिलाता है।

# कच्चे मटर
## सेहत के लिए फायदेमंद

**हम सभी लोगो को मत्र का सेवन बहुत पसंद होता है कई लोग तो इन्हे हर सब्जी में डाल के खाना बहुत पसंद करते है।लेकिन क्या आपको यह पता है मटर को कच्चा खाने के कई सारे फायदे है जो हम आज आपको बताते है।**

हरी मटर में विटामिन C की मात्रा का अत्यधिक भंडार होता है जिससे आपकी हड्डियों को बहुत मजबूती मिलती है। मटर में वजन कम करने के गुण भी है क्योंकि इसमें लो कैलोरी पायी जाती है और फैट भी बहुत ही कम मात्रा में होता है।

मटर से ब्लड़ में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी बहुत संतुलित रहती है अगर पेट में कैंसर की बीमारी है तो इस बीमारी के लिए तो मटर एक ओषधि की तरह काम करता है।

ये प्रेग्नेंट महिलाओ के लिए भी बहुत फायदेमंद है इसमें फोलिक एसिड पाया जाता है जो प्रेग्नन्सी में बहुत फायदेमंद होता है।

इससे हार्ट की बीमारियों का भी खतरा बहुत कम होता है इसमें एंटी - इनफ्लैमेट्री कम्पाउंड और एंटी - ऑक्सीडेंट भी बहुत ही भरपूर मात्रा में पाए जाते है।



# सेहत के लिए हानिकारक ठंडे पानी का सेवन



पानी हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक होता है लेकिन ऐसा तभी हो सकता है जब वो पूर्णतः शुद्ध और साफ़ होने के साथ ठंडा ना हो क्योकि ठंडा पानी हमारे लिए अत्यधिक नुकसानदायक होता है। एक सामान्य स्वस्थ मनुष्य के शरीर का तापमान तकरीबन 98.6 डिग्री सेल्सियस होता है और ऐसे में हमें लगभग 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तक का पानी जरूर पीना चाहिए क्योकि जब आप इस तापमान से कम तापमान का पानी पीते है तो उसे पचने में तकरीबन 7 घंटे लग जाते है। जब आप बहुत ही सामान्य पानी पीते है तो उसे पचने में तकरीबन तीन घंटे का समय लगता है तो गुनगुना पानी एक घंटे में ही पूरी तरह पच जाता है और शरीर में एंटी ओक्सिडेंट फ्लो होने लगते है जो की शरीर को शुद्ध करते है।

# आंतों की सफाई करने का आसान तरीका



अपनी आंतों की सफाई करने का बेहतरीन तरीका। जो पको लगभग 15 दिनों में एक बार जरूर करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको पेट की समस्या नहीं होगी जैसे कि कब्ज का होना और पेट दर्द का होना। कब्ज की शिकायत से राहत मिलेगी ही साथ ही आपको अनेकों बहुत सी बीमारियों से राहत मिलेगी। तो चलिए जानिए कैसे करे 15 दिनों में अपनी आंतों की सफाई।ऐसा करें-

आप एक चम्मच त्रिफला पाउडर लें और एक चम्मच शहद लें फिर आप इन दोनों को एक गिलास दूध में डालकर अच्छे से मिला लें। मिलाने के बाद आप इस दूध को लगभग 5 मिनट तक ऐसे ही रख दें। फिर आप उसको पी लें व सो जाए। ऐसा करने के बाद जब आप सुबह उठकर शौच जाएंगे तो आपका पेट उस वक्त साफ हो जाएगा पूरा गंदगी उस समय एक झटले मव बाहर निकल जाएगी। यह आयुर्वेदानुसार बेहद कारगर तरीका है आंतों की सफाई करने का।

# ऐसे बनाएं लहसुन-अदरक का पेस्ट
## 6 महीने तक नहीं होगा खराब

**लहसुन और अदरक का इस्तेमाल खाना बनाने के दौरान मसाले के तौर पर किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि लहसुन और अदरक दोनों में कई तरह के गुण मौजूद होते हैं जो हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद हैं। लहसुन और अदरक दोनों में एंटी-इंफ्लामेटरी तत्व पाए जाते हैं जो कोशिकाओं की टूट-फूट में मरम्मत के लिए काम आता है। दोनों दिल की सेहत के लिए बहुत कारगर नुस्खा है। इसके अलावा लहसुन और अदरक में एंटीकैंसर गुण की मौजूदगी का भी पता चला है। इसमें इम्युन सिस्टम को भी सही करने की क्षमता होती है।**


इतनी सारी गुणकारी चीजों के कारण किचन में लहसून और अदरक का बहुत महत्व है। हालांकि लोग अदरक और लहसुन के पेस्ट को अलग-अलग तरह से बनाते हैं लेकिन इनमें ज्यादातर पेस्ट जल्दी खराब हो जाते है और उसमें टेस्ट भी बहुत अच्छा नहीं बन पाता है। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए फूड ब्लॉगर ने अदरक और लहसुन का पेस्ट बनाने की विधि बताई गई है। इस विधि से बनाने पर पेस्ट 6 महीने तक तरोताजा रहता है। आइए जानते हैं आरती मदान द्वारा बताई गई अदरक और लहसून का पेस्ट बनाने की विधि - लहसून-अदरक पेस्ट बनाने के लिए सामग्री, 150 ग्राम अदरक, 250 ग्राम लहसुन, इच्छानुसार नमक, तेल

### बनाने की विधि

सबसे पहले अदरक को छीलकर बारीक कर लें। इसके बाद इसे बिना पानी के ग्राइंडर में पीस ले। इसके बाद अच्छे से लहसुन के छिलके को उतारें और अदरक के साथ ही जार में डाल दें। याद रहे पानी और मॉइश्चर बिल्कुल नहीं रहना चाहिए। दोनों को अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। जब तक पूरी तरह से बारीक पेस्ट तैयार नहीं हो तब तक ग्राइंडर चलाते रहे। अगर जार छोटा हो तो पहले थोड़ा सा ग्राइंड कर लें। इसके बाद बाकी को भी उसी में ग्राइंड कर दें।

अच्छी तरह से पेस्ट बन जाने के बाद जार में ही नमक डाल दें और टेबलस्पून तेल मिलाएं। याद रहे टेबल स्पून तेल और नमक ही इस पेस्ट की सेल्फ लाइफ को बढ़ाता है। तेल और नमक डालने के बद ग्राइंडर को फिर से चला दें। इसके बाद पेस्ट का टेक्सचर बहुत अच्छा और क्रीमी हो जाएगा। आपका पेस्ट तैयार हो गया। अब सबसे ध्यान देने वाली बात इसे स्टोर करने को लेकर है। जिंजर-गार्लिक पेस्ट को स्टोर करने के लिए एक कांच का जार लें। ध्यान रहें जार पूरी तरह से ड्राई हो और वह एयर टाइट भी हो। प्लास्टिक का जार इस्तेमाल न करें। जार में पेस्ट को बंद करने के बाद इसे फ्रीज में रख दें। पांच से छह महीने तक यह पेस्ट खराब नहीं





# नींबू के पत्ते हमारे लिए लाभदायक

नींबू खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नींबू का अनोखा गुण यह है कि इसकी खट्टी खुशबू खाने से पहले ही मुंह में पानी ला देती है। चाट हो या दाल कोई भी व्यंजन इसके प्रयोग से और भी स्वादिष्ट हो जाता है। यह फल खट्टा होने के साथ-साथ बेहद गुणकारी भी है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नींबू के पत्ते नींबू से ज्यादा फायदेमंद होते है। आज हम आपको बताएंगे कैसे नींबू के पत्ते हमारे लिए फायदेमंद है।

दिनभर काम काज की वजह से लोगों में सिरदर्द की प्रॉब्लम काफी देखने को मिल रही है। नींबू के पत्तों का रस निकालकर नाक से सूंघने से आप कुछ समय में ही सिरदर्द की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

हररोज सुबह खाली पेट एक चम्मच नींबू रस और एक चम्मच जैतून तेल का सेवन करने से आप पथरी की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

पेट के कीड़ों के लिए नींबू के पत्ते बहुत फायदेमंद है। 10 ग्राम नींबू के पत्तों का रस और 10 ग्राम शहद के मिश्रण का सेवन करने से आप 10-15 दिनों में पेट के कीड़ों से छुटकारा पा सकते हैं।

# बेड टी की आदत हो सकती है खतरनाक

**सुबह की चाय की आदत हमारे शरीर और दांतों के लिए ठीक नहीं है. आपके मुंह की साफ सफाई पर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है. ज्यादातर लोगों को सुबह उठते ही चाय पीने की लत होती है. इसे बेड टी भी कहते हैं. लोगों की ये लत काफी खतरनाक और हानीकारक होती है. सुबह की चाय की आदत हमारे शरीर और दांतों के लिए ठीक नहीं है. आपके मुंह की साफ सफाई पर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है. जरूरी है कि आप सुबह में चाय या कौफी पीने से पहले अपने दांत और मुंह साफ करें. बेड टी क्यों नहीं लेनी चाहिए इसके कुछ कारण बताएंगे हम.**



### दांतों और मसूड़ों के लिए है खतरनाक

बिना मुंह धोए चाय पीने से मुंह में मौजूद बैक्टीरिया शुगर में आ जाते हैं, इससे मुंह में एसिड लेवल बढ़ जाता है और यह इनामेल या दांतों के बाहरी आवरण को खराब कर देता है. कैवीटी पैदा होने का यह सबसे मुख्य कारण है.

### पाचन पर होता है बुरा असर

बिना मुंह धोए जब आप चाय पीती हैं तो, मुंह के सारे बैक्टीरिया पेट में पहुंचते हैं, इससे पाचन क्रिया प्रभावित होती है.

### इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है

सुबह उठते ही चाय पीने की आदत अलसर के खतरे को बढ़ा देती है. इससे पेट में सूजन हो सकती है और इससे इन्फेक्शन का खतरा हो सकता है.

### बढ़ता है एसिडिटी का लेवल

रात में सोने के बाद आपके मुंह में हजारों बैक्टीरिया पैदा होते हैं. शरीर पर इसका बुरा असर होता है. सुबह उठते ही चाय पीने से ये सारे बैक्टीरिया पेट में चले जाते हैं. इससे आपके पेट में एसिड लेवल बढ़ सकता है और कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं.

### शरीर में बढ़ता है टौक्सिन लेवल

जानकारों का मानना है कि सोने के बाद शरीर में काफी टौक्सिक पदार्थ पैदा होते हैं. उन्हें खत्म करने के लिए जागते ही एक ग्लास पानी पीना चाहिए. सुबह उठते ही चाय पीने से आपके रक्त में जहरीले पदार्थ बढ़ सकते हैं. इससे आपके लिवर, फेफड़े और किडनी को टौक्सिन के कारण खतरा हो सकता है.

# सौंदर्य निखारते हैं फूल



**क्या आपने कभी सोचा है कि अंग्रेजी की यह कहावत 'स्टॉप ऐंड स्मेल द रोज़ेस' क्यों मौजूद है? भले ही यह कहावत पुरानी हो घिसपिट गई हो या फिर ना भी हो, लेकिन इस लॉकडाउन ने हमें इतना वक्त तो दिया है कि हम फिर से इस तरह की कहावतों और अन्य तरह की चीज़ों के बारे में सोच सकें कि हमारे लिए सच में क्या महत्वपूर्ण है? आज हम बात कर रहे हैं हम सबकी ज़िंदगी में महत्व रखनेवाले फूलों की। फूलों के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि वो पहले इतने सुंदर नहीं दिखते हैं, जितना कि हमारी तारीफ़ करने के बाद दिखने लगते हैं। वैसे भी फूल, बिना किसी शक के प्रकृति की तरफ़ से सौंदर्य के लिए दिए गए बेहतरीन तोहफ़ा हैं, जिनसे हमें सौंदर्य से जुड़े कई लाभ मिलते हैं।**

### गुलाब का फूल

दुनियाभर में प्यार के प्रतीक के रूप में माना जाने वाला गुलाब, सौंदर्य उद्योग में सबसे अधिक इस्तेमाल किए जानेवाले फूलों में से एक है। आप गुलाब जल से परिचित होंगी ही, जो त्वचा को शांति प्रदान करने वाले गुणों से भरपूर होता है। गुलाब का इस्तेमाल ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में भरपूर मात्रा में किया जाता है, क्योंकि यह त्वचा और बालों को धीरे-धीरे मॉइस्चराइज़ करता है, स्किन इंफ़्लेमेशन को कम करता है, यह सेंसेटिव स्किन के लिए भी उपयुक्त होता है और इसकी ख़ूशबू भी लाजवाब होती है। पीएच लेवल को संतुलित करने की वजह से इससे मुंहासों का भी प्रभावी रूप से इलाज होता है।

### चमेली

सबसे सुगंधित फूलों में से एक, चमेली सौंदर्य लाभों का पिटारा है। कहा जाता है कि इस फूल में ऐंटी-एजिंग गुण और पूरी तरह से चेहरे पर जमी गंदगी को साफ़ करने की क्षमता पाई जाती है। इसके अलावा यह पोर्स को क्लीन करने, फ़ाइन लाइन्स को कम करने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल से आपको भीनी-भीनी ख़ूशबू भी मिलती है। ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स से भरपूर चमेली आपकी स्किन को कई तरह के प्रदूषकों से प्रोटेक्ट करती है। जब आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए करती हैं, तो यह हेयर फ़ॉलिक्स को मज़बूत करती है, जिससे बालों का टूटना कम होकर उसकी चमक बरकरार रहती है। आपके बाले घने और मज़बूत बनते हैं।

### गेंदे का फूल

जब बात स्किन ट्रीटमेंट की बात आती है, तो गेंदे का फूल नंबर वन पर आता है। सनबर्न और रैशेस का इलाज करने के साथ ही यह चेहरे के दाग़ और काले धब्बों को कम करने में प्रभावी ढंग से काम करता है। इस फूल से न्यू स्किन टिशूज़ की ग्रोथ बढ़ती है, स्किन के डैमेज्ड एरिया में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है और कोलेनज प्रोडक्शन में बढ़ोतरी होती है, जिससे आपकी स्किन सेहतमंद दिखाई देती है। मैरीगोल्ड आमंड ऑयल इस फूल के फ़ायदों को प्राप्त करने के लिए एक बेहतरीन तरीक़ा है।

## आज की रेसिपी
# ब्रेड लजानिया



**सामग्री :**

- 4-5 ब्रेड स्लाइस, 2 टेबल स्पून कॉर्न, 1/2 कप ब्रॉकली, 1/2 कप शिमला मिर्च, 1 कप टमाटर 1/2 कप प्याज, 1 टेबल स्पून चिली सॉस, 1 टी स्पून चिली फ्लेक्स, 1 टी स्पून मिक्स हर्ब्स, स्वादानुसार नमक, 2 टेबल स्पून व्हाइट सॉस, 2 टेबल स्पून रेड सॉस, 1 कप चीज, कद्दूकस, 1 तेज पत्ता, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून कालीमिर्च

**विधि :**

- एक पैन में तेल गरम करें, उसमें काली मिर्च, तेज पत्ता और कटा हुआ लहसुन डालें.
- उन्हें चटकने दें. एक बार हो जाने पर, कटा हुआ प्याज, टमाटर के बाद नमक, लाल मिर्च पाउडर, अन्य इटैलियन सीज़निंग या मिक्स हर्ब डालें.
- एक बार हो जाने के बाद, इसे एक ब्लेंडर में ब्लेंड करें और फिर इसमें चिली सॉस और टोमैटो केचप डालें.
- अब ब्रेड के 3-4 स्लाइस लें, उन्हें बेलन की मदद से बेल लें. इसे एक तरफ रख दें.
- इस बीच, कुछ सब्जियों को फ्राई कर लें.
- एक बड़ा कंटेनर लें, तैयार रेड सॉस डालें, व्हाइट सॉस डालें और फिर कुछ ब्रेड में रखें और ब्रेड के ऊपर सॉस फैलाना दोहराएं.
- एक बार हो जाने के बाद, सब्जियां डालें और इसके बाद बड़ी मात्रा में चीज डालें.
- उसके बाद, दोनों सॉस को फिर से फैलाएं और और चीज डालें, इसे ओवन के अंदर 180 डिग्री पर लगभग 10-12 मिनट के लिए रख दें.

# मेथी दाने के मास्क से रोकें झड़ते बाल



सुंदर काले घने, चमकते और मजबूत बालों की चाहत किसे नहीं होती, लेकिन धूल, मिट्टी, पॉल्यूशनका असर इन पर पड़ता है और ये कमजोर होकर झड़ने लगते हैं। बालों को सेहतमंद रखने के लिए लाख जतन हम करते हैं, लेकिन समस्याएं हैं कि खत्म नहीं होती। ऐसा है तो बालों की समस्याओं से निपटने के लिए एक बार मेथी दाने का इस्तेमाल करके देखें। विश्वास करिए ये बालों को सेहतमंद बनाने में बेहद कारगर है। इसका मास्क तो बेजान बालों में जान फूंक देता है। यह बालों को झड़ने से ही नहीं रोकता बल्कि सिल्की भी बनाता है। यहां हम आपको मेथी दाने से बने हेयर मास्क के बारे में बताने जा रहे हैं। मेथी दाना है कमाल बालों को झड़ने से रोकने के लिए मेथी दाना लाजवाब है। मेथी पोटेशियम से भरपूर होती है। इसे खाने बालों की हर तरह की परेशानी से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। औषधीय गुणों वाली मेथी बालों के पोषण में भी अहम भूमिका निभाती है। इससे बाल स्वस्थ और मजबूत रहते हैं। इससे बना हेयर मास्क लगाने से हेयर फॉल, सफेद बाल और रूसी जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

### मेथी दाने से धोएं बाल

बालों को मजबूत और सेहतमंद रखना है तो हफ्ते में दो बार मेथी दाने के पानी से बाल धोएं। इसके लिए रात भर मेथी दाने को पानी में भिगोकर रखें। बाल धोने के लिए सुबह इसे इस्तेमाल में लाएं। अगर बाल रूखे और बेजान हो गए हैं तो परेशान न हो, इसके लिए भी मेथी के बीज हैं। आपको इन्हें पीसकर नारियल या बादाम के तेल में मिलाना है और फिर इसे बालों में लगा लेना है। इन बीजों में विटामिन ए, के, सी, आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड होता। इससे रूसी दूर होती है और बालों को मजबूती मिलती है।

### मेथी दाने का हेयर मास्क

- रूसी से बचने के लिए मास्क बनाने के लिए मेथी को रात में भिगा लें और सुबह इसे पीसकर इसमें नींबू का रस मिलाकर बालों पर लगाएं। इसके साख मेथी की पत्तियों को उबालकर उसका जूस निकाल लें और इसमें थोड़ा सा दही मिलाकर बालों के लिए इस्तेमाल में ला सकते हैं।
- बाल सफेद होने पर मेथी दाने के पाउडर में आंवला पाउडर नींबू का रस मिलाकर लगाएं और सूखने पर धो दें। मेथी दाने के पाउडर में दूध मिलाकर बालों में इसका इस्तेमाल कंडीशनर की तरह कर सकते हैं।
- मेथी को रात में भिगोकर सुबह इसे पीस लें और सिर पर लगाएं और 45 मिनट बाद धो लें।
- झड़ते बालों के लिए नारियल तेल में नींबू का रस मिलाएं और इसे रात भर भिगाकर रखी गई दो चम्मच मेथी के पेस्ट के साथ बालों की जड़ में लगाएं। 20 मिनट तक इसे लगा रहने दे और शैंपू करने से पहले मसाज करें।